



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 139 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.5, 2079 मंगलवार, 2 अगस्त 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये


## मंकीपॉक्स से और मौतें हो सकती हैं : डब्ल्यूएचओ

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारत सहित अफ्रीका के बाहर मंकीपॉक्स से चार मौतों के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि इस संक्रामक बीमारी से और अधिक मौतें होने की संभावना है।

डब्ल्यूएचओ यूरोप के वरिष्ठ आपातकालीन अधिकारी कैथरीन स्मॉलवुड ने एक बयान में कहा, लगातार बढ़ रहे मंकीपॉक्स के मामलों को देखते हुए और अधिक मौतें होने का अंदेशा है। स्मॉलवुड ने जोर देकर कहा कि इस प्रकोप को रोकना होना चाहिए। हालांकि, स्मॉलवुड ने जोर देकर कहा कि ज्यादातर मामलों में यह बीमारी इलाज के बिना ही ठीक हो जाती है। >12

# राउत को 4 दिन की ईडी कस्टडी



मुंबई, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पात्रा चाल भूमि घोटाला मामले में कोर्ट ने शिवसेना सांसद संजय राउत को प्रवर्तन निदेशालय की चार दिन की कस्टडी में भेजा है। जज ने कहा, अब तक की जांच और उसमे मिले तथ्यों को देखते हुए मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि आरोपी की हिरासत जरूरी है, लेकिन मैं 8 दिन की हिरासत देने के लिए सहमत नही हूं। इसलिए आरोपी को 4 दिन की ईडी हिरासत दी जाती है। राउत को ईडी कस्टडी में घर का खाना और दवाई की इजाजत दी गई है। कोर्ट ने कहा कि शिवसेना नेता की बीमारी को देखते हुए जरूरत पड़ने पर जरूरी इलाज और पूछताछ के समय का भी ख्याल रखना है।

गौरतलब है कि ईडी ने पतरा चॉल घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में राउत की 8 दिन की हिरासत कोर्ट से मांगी थी। राउत को लंबी पूछताछ के बाद रविवार देर रात गिरफ्तार किया गया था। पतरा चाल केस रिडेवलपमेंट में प्रवीण राउत, जो गुरु आशीष कंपनी का एक डायरेक्टर था। ने कोई भी पैसा नही लगाया था। लेकिन से 112 करोड़ मिले थे। जांच में पता चला कि उसमें 1 करोड़ 6 लाख रुपया संजय राउत और वर्षा राउत के अकाउंट में ट्रांसफर किया गया था। जांच में पता चला कि संजय राउत और उनका परिवार 1 करोड़ 6 लाख रुपये का लाभार्थी रहा है। ईडी के वकील हितेन वेनेगांवकर ने कहा, जांच में पता चला कि उस पैसे से अलीबाग में किहिम बीच पर जमीन लिया था एक जगह स्वप्ना पाटकर के नाम ली गई थी।

जांच में पता चला कि प्रवीण संजय राउत का फ्रंट मैन था। संजय राउत को 3 बार समन किया गया था। एक बार ही वो हाजिर रहे, लेकिन 2 समन पर वो नही आए। उस दौरान उन्होंने अहम गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की गई। प्रवीण राउत ने संजय राउत की विदेश यात्रा को फाइनेंस किया था। उस दौरान प्रवीण राउत के अकाउंट से संजय राउत को 2 लाख रुपये हर महीने जाते थे। ( 2010 से 2011) तक। ईडी ने 8 दिन की रिमांड मांगी। अब सीनियर काउंसिल अशोक मुंदर्गी राउत की तरफ से जिरह कर रहे हैं। अशोक ने कहा, ये राजनीतिक बदला है इसे ज्यादा कुछ नहीं। मेरा क्लाइंट राजनेता है और मुख्य पार्टी को ऑर्डिनेटर है। हाल में कई चुनाव हुए हैं। इसलिए उन्होंने जांच में बाद में शामिल होने की बात कही थी। इसका ये मतलब नहीं कि वो जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे।

वो राज्यसभा सदस्य हैं और सदन में हिस्सा ले रहे थे। कहीं भागे नही थे। संजय राऊत के वकील ने कहा कि वो दिल के मरीज हैं इसलिए देर रात तक पुछ ताछ ना की जाए। प्रवर्तन निदेशालय ने इस पर कहा, हम सामान्यतया रात 10 बजे तक पूछताछ करते हैं।

# एनटीआर की बेटी ने किया सुसाइड

## घर पर पंखे से लटकी मिली बॉडी, आंध्र के पूर्व सीएम चंद्रबाबू की साली थीं उमा




हैदराबाद, 1 अगस्त (एजेंसियां)। तेलुगु देशम पार्टी टीडीपी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव (एनटीआर) की बेटी उमा माहेश्वरी ने सोमवार को सुसाइड कर लिया। वे 52 साल की थीं। उनका शव हैदराबाद के जुबली हिल्स इलाके में उनके घर पर पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए उस्मानिया हॉस्पिटल भेज दिया है।

खबर मिलते ही आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायुडू और उनके बेटे नारा लोकेश तुरत उमा के घर पहुंचे। उमा चंद्रबाबू की साली थीं। चंद्रबाबू की शादी एनटीआर की एक अन्य बेटी नारा भुवनेश्वरी से हुई है।

**खराब सेहत से जूझ रही थीं उमा माहेश्वरी :**

एसीपी एम सुदर्शन के मुताबिक उमा माहेश्वरी कुछ बीमारियों से जूझ रही थीं। पिछले कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था। सोमवार को वह अपने बेडरूम में पंखे से लटकी मिलीं। पुलिस को आशंका है कि खराब सेहत के कारण ही वे डिप्रेशन में चली गईं थीं। इसी वजह से उन्होंने सुसाइड किया। उमा माहेश्वरी के जीवन कष्टकारी रहा, उन्होंने पहले नरेंद्र राजन से शादी की थी। लेकिन उस वक्त उसका किसी और लड़की से अफेयर चल रहा था।

इतना ही नहीं वह उमा से मारपीट भी करता था। एनटीआर को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने नरेंद्र को चेतावनी भी दी, लेकिन फिर भी उसका व्यवहार नहीं बदला। इसके बाद एनटीआर ने उमा को नरेंद्र से तलाक दिलवाया और उनकी दूसरी शादी कृष्णा जिले के कंठमनेनी श्रीनिवास प्रसाद से कर दी।

**दामाद चंद्रबाबू ने ही किया था टीडीपी में विद्रोह :**

एनटीआर ने 1982 में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) की स्थापना की थी। उन्होंने तेलुगु लोगों के आत्मसम्मान का नारा दिया था। 9 महीने के भीतर ही चुनाव हुए थे और एनटीआर की पार्टी सत्ता में आई थी। तब अविभाजित आंध्र में कांग्रेस शासन खत्म हुआ था। एनटीआर की 1996 में 72 साल की उम्र में मृत्यु हो गई। यह घटना उनकी पार्टी में विद्रोह के कुछ महीनों बाद हुई थी। यह विद्रोह उनके दामाद चंद्रबाबू नायुडू ने ही किया था और एनटीआर से शक्तियां छीन ली थीं।

## विपक्षी सांसदों का निलंबन खत्म

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्षी सांसदों के निलंबन को हटाने का प्रस्ताव पारित हो गया है। सांसदों का निलंबन निरस्त कर दिया गया है। स्पीकर ओम बिड़ला ने सांसदों को चेतावनी दी है कि अब सदन में तख्तियां लहराईं तो सख्त एक्शन होगा। सदन में अब बढ़ती महंगाई को लेकर चर्चा शुरू होगी। राज्यसभा में भारतीय अंटार्कटिक बिल, 2022 पारित हो गया है। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही को मंगलवार 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया है। मानसून सत्र का 11वां दिन हंगामेदार रहा। सोमवार को दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही समय बाद विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा को 12 बजे तक स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही दोबारा दोपहर 12 बजे शुरू हुई। इसके बाद निलंबित सांसदों की बहाली को लेकर हंगामा हुआ और लोकसभा को 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में भी ईडी की कार्रवाई को लेकर हंगामा और नारेबाजी की गई। इसके बाद राज्यसभा को भी 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस के सांसद शिवसेना सांसद संजय राउत की ईडी की ओर से गिरफ्तारी, सरकार के केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरूपयोग और मौजूदा सत्र से अपने चार लोकसभा सांसदों के निलंबन के मुद्दे को लेकर हंगामा किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, हम ईडी के दुरूपयोग को लेकर चिंता में हैं। सरकारी संस्थाओं का काम राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, >12

## हिंदूवादी संगठन ने किया ताजमहल में रुद्राभिषेक करने का एलान, पदाधिकारी घर में नजरबंद

आगरा, 1 अगस्त (एजेंसियां)। आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने सावन के तीसरे सोमवार पर ताजमहल में रुद्राभिषेक करने का एलान किया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। पुलिस ने संगठन के पदाधिकारियों को घर में नजरबंद कर दिया। इस संबंध में सीओ सदर अर्चना सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा ताजमहल में रुद्राभिषेक करने के एलान पर यह कार्रवाई की गई है।

संगठन से जुड़े लोगों की निगरानी की जा रही है। नियम विरूद्ध कोई भी कार्य नहीं होने दिया जाएगा। अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने ताजमहल को तेजोमहालय बताते हुए घोषणा की थी कि वे लोग सोमवार को ताजमहल पर परिक्रमा करने के बाद रुद्राभिषेक करेंगे। इस पर पुलिस सुबह ही पदाधिकारियों के घर पहुंच गई। संगठन की पदाधिकारी मीना दिवाकर और जितेंद्र कुशवाह को घर में नजरबंद किया गया। वहीं, ताजगंज क्षेत्र में हिंदूवादी नेता अवतार सिंह गिल को भी नजरबंद कर दिया। पुलिस दोपहर तक संगठन के पदाधिकारियों को नजरबंद करने में जुटी रही।

## भारतीय युवा कांग्रेस ने जीएसटी पर केंद्र सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। देश भर में जीएसटी की दरो कों लेकर भारतीय युवा कांग्रेस ने आज केंद्र सरकार के खिलाफ शास्त्री भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है। युवा कांग्रेस के कार्यकतार्ओं ने कहा, सरकार ने जनता को बहुत बड़ा गिफ्ट दिया है, कई खाद्य सामग्रियों पर जीएसटी की दरें बढ़ा दी।

इस मसले पर सैंकड़ो कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और हाथों में तख्ती लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि, केंद्र सरकार गब्बर सिंह टैक्स का प्रहार जनता पर बंद करे और जल्द से जल्द नीतियों में सुधार कर जनता को राहत पहुंचाने का कार्य करे।

इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि, गब्बर सिंह टैक्स का प्रहार से जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है। दही, पनीर, लस्सी जैसे उत्पादों पर भी टैक्स वसूली कर मोदी सरकार ने बता दिया, उसका लक्ष्य सिर्फ लूट है, राहत पहुंचाना नहीं। न खाऊंगा, न खाने दूंगा, फिर वो चाहे हो गेहूं और चावल, चाहे हो अन्य अनाज। मोदी सरकार द्वारा 5 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला लूटनीति का हिस्सा है।

## पश्चिम बंगाल में 10 कांवड़ियों की मौत

### जनरेटर के तार से पिकअप में दौड़ा करंट जल चढ़ाने जा रहे थे, 16 झुलसे

कोलकाता, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में पिकअप में करंट आ जाने से 10 कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि 16 बुरी तरह झुलस गए। इन्हें इलाज के लिए जलपाईगुड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा देर रात मेखलीगंज थाना क्षेत्र के धारला ब्रिज पर हुआ। 27 कांवड़िये पिकअप पर बैठकर जलपेश के शिव मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि पिकअप के पीछे ही डीजे बज रहा था। जनरेटर के वायर में शॉर्ट सर्किट होने से पिकअप में करंट पहुंच गया।

**करंट का झटका लगते ही भाग निकला ड्राइवर :**

पिकअप में करंट आते ही ड्राइवर भाग निकला। वह करंट की चपेट में नहीं आया था। सीताकुची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। हादसा इतना दर्दनाक था कि एक झटके में 10 कांवड़ियों की मौत हो गई। वे एक-एक कर पिकअप से नीचे गिरे।

जब तक लोग कुछ समझ पाते, हादसा हो चुका था। घायल कांवड़ियों की हालत ठीक बताई जा रही है। माताभंगा के एएसपी अमित वर्मा के मुताबिक, रविवार रात करीब 12 बजे हादसा हुआ। पिकअप जलपेश जा रहा था। हादसे में घायल हुए कांवड़ियों को पहले पास के चंगरबंधा अस्पताल ले जाया गया था, यहां से 16 की हालत गंभीर होने पर जलपाईगुड़ी के अस्पताल रेफर किया गया। सभी लोग सीतलकुची थाना एरिया के रहने वाले हैं। एएसपी ने बताया कि ड्राइवर को ढूंढ़ा जा रहा है, ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके। अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा रहा है।

## जबलपुर के प्राइवेट अस्पताल में आग, 8 की मौत, 8 गंभीर, 35 लोग मौजूद थे

जबलपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के जबलपुर में सोमवार को एक निजी अस्पताल में आग लग गई। आग से तीन मंजिला बिल्डिंग लगभग पूरी तरह जल गई। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 8 की हालत गंभीर है, इनमें से दो लोग आईसीयू में हैं। मरने वालों में अस्पताल के 4 स्टाफ सदस्य भी हैं, जिनमें से तीन के नाम सामने आए हैं। हादसे के वक्त 35 लोग अस्पताल में मौजूद थे। मौतों का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

स्थानीय प्रशासन के मुताबिक जबलपुर के विजय नगर स्थित न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के एंट्रेस पॉइंट पर दोपहर करीब पौने तीन बजे जनरेटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में तीन मंजिला बिल्डिंग पूरी तरह जल गई।

बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर पर ज्यादा लोगों की मौत हुई है। घायलों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद मरीजों को बचाने के दौरान कुछ लोग अंदर गए जो बाहर नहीं निकल सके। लपटें इतनी तेज थीं कि कमरे में फंसे लोगों को बाहर निकालना बेहद मुश्किल हो गया। कुछ लोगों को खिड़की और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला गया।

## तृणमूल सांसद काकोली घोष ने संसद में खाया कच्चा बैगन



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। महंगाई के मुद्दे पर चर्चा के दौरान तृणमूल कांग्रेस की एक सांसद ने सोमवार को लोकसभा में खड़े होकर पहले एक कच्चा बैगन दिखाया और फिर उसमें से एक बाइट काट लिया। काकोली घोष ने कहा, मैं मूल्य वृद्धि पर बहस की अनुमति देने के लिए अध्यक्ष को धन्यवाद देती हूं। हालांकि उन्होंने कहा कि इस पर बहस होने में भी लंबा समय लगा है। काकोली घोष ने कहा, क्या सरकार चाहती है कि हम कच्ची सब्जियां खाएं, फिर उन्होंने एक बैगन दिखाया। यह बताने के लिए कि उनका मतलब है कि रसोई गैस इतनी महंगी है कि खरीदना मुश्किल हो रहा है।

उन्होंने कहा, पिछले कुछ महीनों में रसोई गैस सिलेंडर के दाम चार बार बढ़ाए गए हैं। 600 रुपये से यह अब 1,100 रुपये का हो गया है। सांसद ने कहा कि सिलेंडर की कीमत को कम किया जाना चाहिए।

जुलाई में रसोई गैस की कीमत में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, जो पिछले एक साल में दरों में आठवीं वृद्धि है। गैर-सब्सिडी वाले एलपीजी की कीमत अब राष्ट्रीय राजधानी में 1,053 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर है।

उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन पाने वाले गरीब लाभार्थियों को सरकार द्वारा सब्सिडी प्रतिबंधित किए जाने के बाद आम परिवार रसोई गैस के लिए गैर-सब्सिडी दरों का भुगतान करते हैं।

कांग्रेस के चार सांसदों के निलंबन और लगातार व्यवधानों के कारण दो बार स्थगित करने के बाद लोकसभा में आज महंगाई पर बहस शुरू हुई। कांग्रेस सांसदों का निलंबन भी रद्द कर दिया गया है।

# मोदी सरकार के निशाने पर सोशल मीडिया

### वाट्सएप और ट्विटर पर अब आक्रामक तेवर



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय फिल्म निर्माता संदीप रवींद्रनाथ ने मई में यूट्यूब पर एक वीडियो पोस्ट किया था। 'कश्मीर के लिए गान' नाम का ये नौ मिनट का वीडियो एक युवा राजनीतिक कार्यकर्ता के बारे में है जिसे अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।

जून के अंत में, यूट्यूब ने रवींद्रनाथ को एक नोट भेजा जिसमें कहा गया था कि एक सरकारी संस्था ने फिल्म के बारे में शिकायत की है। नोट में कहा गया कि सरकारी नोटिस का ब्योरा गोपनीय है इसलिए वो ज्यादा इस पर बात नहीं करेंगे लेकिन कंपनी देश में 'कश्मीर के लिए गान' को ऑफलाइन करने का फैसला ले रही है। फिल्म निर्माता हैरान नहीं था। उन्होंने कहा, लोगों को सिर्फ फेसबुक पोस्ट के लिए जेल में डाल दिया गया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार साइबर अपराधों को जड़ से खत्म करने के बारे में और अधिक आक्रामक हो गई है और इस तरह के पोस्ट को सोशल मीडिया पर (फर्जी समाचार) के नाम से पुकारती है। 2021 में जारी किए गए नियम के साथ भारतीय कानून के तहत इस तरह के सामग्री को हटाने के अनुरोधों का पालन नहीं करने वाली कंपनियों के अधिकारियों को जेल भी हो सकती है।

इस साल दो भारतीय पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है। सरकार ने सार्वजनिक सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के व्हाट्सएप को कुछ एन्क्रिप्टेड चैट के बारे में जानकारी देने के लिए भी कदम बढ़ाया है। निस्संदेह बढ़ते इंटरनेट बेस की बजह से पिछले कुछ दिनों में सरकार की चिंता बढ़ी है। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि हाल के कदम केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति पर नकेल कसने का एक बहाना मात्र है। नागरिक अधिकार समूह के एशिया नीति निदेशक रमन जीत सिंह चीमा कहते हैं, इंटरनेट को नियंत्रित करने के लिए करीबन एक दशक पहले पिछली सरकार के दौरान भारत का पहला नियम तब वजूद में आया था जब एक आतंकवादी हमला हुआ था। बहरहाल अभी भी जो नियम-कानून हैं वो अन्य बड़े लोकतंत्रों के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, यह अमेरिकी सोशल मीडिया दिग्गजों के लिए गंभीर कठिनाइयां पैदा करता है। बता दें कि इन कंपनियों के लिए भारत एक महत्वपूर्ण बाजार है और अब वे अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं।

व्हाट्सएप ने सूचनाओं को चालू करने की आवश्यकताओं के जवाब में मुकदमा दायर किया। ट्विटर इंक ने पीएम मोदी की भारतीय जनता पार्टी के राजनेताओं के अभद्र भाषा वाले पोस्ट को हटा दिया है।

सरकार ने भी बहुत सारे ट्वीट और खातों को हटाने का ट्विटर से अनुरोध किया। इतना ही नहीं नई दिल्ली में ट्विटर के कार्यालय पर छापा भी मारा गया है। जुलाई की शुरूआत में, ट्विटर ने खातों को हटाने के आदेशों को चुनौती देने के लिए अदालत में एक याचिका दायर की। भारत में यूट्यूब यूजर्स की संख्या काफी अधिक है। हालिया आंकड़ा 325 मिलियन मासिक दर्शक था।

## गोवा बार केस में हाईकोर्ट का कांग्रेस नेताओं को समन

### कोर्ट ने कहा, रेस्टोरेंट की मालिक स्मृति और उनकी बेटी नहीं, बयानबाजी जानबूझकर की गई

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। गोवा बार केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा और नेट्टा डिसूजा को समन भेजा। कोर्ट ने कहा कि बिना तथ्यों की जांच किए कांग्रेस नेताओं ने बयानबाजी की। इससे केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, उनकी बेटी जोइश ईरानी और परिवार को नुकसान पहुंचा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया था कि स्मृति की बेटी का गोवा में बार है। इसका लाइसेंस अवैध है। स्मृति ने इन आरोपों के बाद दिल्ली हाईकोर्ट में 2 करोड़ की मानहानि का केस दाखिल किया। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि न तो जमीन स्मृति और उनकी बेटी की है और न ही रेस्टोरेंट। इन लोगों ने कभी भी लाइसेंस के लिए अप्लाई नहीं किया था। स्मृति की छवि बिगाड़ने के लिए उनके खिलाफ बयानबाजी की गई। ये टिप्पणियां जानबूझकर की गई थीं। 26 जुलाई को भी हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की थी। अदालत ने तब कहा था कि जोइश पर आरोप लगाने वाले सभी ट्वीट डिलीट करें। कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर 24 घंटे के भीतर आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ये कंटेंट हटा दे।

**कांग्रेस ने कहा था, जिसके नाम से लाइसेंस लिया, उसकी मौत हो चुकी :**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि स्मृति ईरानी की बेटी जोइश ईरानी गोवा में सिली सोल्स कैफे एंड बार नाम से जो रेस्टोरेंट चलाती हैं, उसका लाइसेंस अवैध है। इसके मालिकों ने शराब के लाइसेंस को जिसके नाम से रिन्यू कराया, उसकी 13 महीने पहले मौत हो चुकी है। इस संबंध में वकील एरेज रोड्रिग्ज ने शिकायत की थी।

# राहुल गांधी ने ड्रग्स की बरामदगी पर भाजपा को घेरा

### क्या विधानसभा चुनाव में नशा बनेगा बड़ा मुद्दा?



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। राहुल गांधी ने गुजरात में बड़ी मात्रा में पकड़ी जा रही नशे की खेप पर भाजपा पर हमला किया है। उन्होंने कहा है कि गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर लगातार भारी मात्रा में ड्रग्स की खेप बरामद की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी इस पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। उन्होंने इस मामले में गुजरात सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। इसी साल के अंत में गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। राहुल गांधी के रुख को देखकर माना जा रहा है कि कांग्रेस गुजरात विधानसभा चुनाव में नशे को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर सकती है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा से बेहद मामूली अंतर से पिछड़ने वाली कांग्रेस इस चुनाव को जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाएगी।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने ड्रग्स का मुद्दा ऐसे समय में उठाया है, जब पिछले सप्ताह में ही राज्य में ही जहरीली शराब पीने से 42 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। राहुल गांधी के मुताबिक सितंबर 2021 में इसी पोर्ट पर 3000 किलो, मई 2022 में 56 किलो और जुलाई 2022 में 75 किलो ड्रग्स पकड़ी गई थी। शराब के इन खेपों की कुल कीमत लगभग 3,000 करोड़ रुपये बताई गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने भाजपा को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि राज्य सरकार के मंत्री और विधायक ड्रग्स के नशीले कारोबार में लिप्त हैं जिसके कारण इस तरह की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। राहुल गांधी ने बेहद तल्ख अंदाज में कहा है कि भाजपा को बताना चाहिए कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार में बैठे वे कौन लोग हैं जो ड्रग्स माफिया को संरक्षण दे रहे हैं। एक ही पोर्ट से बारबार ड्रग्स की बरामदगी के बाद भी इस पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है। उन्होंने पूछा है कि गुजरात को नशे के दलदल में क्यों धकेला जा रहा है? राहुल को इस मुद्दे पर अपनी बहन प्रियंका गांधी का भी पूरा-पूरा साथ मिला है। प्रियंका गांधी ने भी ट्विटर पर सवाल किया है कि गुजरात में ड्रग्स की बरामदगी के मामले में सरकारी एजेंसियां सन्नाटे में क्यों हैं। उन्होंने पूछा है कि राज्य में ड्रग्स माफिया इतने खुलेआम ये अवैध कारोबार कैसे कर पा रहे हैं?

**भाजपा पर कैसे पड़ सकता है असर :**

दरअसल, ड्रग्स और नशीले पदार्थों के सेवन का सबसे ज्यादा नकारात्मक असर गुजरात के सूरत शहर और आसपास के क्षेत्रों में पड़ा है। यहां नकली शराब के सेवन के कारण सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में भी युवा नशे की गिरफ्त में हैं। इससे लोगों के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। सूरत क्षेत्र भाजपा का प्रभाव वाली इलाका माना जाता है। यहां यूपी-बिहार से आये श्रमिकों की बहुलता है और उनके बीच अब तक भाजपा की मजबूत पकड़ मानी जाती है। भाजपा को सबसे ज्यादा समर्थन इसी इलाके से मिलता रहा है। लेकिन शराब के कारण प्रवासी श्रमिकों की भारी संख्या में मौत हुई है। इससे लोगों में नाराजगी है। माना जा रहा है कि इससे भाजपा को नुकसान हो सकता है।

चूंकि आम आदमी पार्टी लगातार इसी इलाके में मजबूत हो रही है और वह नकली शराब से हो रही मौतों को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है, माना जा रहा है कि चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बन सकता है।




# चार साल से सुपरएक्टिव ईडी

## राहुल-सोनिया पूछताछ से लेकर केजरीवाल-ममता के गढ़ तक में सेंध, जो सीबीआई न कर सकी ईडी ने कर दिखाया




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा के शासनकाल में ज्यादातर जांच पड़ताल की कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ही कर रहा है, जबकि इससे पहले होने वाले बड़े-बड़े घोटालों की छानबीन या छापेमारी में हर जगह सीबीआई ही नजर आती थी। तो ऐसा क्या हुआ कि मनमोहन के शासनकाल तक एक्टिव रहने वाली सीबीआई पिछले 4 वर्षों में बैकग्राउंड में चली गई है और उसकी जगह ईडी ने ले ली।

**9 राज्यों ने सीबीआई की एंट्री बैन की**

कोलकाता के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर रहे आईपीएस राजीव कुमार के समर्थन में सीएम ममता बनर्जी ने न केवल धरना प्रदर्शन किया, बल्कि सीबीआई की एंट्री राज्य में बैन करवा दी। इसके बाद आठ राज्यों ने ममता का अनुसरण किया। यूपीए शासनकाल तक सीबीआई ही देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी मानी जाती थी। केंद्र में बीजेपी सरकार बनने के बाद जब इसी सीबीआई ने गैर भाजपा शासित राज्यों में कार्रवाई करनी चाही तो ये राज्य लामबंद हो गए। देखते ही देखते राजस्थान, पश्चिम बंगाल, केरल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब, मेघालय और मिजोरम की गैर भाजपा सरकारों ने एक के बाद एक अपने प्रदेश में सीबीआई की एंट्री पर रोक लगा दी, मतलब बिना राज्य सरकार की इजाजत के सीबीआई राज्य में जांच पड़ताल नहीं कर सकती। सबसे ताजा मेघालय राज्य ने सीबीआई की एंट्री पर बैन लगाया है।

9 राज्यों में सीबीआई की एंट्री बैन होने से मजबूरन केंद्र सरकार को आर्थिक अपराध की छानबीन से जुड़ी दूसरी बड़ी जांच एजेंसी यानी ईडी को सक्रिय करना पड़ा। यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत एक विशेष वित्तीय जांच एजेंसी है। पिछले तीन से चार साल में ईडी का दायरा इतना अधिक बढ़ गया है कि हर बड़े घोटाले का खुलासा अब ईडी ही कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी पीएमएलए के तहत ईडी की गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती से जुड़ी शक्तियों को कायम रखा है। कोर्ट ने साफ कहा है कि गिरफ्तारी के लिए ईडी को आधार बताना जरूरी नहीं है।

**ईडी को सुपर पावर बनाता है पीएमएलए**

प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 में बना था। यह कानून 2005 में अमल में आया। पीएमएलए (संशोधन) अधिनियम, 2012 ने अपराधों की सूची का दायरा बढ़ाया। इनमें धन छुपाने, अधिग्रहण और धन के आपराधिक कामों में इस्तेमाल को शामिल किया गया। इस संशोधन की बदौलत ईडी को विशेषाधिकार मिले। वहीं मनी लॉन्ड्रिंग का मतलब पैसों की हेराफेरी है। यह अवैध तरीके से कमाई गई ब्लैक मनी को वाइट मनी में बदलने की तरकीब है। ये ज्यादातर मामले वित्तीय घोटाले के होते हैं। एक्ट की अनुसूची के भाग ए में शामिल प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट ईडी को राजनीतिक घोटालों पर कार्रवाई का अधिकार देता है।

**ईडी के पास विशेष अधिकार**

यह एक्ट प्रवर्तन निदेशालय को जब्ती, मुकदमा शुरू करने, गिरफ्तारी, जांच और तलाशी की शक्ति देता है। आरोपी व्यक्ति पर जिम्मेदारी होती है कि वह अपने को निर्दोष साबित करने के लिए सबूत दे। ईडी पर आरोप लगता है कि इस एक्ट के कड़े प्रावधानों, जैसे कि जमानत की कड़ी शर्तें, गिरफ्तारी के आधारों की सूचना न देना, ईसीआईआर (एफआईआर जैसी) कॉपी दिए बिना अरेस्टिंग, मनी लॉन्ड्रिंग की व्यापक परिभाषा, जांच के दौरान आरोपी की ओर से दिए गए बयान ट्रायल में बतौर सबूत मानने आदि, का एजेंसी दुरुपयोग करती है। पीएमएलए के सेक्शन 3, 5, 18, 19, 24 और 45 ईडी को सुपरपावर बनाते हैं।

**ईडी की कार्रवाई पर हंगामा क्यों मचा**

सियासी मामलों में ईडी की कार्रवाई से हंगामा मचा हुआ है। राजनीतिक दल अपने जनाधार का फायदा उठाने की भरसक कोशिश करते हैं। इसके लिए दिग्गज नेता कार्यकर्ताओं, प्रवक्ताओं और अपनी मशीनरी के जरिये मीडिया में खुद को विक्टिम की तरह पेश करते हैं और सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश करते हैं।

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ से लेकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के मंत्री तक की गिरफ्तारी ईडी कर रही है।

कांग्रेस, टीएमसी सहित तमाम विपक्षी दलों का आरोप है कि भाजपा सरकार राजनीतिक विरोधियों को निशाने पर लेने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

**ईडी ने ही की सोनिया-राहुल से पूछताछ**

नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने इसी साल जून में राहुल गांधी से कई बार पूछताछ की थी और अब जुलाई में वह इसी केस में सोनिया से पूछताछ कर रही है

**ईडी ने ममता को भी कराया खामोश**

बुधवार को हुई कार्रवाई में अर्पिता के घर से 500 और 2000 के नोटों के बंडल मिले। गिनती के बाद यह रकम 27.9 करोड़ बताई जा रही है।



# झारखंड हाईकोर्ट का वकील 50 लाख के साथ अरेस्ट

## कारोबारी से याचिका वापस लेने के बदले 10 करोड़ मांगने का आरोप

रांची, 1 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट के वकील राजीव कुमार को रविवार की देर शाम कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जनहित याचिकाओं के कारण चर्चा में रहने वाले राजीव कुमार को कोलकाता में एक मॉल से हेयर स्ट्रीट थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है। राजीव कुमार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के एक केस में पैरवी के लिए कोलकाता गये थे, तभी उन्हें गिरफ्तार किया गया।

खबर है कि कोलकाता पुलिस ने राजीव कुमार के पास से 50 लाख रुपए कैश बरामद किए हैं। उन्होंने कोलकाता के एक व्यवसायी के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका यानी पीआईएल दायर की थी। आरोप है कि वे इसी पीआईएलको वापस लेने के लिए 10 करोड़ रुपए मांग रहे थे। कुमार की गिरफ्तारी के समय

### कोलकाता में हुई गिरफ्तारी




**याचिका दाखिल की**

राजीव कुमार की गिरफ्तारी के बाद उनके पिता ने झारखंड हाईकोर्ट में हेबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका फाइल की है। इसमें कुमार को कोर्ट के सामने हाजिर करने की मांग की गई है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कथित शेल कंपनियों और खनन लीज मामले में दाखिल हुई पीआईएल की पैरवी कर रहे हैं। खूंटी के मनरेगा घोटाले की पीआईएल में भी याचिकाकर्ता के वकील वही हैं। इतना ही नहीं, 10 जून को राजधानी रांची में हुई हिंसा मामले में याचिका लगाने वाले पंकज कुमार के वकील भी वही हैं।

**झारखंड हाईकोर्ट के वकीलों ने प्रदर्शन किया**

झारखंड हाईकोर्ट के वकीलों ने सोमवार को राजीव कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया। एडवोकेट एसोसिएशन की आपात बैठक में खुद को न्यायिक कार्य से अलग रखने का फैसला भी हुआ, जिसके बाद एक तरह से काम बंदी है।

**रांची पुलिस ने कुमार की गिरफ्तारी से पल्ला झाड़ा**

कुमार की कोलकाता में हुई गिरफ्तारी से रांची पुलिस ने पल्ला झाड़ लिया है। रांची के सिटी एसपी अंशुमान कुमार ने कहा कि इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस ने इसे लेकर प्रेस रिलीज भी जारी की है, जिसमें साफ किया गया है कि रांची में कुमार के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है।

# रेप का झूठा केस करने पर समाज सेवा की सजा

### दिल्ली हाईकोर्ट ने महिला को दो महीने तक ब्लाइंड स्कूल में काम करने कहा

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रेप का झूठा केस दर्ज करने की अनोखी सजा सुनाई। कोर्ट ने इस महिला को दो महीने तक हफ्ते के 5 दिन, रोज 3 घंटे के लिए ब्लाइंड स्कूल में सोशल सर्विस करने का आदेश दिया है। मामला तब सामने आया जब आरोपी और शिकायतकर्ता महिला के बीच समझौता हो गया और आरोपी ने एफआईआर रद्द करने कोर्ट में अपील की।

कोर्ट ने रेप एफआईआर रद्द करते हुए कहा कि महिला का परिवार और बच्चे भी हैं। इसलिए उसे सोशल समाज सेवा की सजा दी जाती है। वहीं आरोपी को भी 50 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया। कोर्ट में दिए गए समझौता पत्र के मुताबिक महिला ने यह कबूल किया था कि आरोपी ने कभी भी उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध नहीं बनाए थे। महिला का आरोपी के साथ धन का विवाद चल रहा था, जिसके कारण वह परेशान थी और कुछ लोगों की गलत सलाह मानकर उसने एफआईआर दर्ज करा दी थी।

**50 पौधे लगाने और 5 साल तक देखभाल करने का आदेश**

जस्टिस जसमीत सिंह की सिंगल जज बेंच ने कहा कि एफआईआर में लिखे आरोप और समझौता पत्र में लिखी बातें पूरी तरह अलग हैं। महिला ने कानून अधिकारों का दुरुपयोग किया है। उसने कहा था कि वह अवसाद से गुजर रही है, जिसके चलते उसने रेप की झूठी शिकायत दर्ज की है।

# राघव चड्ढा के खिलाफ याचिका का निपटारा

> हाईकोर्ट ने सरकार को फैसला लेने को कहा
> एडवाइजरी कमेटी चेयरमैन बनाने को मिली थी चुनौती

चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। सांसद राघव चड्ढा के खिलाफ दायर याचिका का पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने निपटारा कर दिया है। चड्ढा को सरकार की एडवाइजरी कमेटी का चेयरमैन बनाने को एचसी में चुनौती दी गई थी।

हाईकोर्ट ने सरकार को इस पर फैसला लेने को कहा है। इसके अलावा सरकार को अपने स्तर पर इसके बारे में सूचित करने को कहा है। हाईकोर्ट ने न इस मामले में नोटिस जारी किया। न ही आगे इसकी सुनवाई होगी।

**कई सरकारें बनाती हैं कमेटी**

हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बारे में सरकारी वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि पिटीशनकर्ता ने सांसद चड्ढा की नियुक्ति को संविधान के उलट बताया। हालांकि सरकारी वकील ने दलील दी कि यह संविधान के खिलाफ नहीं है। बहुत सी सरकारें अपने लिए ऐसी कमेटियां बनाती हैं। जिसके बाद एचसी ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर फैसला लेकर इसके कारण पिटीशनकर्ता को भी बता दे।

**विरोधियों ने साधे थे निशाने**

सांसद राघव चड्ढा को सरकार ने हाल ही में एडवाइजरी कमेटी का चेयरमैन बनाया। यह कमेटी सरकार को लोकहित के मुद्दों पर सलाह देगी। इसके साथ ही राज्य को कर्जे से उबारने और इनकम बढ़ाने के सुझाव देगी। हालांकि राजनीतिक विरोधियों ने निशाने साधे थे कि इसके जरिए सांसद चड्ढा का सरकार में हस्तक्षेप बढ़ेगा। हाईकोर्ट के फैसले से सरकार को इस मामले में राहत मिल गई है।

### पंजाब चीफ सेक्रेटरी की नियुक्ति को चुनौती

# एचसी ने सरकार को 2 हफ्ते में रिकॉर्ड देने को कहा

## एजी बोले-प्रमोशन नहीं ट्रांसफर किया

चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के चीफ सेक्रेटरी वीके जंजुआ मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार से 2 हफ्ते में जवाब मांगा है। पंजाब सरकार को उनसे जुड़े मामले के दस्तावेज पेश करने को कहा है।

सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से नए एडवोकेट जनरल विनोद घई पेश हुए। हाईकोर्ट पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर रही थी लेकिन एजी घई ने कहा कि जंजुआ की प्रमोशन नहीं बल्कि ट्रांसफर किया गया है। जिसके बाद हाईकोर्ट ने पहले उनसे जुड़े पूरे मामले का रिकॉर्ड देने को कहा। टीएस मिश्रा ने वीके जंजुआ की चीफ सेक्रेटरी पद पर नियुक्ति और प्रमोशन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी दलील है कि जंजुआ के खिलाफ करप्शन केस पेंडिंग है। ऐसे में उन्हें चीफ सेक्रेटरी बनाना गाइडलाइंस का उल्लंघन है।

वीके जंजुआ को डायरेक्टर इंडस्ट्रीज रहते हुए 9 नवंबर 2009 को कथित तौर पर 2 लाख रिश्वत लेते हुए विजिलेंस ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। यह रकम लुधियाना के एक कारोबारी से लेने का दावा किया गया था। उसी दिन जंजुआ के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें पद से हटा दिया गया।

**उन पर अकाली-भाजपा सरकार के वक्त यह केस हुआ था**

केंद्र की मंजूरी नहीं ली गई, आगे पैरवी से विजिलेंस ने इनकार किया आईएएस अफसर होने की वजह से उन पर केस चलाने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं ली गई थी। जिसके बाद 2018 में कैप्टन अमरिंदर सिंह के सीएम रहते कांग्रेस सरकार ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। विजिलेंस ब्यूरो ने उनके खिलाफ केस की आगे पैरवी करने से इनकार कर दिया।

## शिवराज की कर्मचारियों को सौगात

भोपाल, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की एक बड़ी मांग पूरी कर दी है। राज्य के सरकारी कर्मचारियों को अब केंद्र के कर्मचारियों की तरह 34% महंगाई भत्ता मिलेगा। अब तक उन्हें 31% महंगाई भत्ता मिल रहा था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अगस्त माह के वेतन से जुड़कर मिलेगा, यानी सितंबर में मिलने वाला वेतन बढ़कर मिलेगा। इसे त्योहारी सीजन से पहले बड़ी घोषणा माना जा रहा है। मध्यप्रदेश के कर्मचारी संगठन लंबे समय से केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ते की मांग कर रहे थे। इस मांग को शिवराज सरकार ने मान लिया है। राज्य के मंत्री गोपाल भार्गव को साथ में बिठाकर शिवराज सिंह चौहान ने इस संबंध में घोषणा की और वीडियो जारी किया।

# ममता कैबिनेट में फेरबदल कल

### दीदी बोलीं-चार मंत्रियों का काम अकेले संभालना संभव नहीं, 4-5 नए चेहरे शामिल होंगे

कोलकाता, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को कैबिनेट में फेरबदल करेंगी। सोमवार को मीटिंग के बाद उन्होंने कहा कि कई मंत्रियों के पद खाली हैं। वो खुद सभी विभागों का काम नहीं कर सकती हैं, इसलिए 4 से 5 नए चेहरे शामिल होंगे।

उन्होंने सात नए जिले बनाने का भी ऐलान किया है। अब राज्य में 30 जिले हो जाएंगे। ममता बनर्जी ने इससे पहले 28 जुलाई को मंत्रिमंडल की बैठक की थी। सूत्रों के हवाले से पहले ही खबर आ रही थी कि ममता तृणमूल कांग्रेस में कामराज प्लान लागू कर सकती हैं। दरअसल, ये प्लान 1963 में नेहरू के वक्त कांग्रेस ने लागू किया था। ममता ने पिछले 4 दिन में दूसरी बार कैबिनेट बैठक बुलाई है। 28 जुलाई को कैबिनेट मीटिंग के बाद ममता ने शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपी पार्थ चटर्जी को हटाने की घोषणा की थी। ममता कैबिनेट के टॉप-5 में से 4 का पद रिक्त हो गया है। कैबिनेट में वरिष्ठ मंत्री रहे सुब्रत मुखर्जी और साधन पांडे का इसी साल निधन हो चुका है, जबकि पार्थ जेल जाने की वजह से मंत्री पद गंवा चुके हैं। वहीं वित्त मंत्री रहे अमित मित्रा भी मंत्री पद छोड़ सलाहकार बन चुके हैं।




**वन पोस्ट-वन पर्सन का फॉर्मूला लागू हो सकता है**

तृणमूल सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट फेरबदल में वन पोस्ट-वन पर्सन का फॉर्मूला लागू हो सकता है। वर्तमान में परिवहन मंत्री फिरहाद हकीम समेत कुछ मंत्रियों के पास दो या उससे अधिक जिम्मेदारियां हैं। ऐसे में विस्तार में उनसे पद लिया जा सकता है। इसी साल फरवरी में अभिषेक बनर्जी और उनकी टीम ने वन पोस्ट-वन पर्सन फॉर्मूला लागू करने की मांग की थी, जिस पर काफी विवाद हुआ था।

**बाबुल-निर्मल रेस में; सांसद भी बनाए जा सकते हैं मंत्री**

सूत्रों के मुताबिक नए मंत्री बनने के रेस में भाजपा से आए बाबुल सुप्रियो, निर्मल माझी भी रेस में हैं। इसके अलावा, पार्टी कुछ सांसदों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। वहीं कुछ मंत्रियों का कद भी बढ़ाया जा सकता है। पार्टी का पूरा फोकस 2023 के पंचायत और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव है।

**कामराज प्लान के बारे में...**

1962 में चीन से युद्ध में हार और महंगाई के मुद्दे पर जनता में कांग्रेस की लोकप्रियता कम होने लगी थी, जिसके बाद 1963 में तत्कालीन मद्रास के मुख्यमंत्री के कामराज ने पंडित नेहरू को एक फॉर्मूला समझाया। फॉर्मूले के तहत सभी मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को संगठन के काम में लगाने के लिए कहा गया। कामराज के इस प्लान को नेहरू ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी से पास करा दिया।

कांग्रेस में कामराज प्लान लागू होते ही नेहरू कैबिनेट के सभी मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा। इनमें जगजीवन राम, लाल बहादुर शास्त्री और मोरारजी देसाई जैसे दिग्गज नेता शामिल थे।

## खबरे जरा हटके


### सऊदी अरब बनाने जा रहा है काँच का शहर, नहीं होगी सडक़, लागत 39.95 लाख करोड़



बदलते समय के साथ तकनीक भी बदलती जा रही है। पर्यावरण प्रदूषण को लेकर पश्चिम वाले पूरब वालों से ज्यादा सजग हैं। बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए सऊदी अरब तकनीक के जरिये विश्व का आठवां अजूबा बनाने जा रहा है। प्राप्त समाचारों के अनुसार सऊदी अरब एक अनोखा शहर बनाने की तैयारी कर रहा है जो काँच की दीवारों से ढका होगा और सबसे महत्त्वपूर्ण बात वहाँ पर कोई सडक़ नहीं होगी। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिल सलमान ने इस प्रोजेक्ट के बारे में सबसे पहले साल 2021 में बताया था। इस शहर को बसाने में 39.95 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। द लाइन शहर को कांच की आधा किलोमीटर ऊंची दीवारों से ढका जाएगा। सऊदी अरब की प्रेस एजेंसी ने शहर की डिजाइनों की क्लिप जारी की हैं। इस शहर को आकर्षक, फ्यूचरिस्टिक और हरा भरा दिखाया गया है। घरों की छतों पर बगीचे बने हुए दिखाए गए हैं।

इस शहर की चौड़ाई सिर्फ 200 मीटर होगी जबकि इसकी लंबाई 161 किलोमीटर होगी और ऊंचाई 500 मीटर होगी जिसमें कांच लगे होंगे। सबसे खास बात यह है कि इस पूरे शहर को नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित किया जाएगा। इस शहर में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोमॉस और हाइड्रो पावर से पैदा हुई बिजली की सप्लाई की जाएगी। सऊदी अरब ने इस शहर को द लाइन नाम दिया है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य के शहर को बसाने की यह परियोजना है। प्रदूषित दुनिया में इस शहर के नागरिकों को स्वच्छ हवा मिलेगी। यहां पर बिजनेस के लिए दफ्तर, बच्चों के लिए स्कूल और कॉलेज, मनोरंजन के लिए पार्क भी वर्टिकल ही बनाए जाएंगे। दुनिया में पहली बार ऊंचाई की ओर बढ़ता हुआ शहर बनाया जाएगा। इस शहर में रहने वाले नागरिक एक छोर से दूसरे छोर पर सिर्फ 20 मिनट में पहुंच जाएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां पर एक हाई स्पीड ट्रेन चलाई जाएगी।

### . . . और इन्होंने पूजा के स्थान पर थमाया शिवजी को टैक्स का नोटिस



उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कुछ समय पूर्व ही आदेश दिया था कि प्रदेश के किसी भी धार्मिक स्थल से टैक्स की वसूली नहीं होगी। लेकिन ऐसा लगता है नगर निगम अधिकारियों ने उनकी बात को अच्छी तरह से सुना नहीं, इसी के चलते मथुरा नगर निगम ने यमुना पार लक्ष्मी नगर स्थित एक शिव मंदिर को 1500 रुपये का हाउस टैक्स भरने का नोटिस उनके द्वार पर चस्पा कर दिया। जी हाँ, मथुरा नगर निगम ने भोलेनाथ के मंदिर को 1500 रुपये हाउस टैक्स भरने का नोटिस दिया है। भोलेनाथ को नगर निगम का नोटिस मिलने की खबर से इलाके में हडक़ंप मच गया है और खबर जंगल की आग की तरह फैल रही है। बताया जा रहा है भगवान शंकर के मंदिर पर हाउस टैक्स का नोटिस चिपकाने की खबर फैलने के बाद से नगर निगम के कर्मचारी इस मामले पर बोलने से बच रहे हैं।

नगर निगम के अधिकारी ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जो निगम आयुक्त के आदेश के बाद नोटिस निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि मंदिर के पास एक कमरा बने होने की बात कही गई थी जिसके बाद टैक्स लगाया गया था। दूसरी तरफ इस विवाद के बाद निगम के अधिकारी जब मंदिर के पास पहुंचे तो उन्होंने वहां कोई कमरा नहीं पाया जिसके बाद नोटिस को निरस्त कर दिया गया। बता दें कि जिस शिवमंदिर पर निगम ने हाउस टैक्स लगाया वो दरअसल मथुरा के यमुना पार लक्ष्मीनगर में स्थित है।

### अंगोला में खोजा गया 300 वर्षों में सबसे बड़ा गुलाबी हीरा



लुआंडा । अंगोला में 170 कैरेट का एक दुर्लभ 'गुलाबी हीरा' खोजा गया है, जिसका वजन 34 ग्राम है, जिसे पिछले 300 वर्षों में सबसे बड़ा माना जाता है। अंगोला में खदान के बाद गुलाबी पत्थर को 'लुलो रोज' नाम दिया गया है, जहां यह पाया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसे इस साल के अंत में अंगोलन राज्य के स्वामित्व वाली हीरा व्यापार फर्म सोडियम द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय निविदा के माध्यम से बेचा जाएगा। लूलो खनन परियोजना में अब तक निकाले गए 100 कैरेट से अधिक के कुल 27 हीरों में से यह पांचवां सबसे बड़ा हीरा है। 2016 में, ऑपरेशन से अंगोला में बरामद अब तक का सबसे बड़ा हीरा मिला, 404 कैरेट का सफेद पत्थर जिसे बाद में '4 फरवरी स्टोन' नाम दिया गया।

देश के खनिज संसाधन, तेल और गैस मंत्री दीयामंततीनो अजेवेदो ने कहा कि, गुलाबी हीरे की खोज हीरा खनन के लिए विश्व मंच पर अंगोला को एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में प्रदर्शित करना जारी रखती है और देश के बढ़ते हीरे में प्रतिबद्धता और निवेश के लिए क्षमता और पुरस्कार प्रदर्शित करती है। गुलाबी हीरे अत्यंत दुर्लभ हैं लेकिन वही भौतिक गुण जो पत्थरों को दुर्लभ बनाते हैं, उन्हें बहुत सख्त भी बनाते हैं और इनको आकार में लाना आसान नहीं होता है। भारत में खोजा गया सबसे बड़ा गुलाबी हीरा दरिया-ए-नूर है, जिसके बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि इसे और भी बड़े पत्थर से काट कर निकाला गया था। किसी भी रंग का अब तक का सबसे बड़ा हीरा कलिनन हीरा है, जो 1905 में दक्षिण अफ्रीका में पाया गया था। 3,107 कैरेट वजन, आधा किलोग्राम से अधिक, इसे 105 अलग-अलग पत्थरों में काटा गया था।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार

अनुशासन केवल फौजों के लिए नहीं, जीवन के हर क्षेत्र के लिए है।

मंगलवार, 2 अगस्त, 2022 

## कैसीनो मामले में शामिल टीआरएस नेताओं पर नकेल कसें : दासोजू



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एआईसीसी के प्रवक्ता डॉ. दासोजू श्रवण ने आज मांग की कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव चिकोटी प्रवीण की अवैध गतिविधियों की सीबीआई जांच की मांग करें और चिकोटी प्रवीण के कैसीनो व्यवसाय और अन्य नापाक गतिविधियों में टीआरएस नेताओं की संलिप्तता पर सफाई दें। कैसीनो मास्टरमाइंड चिकोटी प्रवीण के मेदक डीसीसीबी के अध्यक्ष देवेंद्र रेड्डी के साथ चित्रों और वीडियो के साथ घनिष्ठ संबंध साबित करते हुए, डॉ दासोजू श्रवण ने मांग की कि प्रवर्तन निदेशालय तुरंत उन सभी टीआरएस नेताओं के परिसरों पर छापे मारे, जिनके नाम कुख्यात मुद्दे में सामने आए।

उन्होंने कहा कि यह बेहद घृणित और दर्दनाक है कि तेलंगाना में सभी वर्गों के लोग गरीबी से जूझ रहे हैं, टीआरएस नेता जनता से लूटे गए पैसे के साथ देश के बाहर कैसीनो में आनंद ले रहे हैं। यह बिना किसी संदेह के साबित हो गया है कि मंत्री मल्लारेड्डी करीबी हैं चिकोटी प्रवीण और यहां तक कि अपनी कार भी उधार दी। मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव और येराबेली दयाकर राव के कैसीनो व्यवसाय में शामिल होने के भी मजबूत आरोप हैं। अब मैं चिकोटी प्रवीण और मेडक डीसीसीबी के अध्यक्ष देवेंद्र रेड्डी के बीच घनिष्ठ संबंधों के बारे में स्पष्ट तस्वीरों और वीडियो के साथ साबित कर रहा हूं, लेकिन अब तक न तो गृह मंत्री महमूद अली और न ही मंत्री के तारका रामाराव ने इस मामले में एक शब्द भी नहीं बोला और न ही इस गंदे कांड में शामिल टीआरएस नेताओं पर कोई कार्रवाई की। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को तुरंत सीबीआई जांच की मांग करनी चाहिए, क्योंकि यह तेलंगाना राज्य की छवि खराब कर रहा है।

डॉ. दासोजू श्रवण ने मीडिया वीडियो के सामने चिकोटी प्रवीण और टीआरएस नेता देवेंद्र रेड्डी के बीच बहुत करीबी संबंध का खुलासा किया। छात्रों और युवाओं के बलिदान के माध्यम से राज्य में टीआरएस नेताओं की अनैतिक और अवैध गतिविधियों पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए, डॉ. दासोजू श्रवण ने केसीआर को तेलंगाना के लोगों से गंभीर प्रतिक्रिया की चेतावनी दी, यदि टीआरएस सरकार इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी जारी रखती है। उन्होंने केसिनो के मुद्दे पर एनडीए सरकार की निष्क्रियता पर भी आश्चर्य व्यक्त किया, हालांकि यह राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर रही है और तेलंगाना राज्य की छवि को नुकसान पहुंचा रही है।

## एससीआर आगजनी मामले के आरोपितों को जमानत

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन आगजनी मामले के आरोपी को यहां उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। इस मामले में कुल 16 आरोपियों को जमानत मिल गई। कोर्ट ने आरोपी को सशर्त जमानत दे दी है। एचसी ने आरोपी को 16 आरोपियों में से प्रत्येक को दो जमानत के साथ 20,000 रुपये का सुरक्षा बांड प्रस्तुत करने के लिए कहा। टीपीसीसी के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी ने सेना भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों की ओर से जमानत याचिका दायर की। आंदोलनकारियों ने 17 जून को देश के विभिन्न हिस्सों के अन्य आंदोलनकारियों की तरह सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, उन्मादी आंदोलन हिंसक हो गया और कई ट्रेनों को आग लगा दी।

## हत्या के आरोपी को मिला आजीवन कारावास

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हत्या के एक आरोपी में अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा के साथ ही आरोपी को 10 हजार रुपए जुर्माना भी अदा करना पड़ेगा। यादगिरीगुट्टा पुलिस थाने में बीते 13 दिसंबर वर्ष 2014 को सुमित्रा ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसके पति दुबलेपुंजी टेप रिकॉडर में गाने सुन रहे थे। इसी बीच मामूली विवाद के दौरान पड़ोसी आरोपी चैतन्य माजी ने उनके पति पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल उनके पति की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। महिला की शिकायत के आधार पर यादगिरिगुट्टा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान, आईओ ने साक्ष्य एकत्र किए और आरोपी ने यादगिरिगुट्टा सीआई कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। सुनवाई के दौरान आज पीडीजे कोर्ट भोंनगिरी वी. बाला भास्कर राव प्रा. जिला एवं सत्र न्यायाधीश यादाद्री भोंनगिरी जिले ने आरोपी चैतन्य मांझी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

## पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा में होंगे पुख्ता इंतजाम : सनप्रीत



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। डीसीपी सनप्रीत सिंह ने राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट के कर्मचारियों को आगामी पुलिस उप निरीक्षक प्रारंभिक लिखित परीक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। एलबी नगर कार्यालय में आयोजित समन्वय बैठक के दौरान डीसीपी ने कहा कि 7 अगस्त को परीक्षा होने वाली है। परीक्षा केन्द्रों के नोडल अधिकारियों, अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों, क्षेत्रीय समन्वयकों और शैक्षणिक संस्थानों के पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए, डीसीपी ने कहा है कि हजारों पुलिस सेवा के उम्मीदवार राचकोंडा सीमा में परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के कर्मचारियों को परीक्षा के दिन पुलिस विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करने के लिए निर्देशित किया ताकि परीक्षार्थियों को बिना किसी बाधा के परीक्षा पूरी की जा सके। डीसीपी ने कहा कि परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों का समर्थन करने के लिए पुलिस द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

डीसीपी ने राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक कर्मचारियों को तैनात करने और उचित बंदोबस्त व्यवस्था प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि इस बार परीक्षा हॉल में जाने के लिए किसी पहचान पत्र की आवश्यकता नहीं है और दोहराया कि बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया का उपयोग करके पहचान जांच की जाएगी। डीसीपी ने उपस्थित लोगों के साथ बातचीत की और परीक्षा केंद्रों पर आवश्यकताओं और व्यवस्थाओं के बारे में प्रतिक्रिया प्राप्त की। डीसीपी ने कहा कि उम्मीदवारों को सुबह 9 बजे तक केंद्रों पर पहुंचना चाहिए, जिससे वे स्व-सत्यापित हॉल टिकट लेकर उसपर फोटो चिपकाने आदि का काम कर सकें।

बैठक में डीसीपी रक्षिता के मूर्ति, एडिशनल डीसीपी एडमिन श्रीनिवास, राचकोंडा, एडिशनल डीसीपी शमीर, एडिशनल डीसीपी लक्ष्मी नारायण, एसीपी श्रीधर रेड्डी, एलबी नगर, राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट के निरीक्षकों और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों के कर्मचारियों मौजूद रहे।

## सरकारी जगहों को अतिक्रमण से बचाये जाना जरूरी : गज्जला




हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा शेरलिंगमपल्ली विधानसभा प्रभारी गज्जला योगानंद ने मांग की कि सरकारी जगह को अतिक्रमण से बचाया जाना चाहिए और सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

कॉलोनी के निवासी छोटे बच्चों के साथ धरने पर बैठ गए और मांग की कि सरकारी अधिकारी उस स्थान पर बच्चों के लिए बच्चों के पार्क की स्थापना करें या अन्य सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए इसका इस्तेमाल करें। गज्जल योगानंद ने उनके समर्थन में धरने में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि टीआरएस सरकार में अतिक्रमण के पत्थर तोड़े जा रहे हैं, जहां भी खाली जगह मिलती है, वे अतिक्रमण कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में कई खाली जगहों की स्थिति ऐसी है, सरकार तुरंत ऐसा करे। समारोह हॉल, पार्क, ओपन जिम, स्टेडियम जैसे लोगों के लिए उपयोगी स्थान उन्होंने इसे बनाने की मांग की और आश्वासन दिया कि जब तक उपनिवेशवादियों की समस्या हल नहीं हो जाती तब तक वह सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में नेता ब्रह्मैया, कोटेश्वर राव, लक्ष्मी अन्नपूर्णा के साथ कॉलोनी वासियों ने भाग लिया।

## दो अक्षर का शब्द 'वोट' बदल देता है देश का इतिहास : डॉ. पद्मावती

### शासकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता पंजीकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बेगमपेट राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पद्मावती ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए मतदाता के रूप में सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। दो अक्षर का शब्द 'वोट' देश का इतिहास बदल देता है। जीएचएमसी और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कॉलेज विभाग द्वारा जीएचएमसी और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कॉलेज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बेगमपेट सरकारी महिला डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पद्मावती ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि मतदान के माध्यम से उच्च मूल्यों वाले नेताओं को चुनने की जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलेगा। इसके लिए, 18 वर्ष की आयु तक पहुंचने वाले सभी लोगों को मतदाता के रूप में पंजीकृत होना चाहिए। छात्रों को सलाह दी गई कि वे जागरूकता कार्यक्रम का लाभ उठाएं और नए मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र में बदलाव को देखते हुए दूसरों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में खड़े हों। लोक प्रशासन विभाग के प्रमुख डॉ जी नरसिम्हुलु ने इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि हमारे देश का लोकतंत्र अन्य सभी देशों से बड़ा है और आज के युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जानने के लिए आगे आना आवश्यक है। जीएचएमसी नोडल अधिकारी मोहम्मद मुर्तुजा ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वालों को मतदाता के रूप में पंजीकरण करना चाहिए। पहले मतदाता पंजीकरण 1 जनवरी तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वालों के लिए उपलब्ध था, लेकिन भारत का चुनाव आयोग 4 बार में एक साल 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर को तक 18 साल पूरे करने वाले युवाओं को वोट देने के लिए पंजीकरण करने की सुविधा दी गई है। तेलंगाना राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ-टीएस) कार्यालय में सलाहकार भवानी शंकर ने छात्रों को फॉर्म 6, 6 बी, 7, 8 के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया और वोट पंजीकरण के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र के बारे में बताया। छात्रों को ऑनलाइन वोटर हेल्प लाइन आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम मे एनएसएस समन्वयक डॉ के वेंकटेश्वरलू, कॉलेज एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ एम मधुकर राव, डॉ माधुरी, डॉ उमामाहेश्वरी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और मतदाता पंजीकरण के महत्व और मतदान के अधिकार के बारे में बताया।

## सभी चिन्हित संवेदनशील जगहों निगरानी की जानी चाहिए : अरुण जैन

### सुरक्षा, समय की पाबंदी व मानसून की तैयारियों पर समीक्षा बैठक आयोजित



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। महाप्रबंधक (प्रभारी), दक्षिण मध्य रेलवे अरुण कुमार जैन ने रेल निलयम, सिकंदराबाद में पूरे क्षेत्र में भारी बारिश के मद्देनजर मानसून की तैयारियों पर एक विस्तृत समीक्षा बैठक प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ की गई। बैठक में सभी छह मंडलों विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर, सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़ मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) ने भी वेब कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया। महाप्रबंधक ने जोर देकर कहा कि रेल मंत्रालय ने ट्रेनों की सुरक्षा और माल के निर्बाध परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए मानसून की तैयारियों पर गंभीरता से ध्यान दिया है। उन्होंने अधिकारियों को असुरक्षित स्थितियों को रोकने के लिए ट्रैक, पुलों और भारी वर्षा वाले स्थानों जैसे सभी चिन्हित संवेदनशील वर्गों पर गश्त को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पटरियों की बाढ़ से बचने और ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए साइड वाटर ड्रेन, कैच वाटर ड्रेन और जलमार्ग की सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए भी सूचित किया। महाप्रबंधक ने सभी डीआरएम के साथ जोन के समयपालन की समीक्षा की। उन्होंने देखा कि भारी बारिश के कारण मालगाड़ियों की औसत गति कम हो गई है और डीआरएम को परिस्थितियों की निगरानी करने और मालगाड़ियों की औसत गति में सुधार करने के लिए कार्य योजना तैयार करने की सलाह दी ताकि निर्धारित समय में गंतव्य तक पहुंच सकें। महाप्रबंधक ने परिचालन लचीलेपन में सुधार और कम समय में मालगाड़ियों की अधिक लोडिंग/अनलोडिंग को संभालने के लिए साइडिंग के रीमॉडलिंग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने डीआरएम को 15 अगस्त, 2022 से पहले प्रत्येक डिवीजन में एक साइडिंग रीमॉडलिंग कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने ज़ोन में नए व्यवसाय के अवसरों को खोजने के लिए डिवीजनों में बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट्स (बीडीयू) द्वारा किए गए कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने बीडीयू को सलाह दी कि वे ज़ोन के फ्रेट बिज़नेस बास्केट को जोड़ने के लिए नए क्षेत्रों से नई वस्तुओं को आकर्षित करना जारी रखें।

## एएचटीयू साइबराबाद ने 83 मामले दर्ज किए





हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाई ने 1 जनवरी से अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के तहत 83 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने अवैध गतिविधियों वाले 37 परिसरों को बंद करने का आदेश दिया। इसी तरह 51 अन्य परिसरों के मालिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। पुलिस ने जो वेश्यालयों, मसाज पार्लरों और अन्य जगहों पर छापेमारी कर पीड़ित महिलाओं का शोषण रोका। पुलिस ने किराए पर घर देने वालों को चेतावनी दी कि यदि परिसर में कोई भी अवैध गतिविधि होती पाई गई तो उसे सील कर दिया जाएगा और संपत्ति के मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की जाएगी।



**जीएचएमसी को जीएचएमसी से प्रतिनिधित्व करने वाली तीन क्रिकेट टीमों के क्लब सचिव के रूप में ई. रघुपति जूनियर सहायक को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर ईवीडीएम निदेशक, जीएचएमसी विश्वजीत कंपाती से ई. रघुपति से मुलाकात की।**

## रिश्तेदार ने ही आनंद को मौत के घाट उतारा

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार रात बल्कमपेट में 45 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके रिश्तेदार ने कथित तौर पर हत्या कर दी।

एसआर नगर थाना क्षेत्र के बलकमपेट का रहने वाला आनंद अपने घर पर था। इसी बीच उसका रिश्तेदार आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी का आरोपी राजू (25) उसके घर आया था। इसी बीच उनके बीच किसी बात लेकर बहस छिड़ गई, जिसके दौरान राजू ने एलपीजी सिलेंडर से आनंद के सिर पर वार कर किया, जिससे आनंद की मौत हो गई।

## कार हादसे में कांग्रेस नेता की बेटी की मौत








हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके में शमशाबाद के पास सतमराय में सोमवार तड़के एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीचोंबीच दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक युवती की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मृतका की पहचान कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विंग के नेता फिरोज खान की बेटी तानिया (25) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना तब हुई जब वे राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से शहर जा रहे थे। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। शव को उस्मानिया जनरल अस्पताल के मुर्दाघर में स्थानांतरित कर दिया गया। आरजीआई पुलिस जांच कर रही है।

## माधापुर में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबरबाद के माधापुर इलाके में सोमवार तड़के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसा मृत मोहम्मद इस्माइल के खिलाफ कालापत्थर पुलिस स्टेशन में कुछ मामले दर्ज है। जुबली हिल्स से माधापुर की ओर तीन व्यक्तियों के साथ वह कार में कही जा रहा था। इसी बीच इस्माइल से कार में सवार एक व्यक्ति मुज्जू से बहस हो गई। इस्माइल कार से उतरकर भागने की कोशिश की, तो कथित रूप से मुज्जू ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में आरोपित मौके से फरार हो गए। साइबराबाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस को संदेह है कि इस्माइल और मुज्जू के बीच संपत्ति के सौदे से संबंधित मामले को लेकर विवाद था। घटना का कारण संपत्ति विवाद हो सकता है। इस्माइल हाल ही में जेल से रिहा हुआ था। बताया जाता है कि इस्माइल और मुज्जू जेल में रहने के दौरान संपर्क में आए थे।

## एक शाम गौमाता के नाम का विशाल जागरण 27 को, हुई बैठक



संगारेड्डी, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सदाशिवपेट स्थित श्री गोपाल गौशाला की ओर से एक शाम गौमाता के नाम का भव्य विशाल जागरण आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संगारेड्डी स्थित श्री आई माताजी मंदिर बडेर प्रांगण में 27 अगस्त को शनिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमे भजन सम्राट गौभक्त ओमजी मुडेल डिगराना एवं मुकेशजी वैष्णव एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की बौछार की जाएगी।

कार्यक्रम को लेकर आज बडेर प्रांगण में एक सभा बुलाई गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया तथा टीमें बनाकर सभी को अपना अपना कार्यभार सौंपा गया। गौशाला के महासचिव पिताराम चोयल ने सभी भक्तगनों से आग्रह करते हुए बताया कि सभी भक्तगण अपने पूरे परिवार व ईस्टमित्रों के साथ पधार कर भजनों एवं भोजन प्रसाद व गौसेवा का का पुण्य प्राप्त करें। अवसर पर अध्यक्ष मेघराज लोया, उपाध्यक्ष घीसाराम काग, सहसचिव मधुराम, कोषाध्यक्ष प्रेमसुख शर्मा, रामाकृष्ण मेट्टू, सत्यनारायणजी मुन्दडा, रमेशजी लेरचा, सोहनलालजी चोयल, तेजसिंह पंवार, नेमाराम काग, तेजाराम कुमावत, रमेश परिहार, राजुराम सेपटा, रामसिंह रावत, थानाराम राठोड, प्रताप चोयल, रमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता अभयनाथ यादव का निधन, कचहरी में शोक की लहर





अभय नाथ यादव

वाराणसी, 1 अगस्त (एजेंसियां)। ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता अभय नाथ यादव का रविवार रात निधन हो गया। उन्होंने मकबूल आलम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ज्ञानवापी में सर्वे के दौरान अभय नाथ यादव ने कोर्ट कमिश्नर की भूमिका पर सवाल खड़ा करने के साथ ही तहखाने का वीडियो वायरल होने पर भी आपत्ति जताते हुए कोर्ट से जांच की मांग की थी।

राखी सिंह समेत अन्य की याचिका पर सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में चल रही सुनवाई में अभयनाथ यादव मुस्लिम पक्ष के वकील थे। शुरुआत से ही उन्होंने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी का पक्ष बड़ी प्रमुखता से रखा। उन्होंने कमीशन की कार्रवाई की रिपोर्ट लीक होने पर भी आपत्ति जताई थी। रविवार को हार्ट अटैक आने पर परिजन उन्हें मकबूल आलम रोड स्थित निजी अस्पताल ले गए, यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अधिवक्ता मदनमोहन यादव ने इसकी पुष्टि की।

**ज्ञानवापी मामले में अब कौन करेगा मुस्लिम पक्ष की ओर से जवाबी बहस**

ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजमिया मसाजिद कमेटी के एक मात्र हिंदू मुख्य वकील अभयनाथ यादव (65) थे। अभी तक ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में सर्वे से लेकर पोषणीयता के बिंदु पर वही पक्ष रख रहे। चार अगस्त को जिला जज की कोर्ट में पोषणीयता बिंदु पर जवाबी करनी थी। अभयनाथ यादव के निधन से पूरे कचहरी में शोक की लहर है।

मणिकर्णिका घाट पर सोमवार सुबह अंतिम संस्कार के वक्त उनके साथियों ने उन्हें नमन किया। कहा कि अधिवक्ता अभयनाथ यादव अत्यंत मृदुभाषी व मिलनसार थे।

उन्होंने 22 जून को बेटी की शादी की थी। वरिष्ठ अधिवक्ता अभय नाथ यादव के निधन पर डेढ़ बजे सेंट्रल बार सभागार में सेंट्रल व बनारस बार एसोसिएशन की संयुक्त शोक सभा आयोजित की गई है। नई बस्ती पांडेयपुर निवासी अभयनाथ यादव के दो पुत्र व तीन पुत्रियां हैं।


## 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने में जुटेगी बीजेपी

पटना, 1 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह जो निर्देश नेताओं को देकर गए, उन्हें पूरा करने के लिए प्रदेश बीजेपी तैयारियों में जुट गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी है। बिहार में बीजेपी अब एक अगस्त से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए जुटेगी। झंडा फहराने का टास्क अमित शाह और जेपी नड्डा की संयुक्त बैठक में दिया गया था।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने सोमवार को पटना में प्रेस कान्फ्रेंस की। जहां उन्होंने बिहार में भारतीय जनता पार्टी के चार दिवसीय कार्यक्रम को एतिहासिक बताते हुए, इसे सफल बनाने के लिए बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

# भाजपा सांसद वरुण गांधी ने अपनी पार्टी पर किया प्रहार

## बोले- लेखपाल भर्ती परीक्षा में नकल माफिया छाए रहे



पीलीभीत, 1 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी की पीलीभीत लोकसभा सीट से सांसद वरुण गांधी ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी की सरकार पर प्रहार कर दिया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सुर में सुर मिलाते हुए रविवार को आयोजित राजस्व लेखपाल भर्ती 2022 की मुख्य परीक्षा में नकल कराने और पेपर लीक होने का वीडियो सोशल मीडिया में शेयर किया है। रविवार को ही सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने इस आरोप को लगाते हुए राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार को घेर लिया था।


इससे पहले भी भाजपा सांसद वरुण गांधी कई बार अपनी ही पार्टी की सरकार को निशाना बना चुके हैं। सोमवार को उन्होंने एक बार फिर अपने आधिकारिक ट्वीटर अकाउंट से एक यूपी की योगी सरकार से सवाल पूछते हुए कहा, 'यूपी पुलिस, यूपीपीसीएल, यूपीएसएससी, नलकूप आपरेटर, पीईटी, यूपीटीईटी, बीएड, नीट आदि परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद अब राजस्व लेखपाल की परीक्षा में नकल माफिया छाए रहे।

आखिर कबतक संगठित रूप से चलित शिक्षा माफिया युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता रहेगा? यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है!'

बता दें की बीजेपी सांसद से पहले यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी पूरे मामले में राज्य की बीजेपी सरकार को घेरा था। उन्होंने ट्वीट कर कहा था, 'आज लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया। अब तो लगता है कि अभ्यर्थियों का ये आरोप सच है कि ये सब बीजेपी सरकार की ही चाल है जिससे कोई भी परीक्षा पूरी न हो पाए और लोगों को नौकरी न मिले, जिससे युवा, पूंजीपतियों के यहां श्रमिक-चपरासी बन के रह जाएं। भाजपा वेतन-पेंशन के ख़िलाफ़ है।'

# स्कूटी की हेडलाइट में 4 फीट लंबा अजगर

## साइड मिरर में लिपटा था, गाड़ी स्टार्ट करते ही अंदर घुसा, निकल पड़ी चीख



बगहा, 1 अगस्त (एजेंसियां)। बगहा में बारिश शुरू होते ही वीटीआर से जानवरों का निकलकर रिहायशी क्षेत्र में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। जरा सोचिए आप बाइक की सवारी कर रहे हों। उसी बाइक के किसी हिस्से में छुप कर अजगर आराम फरमा रहा हो। इसके बाद आपकी क्या हालत होगी।

कुछ ऐसा ही नजारा वाल्मीकिनगर टंकी बाजार के पास देखने को मिला। जहां स्कूटी में अजगर आराम फरमा रहा था। इसका वीडियो सामने आया है। 4 फीट लंबा अजगर स्कूटी की साइड मिरर में लिपटा था, जैसे ही गाड़ी का मालिक स्टार्ट करने गया, अजगर हेडलाइट में घुस गया। ये सब देखकर ऑनर की चीख निकल पड़ी।

इंडो-नेपाल बॉर्डर के पास वाल्मीकिनगर टंकी बाजार के पास रविवार को करीब 4 फीट का लंबा अजगर एक व्यक्ति के स्कूटी की हेड लाइट के भीतर घुसकर आराम फरमा रहा था। अजगर पर नजर पड़ते ही स्कूटी ऑनर मयंक के होश उड़ गए। वह तत्काल स्कूटी छोड़कर भागा। लोगों को इसकी जानकारी दी। फिर वनकर्मियों को सूचित किया गया।

**अजगर देखते ही निकल पड़ी चीख**

मयंक ने बताया कि स्कूटी को घर से बाहर निकाला। स्टार्ट करने का सोच ही रहा था कि साइड मिरर के पास अजगर दिख गया। वह डर से चिल्लाने लगा। फिर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

बाइक मिस्त्री को बुलाना पड़ा

अजगर पूरी तरह से स्कूटी की हेडलाइट में घुस गया था। वनकर्मियों ने पहले बाइक मिस्त्री को बुलाकर स्कूटी का हेडलाइट खुलवाई। फिर अजगर को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। वनकर्मियों ने उसे सुरक्षित निकाल कर जंगल में छोड़ दिया। काफी देर तक लोगों की भीड़ वहां जमा रही। सभी स्कूटी में अजगर को लेकर चर्चा करते रहे।

# जल चढ़ाने जा रहे 70 से अधिक कांवडियों को आवारा कुत्ते ने काटा

## दुकानदारों पर भी किया हमला



मुंगेर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। ज्यों-ज्यों सावन बीतता जा रहा है। कांवडियों की भीड़ कच्ची कांवडिया मार्ग में उमड़ती जा रही है। इस बीच मुंगेर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर आ रही है, जहां शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए जा रहे करीब 6 दर्जन से अधिक कांवडियों को आवारा कुत्तों ने काट कर जख्मी कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही तारापुर अनुमंडल अस्पताल से एंबुलेंस भेजकर सभी कांवडियों को अस्पताल लाया गया।

जानकारी के अनुसार कच्ची कांवडिया मार्ग तारापुर में सोमवार की अहले सुबह लगभग 6 दर्जन से अधिक कांवडियों को आवारा कुत्ते ने काट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। स्थानीय ग्रामीण व दुकानदार को भी कुत्ते ने अपना शिकार बनाया। कुत्ते के शिकार सभी मरीजों को एंबुलेंस से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल तारापुर लाया गया, जहां सभी मरीजों का इलाज अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा. बी.एन सिंह के नेतृत्व में किया गया।

इस संबंध में अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा.सिंह ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे कांवरिया मार्ग में अस्थाई स्वास्थ्य शिविर धर्मराय में ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा मोबाइल पर दर्जनों की तादाद में कांवडिया, स्थानीय दुकानदार व ग्रामीणों को कुत्ता के काटने की जानकारी दी गई है। जानकारी मिलते ही कुत्ते के काटने से घायल सभी कांवरिया को इलाज के लिए एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल भेजने को कहा गया। आधे घंटे के करीब सभी कांवडिया को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज किया गया। वहीं कुछ कांवडिया बुरी तरह जख्मी हो गये थे। सभी को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई। तत्पश्चात इलाज किया गया।

## हर मेडिकल कॉलेज को लगवाने होंगे 25 सीसीटीवी कैमरे

लखनऊ, 1 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हर मेडिकल कॉलेज को अपने यहां कम से कम 25 सीसीटीवी कैमरे लगवाने होंगे। इन कैमरों की डीवीआर भी सुरक्षित रखनी होगी। मान्यता की जांच के लिए आने वाली टीम अब सीसीटीवी कैमरे की भी निगरानी करेगी। इस संबंध में नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने निर्देश दिया है। प्रदेश में केजीएमयू, पीजीआई, लोहिया संस्थान सहित अन्य चिकित्सा संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन कई मेडिकल कॉलेजों में अभी इसके पुख्ता इंतजाम नहीं हो सके। प्रदेश में संचालित 13 राजकीय मेडिकल कॉलेजों और 14 स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई चल रही है, जबकि 14 में अगले सत्र से पढ़ाई शुरू होगी।

पुराने कॉलेजों में ज्यादातर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन अब सभी कॉलेजों में इसे लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

# एक प्राइवेट स्कूल में जबरन कलमा पढ़ाने पर मचा बवाल

कानपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कानपुर के एक निजी स्कूल में हिन्दू छात्र-छात्राओं को कलमा पढ़ाने का मामला सामने आया है। रविवार को एक वीडियो ट्वीट सामने आने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। मामला शिक्षा विभाग का होने के कारण पुलिस ने डीएम को रिपोर्ट देते हुए जांच शुरू कर दी है। डीएम ने भी जांच के आदेश दिए हैं। वहीं स्कूल प्रशासन ने दावा किया है कि वह चारों धर्मो की प्रार्थनाएं कराते हैं।

दरअसल, अभिषेक मिश्रा नाम के ट्वीटर यूजर ने रविवार को एक वीडियो ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, यूपी पुलिस और कमिश्नरेट पुलिस को टैग किया। देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। वीडियो में एक महिला और उसकी बेटी दिखाई पड़ रही है। हालांकि, वीडियो में दोनों के चेहरे नहीं लिए गए हैं। वीडियो में दिख

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

रही महिला का कहना है कि स्कूल में बच्चों को रोजाना प्रार्थना में कलमा पढ़ाया जाता है। महिला ने बच्ची से पूछा तो बच्ची ने बताया कि रोज पढ़ाया जाता है। वहीं वीडियो में और भी महिलाओं की आवाजें आ रही हैं, जो हिन्दू बच्चों को कलमा पढ़ाने का विरोध कर रही है। कुल 59 सेकंड का ये वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। बता दें कि विद्यालय का संचालन बेशिक शिक्षा विभाग के पास है। इसलिए पुलिस ने डीएम को भी रिपार्ट भेज दी है, क्योंकि शिक्षा विभाग जिला प्रशासन के अंतर्गत आता है। एसीपी सीसामऊ निशांक वर्मा का कहना है कि स्कूल के मैनेजर सुमित मखीजा से बात हुई है। उनका कहना है कि उनके विद्यालय में चारों धर्मो की प्रार्थना 12-13 साल से हो रही है।

# त्योहारों पर सीमांचल को अशांत करने की साजिश!

## गृह मंत्रालय ने किया अलर्ट, जेल, बाजार, सड़क से लेकर बॉर्डर तक बढ़ाई गई चौकसी



पूर्णिया, 1 अगस्त (एजेंसियां)। आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह, मोहर्रम ,रक्षाबंधन, सावन पूर्णिमा में जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर सीमांचल के पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज जिले के अलावा इंडो-नेपाल बॉर्डर पर अलर्ट जारी किया गया है। इस मामले को लेकर पैनी निगाह रखने का दिशा निर्देश होम मिनिस्ट्री के द्वारा सभी जिले के डीएम और एसपी को दिया गया है। कई अन्य बिंदुओं को लेकर मंतव्य की भी मांग की गई है। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर भी एसएसबी के जवानों के द्वारा सख्ती बढ़ा दी गयी है।

सीमांचल के सभी जिलों के कारा तथा उपकारा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पश्चिम बंगाल और नेपाल की तरफ से आने वाली गाड़ियों पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 31 और 57 पर संबंधित थाना के पुलिस की गश्त गाड़ी को 24 घंटे नजर रखने को लेकर कहा गया है। सभी जिले के एसपी को आईजी के द्वारा थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर कई तरह के दिशा निर्देश जारी करने को लेकर कहा है। इस तरह की तमाम बिंदुओं पर होम मिनिस्ट्री के द्वारा नजर रखी जा रही है और इसकी रिपोर्टिंग ली जा रही है। एसएसबी के डीआईजी एसके सारंगी ने बताया कि होम मिनिस्ट्री के मिले दिशा निर्देश के आलोक पर इंडो-नेपाल बॉर्डर पर सख्ती बढ़ा दी गई है। स्वत्रंतता दिवस और कई अन्य धार्मिक त्यौहार के मद्देनजर एहतियात बरती जा रही है। केंद्रीय कारा अधीक्षक राजीव कुमार झा ने बताया कि केंद्रीय कारा में आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

इंडो - नेपाल बॉर्डर से सटे अररिया और पश्चिम बंगाल से सटे किशनगंज के कारा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वॉच टॉवर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। रक्षाबंधन त्यौहार में भारी संख्या में जेल में बंद बंदियों को राखी पहनाने के लिए उनकी बहने जेल के आगे आती है। इस तरह के भी तमाम बिंदुओं को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने को लेकर कहा गया है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हो इसलिए तीन चरण में जांच पड़ताल करने के बाद ही किसी को भी केंद्रीय कारा परिसर में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है।

**पुलिस पदाधिकारी का बयान**

आईजी सुरेश प्रसाद चौधरी ने कहा है कि सीमांचल के चारों जिलों के एसपी को स्वतंत्रता दिवस, मोहर्रम रक्षाबंधन सावन की पूर्णिमा में जुटने वाले भीड़ के मद्देनजर कई तरह के दिशा निर्देश दिए गए हैं। 24 घंटे पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने के लिए कहा गया है। एसडीपीओ को मोहर्रम में निकलने वाले ताजिया जुलूस का रूट चार्ट वेरीफिकेशन करने के बाद ही उसकी अनुमति देने समेत कई अन्य बिंदुओं को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस मामले को लेकर पैनी निगाह रखी जा रही है। मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है।

# काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर रुका शवों का दाह संस्कार

## रास्ता ब्लाक होने से डोम राजा परिवार नाराज



वाराणसी, 1 अगस्त (एजेंसियां)। वाराणसी के महाश्मशान मणिकार्णिका घाट पर शवों का दाह संस्कार रुक गया है। डोम राजा परिवार की तरफ से सोमवार की सुबह 11 बजे से दाह संस्कार रुकने से खलबली मची है। बताया जाता है कि कुछ लोगों की ओर से अवैध कब्जा कर लकड़ी रखकर रास्ता ब्लॉक करने से डोम राजा परिवार नाराज है। उन्हें मनाने की कोशिशें हो रही हैं।

डोम राजा परिवार के बहादुर चौधरी ने बताया कि एक मनबढ़ ने लकड़ी गिराकर रास्ता रोक रखा है। लकड़ी गिराने से लोगों का दाह संस्कार प्रभावित हो रहा है। आए दिन इस तरीके से अवैध कब्जा किया जा रहा है। इससे दाह संस्कार प्रभावित हो रहा है। इसी के विरोध में डोम राजा परिवार की ओर से शवदाह रोक दिया गया है।

डोम राजा परिवार को मनाने के लिए स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे हैं। चौक इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्र ने समझाने की कोशिश की लेकिन बात नहीं बनी। बहादुर चौधरी ने बताया कि जब तक जिलाधिकारी मौके पर नहीं आ जाते और समस्या का समाधान नहीं होता वह दाह संस्कार नहीं कराएंगे। हरिश्चंद्र घाट पर भी दाह संस्कार रोक दिया गया है।

# हर दिन 5 टन प्लास्टिक कचरे से बनेगा 2500 लीटर डीजल



कानपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। प्लास्टिक कचरे से पूरी दुनिया हैरान-परेशान है। आधुनिकता की दौड़ में यह ऐसा प्रयोग है जिससे अब सारी दुनिया मुक्ति पाना चाहती है। विकल्पों की खोज हो रही है। इसी बीच भोपाल के विपिन त्रिपाठी ने प्लास्टिक कचरे से बायोडीजल बनाने की एक मशीन तैयार की है। यूपी के कानपुर में इसी माह प्लास्टिक कचरे से बायोडीजल बनाने का प्लांट भी शुरू हो जाएगा। कंपनी का दावा किया जा रहा है कि इस मशीन से प्लांट लगने से प्रदूषण तो कम करने के साथ ही प्रतिदिन 2500 लीटर बायोडीजल भी तैयार ि कया जाएगा। यह डीजल बाजार में उपलब्ध डीजल से तकरीबन 10 से 15 रुपये प्रतिलीटर तक सस्ता होगा। वहीं, बायोवेस्ट को कोयले के स्थान पर प्रयोग किया जा सकेगा।

**3 करोड़ की लागत से लगता है प्लांट**

कानपुर के पनकी क्षेत्र में तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से इस प्लांट को पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर लगाया जा रहा है। प्लांट के संचालन का जिम्मा मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थापति पवित्र वेस्ट मैनेजमेंट को सौंपा गया है। कंपनी के डायरेक्टर विपिन त्रिपाठी ने इस प्लांट को स्थापित करने में आने वाली लागत के बारे में उन्होंने बताया कि तकरीबन 3 करोड़ रुपये की लागत आती है।

विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यह प्लांट दो स्टेज में लगता है। पहले स्टेज की मशीन को लगाने में एक से डेढ़ करोड़ रुपये की लागत आती है। इसकी मदद से प्लास्टिक से कच्चा तेल बनाया जाता है।

## मंकी पॉक्स के शक पर स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप

अलीगढ, 1 अगस्त (एजेंसियां)। हरदुआगंज क्षेत्र के युवक के मंकी पॉक्स के संदेह पर सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। साथ ही स्वास्थ्य महकमा इसे लेकर बेहद सतर्क हो गया है। युवक के संपर्कों की तलाश की जा रही है। दिल्ली से लौटने के बाद वह किन किन के संपर्क में आया। इसकी पूरी हिस्ट्री तैयार की जा रही है ताकि उन सभी की मौजूदा स्थिति की जानकारी की जा सके और कहीं वह भी संपर्क में आने के बाद बीमार तो नहीं हो रहे। ये भी देखा जा रहा है।

बता दें कि दिल्ली से लौटे क्षेत्र के युवक के मंकी पॉक्स के लक्षण पाए गए। इस जानकारी पर हरदुआगंज से युवक को दीनदयाल अस्पतला जांच के लिए भेजा गया। जहां से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इसके बाद से ही स्वास्थ्य महकमा हरकत में आ गया है। युवक को एकांतवास में रखने के साथ-साथ उसके संपर्कों पर तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक कितने लोगों से युवक मिला और कहां कहां गया। यह सब जानने के साथ संपर्कों की सूची तैयार की जा रही है।

## पति की हरकतों से परेशान थी महिला, कुल्हाड़ी से काटा और थाने जाकर बोली- मैंने उन्हें मार डाला

जालौन, 1 अगस्त (एजेंसियां)। जालौन जिले में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आए दिन शराबी पति की मारपीट से परेशान पत्नी ने रविवार देर रात कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। पत्नी ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पति की हत्या किए जाने की बात बताई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाल शिवकुमार सिंह राठौर का कहना है की पति की हत्या करने वाली पत्नी को हिरासत में ले लिया गया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरार खेड़ा निवासी संदीप (30) शराब का लती था। जिसके चलते आए दिन दंपती में झगड़ा होता था। इसी के चलते रविवार देर रात पति द्वारा शराब पीकर झगड़ा करने के बाद पत्नी संध्या ने कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी।

# 50 हजार का इनामी अपराधी आफताब छत्तीसगढ़ से हुआ गिरफ्तार

सीवान, 1 अगस्त (एजेंसियां)। सीवान का 50 हजार का इनामी अपराधी आफताब मियां को पटना एसटीएफ व सीवान एसआइटी की टीम ने रविवार को छत्तीसगढ़ के भिलाई जिले के जमुनहा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि एमएलसी प्रत्याशी रईस खान के काफिले पर हमले के बाद सराय ओपी थाना क्षेत्र के चांप गांव निवासी आफताब मियां भिलाई जिले के जमुनहा थाना क्षेत्र में रहता था। कुछ ही दिन पहले बिहार सरकार ने जिले के कुख्यात अपराधियों आफताब मियां, गोलू सिंह और राहुल सिंह पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। आफताब मियां पर 50 हजार के इनाम की घोषणा होने के बाद पुलिस को सुराग मिला कि वह जमुनहा थाना क्षेत्र में रह रहा है। पुख्ता सबूत मिलने के बाद पटना एसटीएफ व सीवान एसआइटी टीम ने संयुक्त रूप से रविवार की

## कई कांडों में थी तलाश

सुबह छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।

**गोलीबारी के मामले में पूछताछ करेगी**

बिहार पुलिस अपराधी आफताब को अपने साथ लेकर चली गयी। गिरफ्तार आफताब मियां पर पूर्व एमएलसी प्रत्याशी रईस खान के काफिले पर एके-47 से हमला करने का आरोप है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि आफताब को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसआइटी और एसटीएफ की टीम ने उसे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद भिलाई पुलिस आफताब मियां को लेकर सीवान के लिए रवाना हो चुकी है, जो सोमवार को सीवान पहुंचेगी और उससे गोलीबारी के मामले में पूछताछ करेगी।

# 75 थानों में कबाड़ बन रही 10 हजार पुरानी गाड़ियां

## सिर्फ नयी व लग्जरी गाड़ियां हो रही नीलाम



पटना, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पटना जिले के ज्यादातर पुलिस थानों पर कबाड़ का ओवरलोड है। पुलिसकर्मियों व लोगों के बैठने की जगह भले न हो लेकिन कबाड़ को न केवल रखने की बल्कि उसकी सुरक्षा की दोहरी जिम्मेदारी अच्छी तरह निभायी जा रही है। पटना जिले के 75 थानों में करीब 10 हजार ऐसी गाड़ियां हैं। खास बात तो यह है कि जबसे ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई है उसमें सिर्फ नये व कीमती वाहनों की नीलामी हो रही है। जबकि सालों से रखे छोटे व पुराने वाहन आज भी उसी तरह सड़ रहे हैं।

शहर के कोतवाली थाने के आवासीय परिसर में रह रहे लोगों का कहना है कि जब्त वाहनों के कारण चारों तरफ गंदगी है। वहीं जक्कनपुर, खगौल, राजीवनगर और कंकड़बाग जैसे कुछ थानों में जब्त वाहन के बाद फिलहाल स्थिति ऐसी है कि वहां के पुलिसकर्मियों को भी आने- जाने में दिक्कत होने लगी है। जबकि बुद्धा कॉलोनी व गांधी मैदान ट्रैफिक थाने सहित कई थानों ने अब सड़क पर ही जब्त वाहनों को लगा दिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक शहरी थानों में लगभग 1500 चारपहिया और 5500 दोपहिया वाहन हैं। इनकी बैटरी से लेकर लाइट, टायर आदि गायब व खराब हो चुके हैं। कम कीमत पर पुराने दोपहिया और चारपहिया वाहन की नीलामी के लिए प्रशासन ने एक एजेंसी का चयन किया है। इसके तहत राज्य में शराब के साथ पकड़ी गयी गाड़ियों की अब इ-नीलामी करने का निर्देश दिया गया है। यह इ-नीलामी प्रशासन के उपक्रप मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉरपोरेशन लिमिटेड के जरिये करने का नियम बनाया गया है। छह महीने पहले पटना में वाहनों की इ-नीलामी की प्रक्रिया का सफल ट्रायल भी किया जा चुका है। इसके बाद विभाग ने पहले प्रमंडलीय मुख्यालयों और अब सभी जिलों में वाहनों की द-नीलामी करने का निर्देश दिया था। निलामी की प्रक्रिया में आम लोगों से भी जीएसटी आदि की डिमांड की जा रही है, जिससे वे नीलामी में शामिल होने से बचते हैं और खास लोगों के पास लग्जरी वाहन पहुंच जाते हैं।

# रोज सुबह बजने वाला 'भोंपू' तो अंदर गया

## सीएम शिंदे का संजय राउत पर बड़ा हमला

मुंबई, 1 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत की गिरफ्तारी पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तंज कसा है। एकनाथ शिंदे ने कहा है कि अब रोज सुबह आठ बजने वाला भोंपू तो अंदर चला गया। अब सुबह-सुबह भोंपू सुनने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि ईडी अपना काम कर रही है। अगर आप ईमानदार हैं तो आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

शिंदे ने कहा कि जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के बाद रविवार देर रात शिवसेना नेता संजय राउत को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, राउत ने दावा किया कि वह निर्दोष हैं और उन्हें फंसाया जा रहा है। वहीं मेडिकल के बाद आज उन्हें पीएमएलए अदालत में पेश किया जाएगा।



### मेरे खिलाफ झूठे सबूत बनाए जा रहे हैं: राउत

शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि मेरे खिलाफ झूठी कार्रवाई, झूठे सबूत लोगों को मार-पीटकर बनाए जा रहे हैं। ये सिर्फ महाराष्ट्र और शिवसेना को कमजोर करने के लिए है लेकिन महाराष्ट्र और शिवसेना कमजोर नहीं होगी। संजय राउत झुकेगा नहीं और पार्टी भी नहीं छोड़ेगा।

वहीं ईडी द्वारा गिरफ्तार संजय राउत के घर मिले 11.50 लाख रुपये को लेकर उनके भाई सुनील रावत ने बड़ा दावा किया है। सुनील ने कहा कि ये राशि शिवसैनिकों के अयोध्या दौरे के लिए रखी गई थी।

नोटों के बंडल पर एकनाथ शिंदे भी लिखा था। मुंबई के पात्रा चॉल जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने कल 16 घंटे की पूछताछ के बाद राउत को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें आज कोर्ट में पेश कर प्रवर्तन निदेशालय रिमांड मांग सकता है। इस बीच इस घोटाले, उनसे पूछताछ, गवाह को धमकी, उनकी हिरासत को लेकर कई खबरें मीडिया में छा रही हैं।

### 1039.79 करोड़ का है पात्रा चॉल घोटाला

मुंबई पश्चिमी उपगनर के गोरेगांव स्थित सिद्धार्थ नगर के पात्रा चॉल के 47 एकड़ जमीन पर 672 परिवारों के घरों के पुनर्विकास के लिए साल 2007 में सोसायटी द्वारा महाराष्ट्र हाउसिंग डेवलपमेंड अथॉरिटी (म्हाडा) और गुरू कंस्ट्रक्शन कंपनी के बीच करार हुआ था।

इस करार के तहत कंपनी को साढ़े तीन हजार से ज्यादा फ्लैट बनाकर म्हाडा को देने थे। उसके बाद बची हुई जमीन प्राइवेट डेवलपर्स को बेचनी थी। डीएचआईएल के राकेश वधावन, सारंग वधावन, प्रवीण राउत और गुरू आशीष इस कंपनी के निदेशक थे। आरोप है कि कंपनी ने म्हाडा को गुमराह कर पात्रा चॉल की एफएसआई 9 अलग-अलग बिल्डरों को बेच कर 901 करोड़ रुपये जमा किए।

## शिवसेना प्रमुख उद्धव ने संजय राउत को बताया पुराना मित्र, कहा-उन पर गर्व है



मुंबई, 1 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पार्टी के राज्यसभा सांसद की गिरफ्तारी पर भड़के हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार की एजेंसी पर भड़ास निकाली है। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, 'मुझे संजय राउत पर गर्व' है। उन्होंने कहा कि राजनीति में बुद्धि बल नहीं बल्कि शारीरिक बल का प्रयोग किया जा रहा है।

इसके पहले प्रवर्तन निदेशालय ने पात्रा चॉल जमीन घोटाला मामले में शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि संजय राउत का दावा है कि वो निर्दोष हैं और उन्हें इस मामले में फंसाया जा रहा है। संजय राउत की गिरफ्तारी के बाद शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे उनके घर पहुंचे हैं और उनके परिजनों से मुलाकात की है। उसके बाद उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में कहा, कि संजय राउत की जिस तरह से गिरफ्तारी हुई है वो गलत है।

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क | में | कर्क... | 04-46 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | में | सिंह... | 06-58 | बजे |
| मंगल | मेष | में | कन्या | 09-06 | बजे |
| बुध- | सिंह | में | तुला - | 11-10 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | वृश्चिक | 13-09 | बजे |
| शुक्र- | मिथुन | में | धनु--- | 15-34 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मकर- | 17-36 | बजे |
| राहु- | मेष | में | कुंभ - | 19-26 | बजे |
| केतु- | तुला | में | मीन... | 21-10 | बजे |
| | | | मेष-- | 22-45 | बजे |
| | | | वृष-- | 00-30 | बजे |
| | | | मिथुन.. | 02-45 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-वर्षा,दिशाशूल- उत्तर • गुड खाकर घर से निकले
तिथि- पंचमी • **05-42** • राततक उपरान्त, षष्ठी
मास • श्रावण शुक्ल पक्ष , मंगलवार, **02 August**
नक्षत्र -उ.फाल्गुनी • **17 -28** • तक,उपरान्त, हस्त
योग • शिव **-18 • 36** • तक उप- सिद्ध
करण- बव • **17 -31** • तक,उप- बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार • **नागपंचमी**

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**15:35** से
**17:11** तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग. | **05:57 - 07:33** | अशुभ | काल | **18:48 - 20:11** | अशुभ |
| उत्पात | **07:33 - 09:10** | अशुभ | लाभ. | **20:11 - 21:35** | शुभ |
| चंचल | **09:10 - 10:46** | शुभ | उत्पात | **21:35 - 22:59** | अशुभ |
| लाभ | **10:46 - 12:22** | शुभ | शुभ | **22:59 - 00:22** | शुभ |
| अमृत | **12:22 - 13:59** | शुभ | अमृत | **00:22 - 01:46** | शुभ |
| काल. | **13:59 - 15:35** | अशुभ | चंचल | **01:46 - 03:10** | शुभ |
| शुभ. | **15:35 - 17:11** | शुभ | रोग | **03:10 - 04:33** | अशुभ |
| रोग | **17:11 - 18:45** | अशुभ | काल | **04:33 - 05:59** | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अब आपका हर काम और पूरा ध्यान अपने करियर के लिए है। आप इस पर बिलकुल अपना पूरा ध्यान और समय लगा रहे हैं।आपको थोड़ी सी राहत की जरुरत है और अच्छी बात यह है कि आप तब भी अपना लक्ष्य हासिल कर पायेंगे। अपने काम के जाल से बाहर निकलकर परिवार को भी समय दें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज आप खुद को अधिक समर्पित अनुभव करेंगे और सारा लंबित काम निपटा लेंगे।ये सारा काम ख़त्म करके आपको एक तरह की संतुष्टि मिलेगी जिसे आपके अन्य करीबी भी नोट करेंगे।इसका नतीजा यह होगा की आपको घर और कार्यस्थल दोनों ही जगह अधिक सराहना मिलेगी।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आप आजकल हर किसी की नजर में है।जल्दी ही आप अपने दुश्मनों को पहचान जायेंगे।इनसे निपटते हुए सावधान रहें क्योंकि ये लोग आपको भड़काकर आपको गलत साबित करना चाहते हैं।यदि बहुत ज्यादा विरोध हो रहा हो तो पीछे हट जाएँ।हालाँकि आपको कोई ऐसा भी मिलेगा जिसपर आप यकीन कर सकते हो।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज फैसला लेने का दिन है।आप पिछले सप्ताह से कई चीजों के बारे में चिंता कर रहें हैं।आज कोई ऐसा फैसला लेना पड़ सकता है जो शुरू में काफी कठोर लगे।लेकिन आपको इस बारे में अपने दिल की सुननी चाहिए।ये सोचना है कि अब मुझे क्या करना चाहिए ये नही कि मुझे क्या करना होगा

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आप अपने दोस्त की गलती की जिम्मेदारी खुद लेने पर तुले हुए हैं ,लेकिन इसके नतीजों के बारे में भी सोच लें। किसी कानूनी पचड़े में भी पड़ सकते हैं। कोई ऐसी घटना होगी जो आपको कभी ना भूलने वाला सबक देगी। कुछ अलग दिखें,कपड़े या अपना बाल बनाने का तरीका बदल लें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पुरानी और बेकार चीजों को जीवन से हटा देने का समय है। आप किसी पिछली स्थिति से महज किसी अहसान की भावना या मजबूरी के चलते चिपके हुए हैं जो अब आपको कतई पसंद नही है।आपको इसमें से बाहर आ पाना मुश्किल लग रहा था लेकिन आज आप इस स्थिति से बाहर आने के लायक मानसिक शक्ति जुटा पायेंगे।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आज आप बहुत साहसिक अनुभव कर रहे हैं और अपना रास्ता खुद बनाने के लिए तैयार हैं। आप अपनी इच्छाशक्ति से सब मुश्किलों पर विजय प्राप्त कर लेंगे।आज आपकी तरक्की को कोई नही रोक सकता।इसीलिए अपने सभी मुश्किल काम आज करने की योजना बनाएं,सफलता आपके कदम चूमेगी।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आप आज किसी अपराजेय शक्तिपुंज के समान महसूस करेंगे और किसी भी विरोध पर आसानी से विजय हासिल कर लेंगे।आज का दिन उस काम को करने का बहुत अच्छा दिन है जो आप काफी समय से करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि आज आपको कोई नही रोक सकता।आज का दिन अपने सबसे महत्वपूर्ण काम करें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे। अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें,जो आपको परेशान कर रही हैं। अनिश्चितता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे।किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा। बोलते हुए सावधान रहें।किसी की आपके शब्दों से ग़लतफ़हमी हो सकती है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आपको मदद की जरुरत है और आप जितनी जल्दी यह बात समझ लेंगे उतना ही अच्छा है।समय रहते किसी दोस्त या मेंटर से मिली मदद से आप फिर से जीवन में आपस आ पायेंगे। जिन बदलावों का आप विरोध करते आ रहे हैं उनकी महत्ता आपको अब समझ में आएगी और आप खुद उन्हें करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आज आपमें कुछ करने और दूसरों को प्रभावित करने की इच्छा बनी रहेगी। आप मजबूत और पक्के फैसले ले पायेंगे और ऐसा करना का आपका समय बिलकुल ठीक होगा। आप अपने पुराने कर्ज और अहसानों से भी मुक्त हो पायेंगे। आप अपनी शीघ्र विचार की क्षमता के कारण किसी की जरुरत के समय मदद कर पायेंगे।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आप आज होने वाली घटनाओं के कारण और कई तरह की उलटी सीधी सूचनाओं के कारण खुद को उलझन में फंसा हुआ अनुभव करेंगे। इस समय आपका सही मार्गदर्शन आपके मन की आवाज ही कर सकती है।जैसा आपका मन कहता है वैसा ही करें।इससे आपको काफी कुछ सीखने को भी मिलेगा

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

## गिर जाएगी शिंदे सरकार : आदित्य ठाकरे बोले-महाराष्ट्र में विश्वासघात मंजूर नहीं

सिंधुदुर्ग, 1 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना की सहयोगी इकाई युवा सेना के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा है कि एकनाथ शिंदे सरकार निश्चित रूप से गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में विश्वासघात मंजूर नहीं है, इसलिए इस सरकार का पतन तय है।

अपने कोंकण टूर के दौरान सोमवार को सिंधुदुर्ग में शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने यह बात कही। ठाकरे ने आरोप लगाया कि शिंदे सरकार का ध्यान 'डर्टी पॉलिटिक्स' पर है, लोगों की भलाई पर नहीं है। शिवसेना प्रमुख व पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के पुत्र ने कहा कि महाराष्ट्र विश्वासघात को कभी बर्दाश्त नहीं करता है। आदित्य ने कहा, 'ये पूरा राजनीतिक ड्रामा डेढ़ महीने चलने वाला है। सरकार निश्चित रूप से गिर जाएगी।' शिंदे सरकार पर हमला करते हुए आदित्य ने आरोप लगाया कि राज्य में लगातार बारिश और बाढ़ आई है, लेकिन सरकार को इसकी परवाह नहीं है। जून अंत में में बनी शिंदे सरकार में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस उप मुख्यमंत्री हैं। शिंदे और शिवसेना के 40 विधायकों के विद्रोह के कारण पिछले महीने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई थी। अब शिंदे गुट शिवसेना पर दावा कर रहा है और इसकी कानूनी लड़ाई अभी चुनाव आयोग व सुप्रीम कोर्ट में जारी है।




### गलत कामों, महंगाई व बेरोजगारी की बात करने वालों का दमन

संजय राउत मामले का परोक्ष जिक्र करते हुए शिवसेना नेता ने आरोप लगाया कि जो भी कोई गलत कामों को लेकर आवाज उठाता है उसका दमन किया जाता है और उसे निशाना बनाया जाता है। देश में महंगाई व बेरोजगारी है, लेकिन इन लोगों का ध्यान सिर्फ राजनीति व अन्य दलों व उनके नेताओं को तोड़ने में है। ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल ने हाल ही में जो कहा, आपने सुना होगा। उन्होंने जानबूझकर ठाणे व मुंबई का नाम लिया, जहां हाल ही में निकाय चुनाव होंगे।

## तमिलनाडु के राज्यपाल की पाकिस्तान को चेतावनी

> कहा-बंदूक का जवाब बंदूक से ही देंगे
> पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को बताया कमजोर प्रधानमंत्री



कोच्चि, 1 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने भारत में आतंकी गतिविधि बढ़ाने को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी बंदूक का इस्तेमाल करता है, उसका जवाब बंदूक से ही दिया जाना चाहिए।

दरअसल, राज्यपाल रवि केरल के कोच्चि में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए भारत की हिंसा के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराया। राज्यपाल के मुताबिक, पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की इंटरनल सिक्योरिटी पिछले सरकार के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। उन्होंने कहा कि जो लोग देश की एकता और अखंडता के खिलाफ बात करते हैं, उनसे कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए। आठ सालों में किसी भी आर्म्ड ग्रुप के साथ सरेंडर करने के अलावा कोई बात नहीं की गई है। अपने भाषण के दौरान राज्यपाल ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों को लेकर पूर्व यूपीए सरकार पर निशाना साधा और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह सरकार की आलोचना भी की।

राज्यपाल आरएन रवि ने कहा कि 2008 में जब मुट्ठी भर आतंकवादियों ने मुंबई पर हमला किया, तो पूरा देश सदमे में था। हमले में 10 आतंकियों ने 12 जगहों पर गोलीबारी की, जिसमें करीब 174 लोग मारे गए, 300 से ज्यादा घायल हुए। राज्यपाल के मुताबिक हमले के 9 महीने बाद तब के भारत के प्रधानमंत्री और पाकिस्तानी पीएम के बीच एक जॉइंट प्रेस रिलीज पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें कहा गया कि दोनों ही देश आतंकवाद के शिकार हैं।

## केरल के सीएम को दी साड़ी-ब्लाउज पहनने की सलाह, बाद में पलटे विधायक

कोझिकोड, 1 अगस्त (एजेंसियां)। केरल की स्कूलों में लैंगिक पहचान पहचान छिपाने वाले गणवेश को लेकर विवाद गहरा रहा है। इंडियन मुस्लिम लीग के विधायक एमके मुनीर ने कल आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ वाम मोर्चा स्कूलों में धर्म की पहचान को नकारने की कोशिश कर रहा है। राज्य सरकार लैंगिक समानता के नाम पर लैंगिक तटस्थता थोप रही है। इसे लेकर मुनीर ने सीएम पिनराई विजयन को सार्वजनिक कार्यक्रमों में साड़ी-ब्लाउज पहन कर जाने की सलाह दे डाली थी। विवाद पैदा होने पर आज उन्होंने सफाई दी है।

विधायक मुनीर ने सोमवार को कहा कि वह लैंगिक तटस्थता के खिलाफ नहीं बोल रहे थे। न ही उनका मुख्यमंत्री विजयन का मखौल उड़ाने का इरादा था। वह केवल यह बता रहे थे कि लैंगिक तटस्थता का विचार पितृसत्तात्मक है। रविवार को कोझिकोड में एक कार्यक्रम में मुनीर ने आरोप लगाया था कि वाम मोर्चा सरकार स्कूलों में लिंग तटस्थ गणवेश नीति के माध्यम से धर्म की उपेक्षा करने की कोशिश कर रही है।



सरकार को ऐसा करना है तो सीएम यात्रा के दौरान साड़ी और ब्लाउज क्यों नहीं पहनते हैं? उन्होंने सवाल किया था कि विजयन जब स्कूली बच्चों के लिए लैंगिक रूप से तटस्थ पोशाक की पैरवी कर रहे हैं, तो वे खुद लैंगिक रूप से तटस्थ क्यों नहीं रहते?

### लड़के-लड़कियों के लिए समान पोशाक के खिलाफ केरल के मुस्लिम

गत वर्ष केरल के एक सरकारी स्कूल में लड़के-लड़कियों के लिए समान पोशाक लागू की थी। इसके खिलाफ मुस्लिम समन्वय समिति के नेतृत्व में लोगों के एक वर्ग ने स्कूल तक मार्च निकाला था। दरअसल, केरल में लंबे समय से लैंगिक समानता के प्रयास चल रहे हैं। विद्यार्थियों की लैंगिक पहचान छिपाने के लिए ही उनके लिए समान ड्रेस लागू करने के लिए जनमत बनाया जा रहा है। इसका मकसद महिलाओं-पुरुषों के बीच लिंग के आधार पर भेदभाव खत्म करना है। हाल ही में केरल के सीएम विजयन ने भी लैंगिक रूप से तटस्थ ड्रेस कोड की पैरवी की थी।

### पुरुष प्रधान समाज के अगुआ तय कर रहे लिंग तटस्थता

मुनीर ने कल वाम मोर्चा सरकार की लैंगिक तटस्थता नीति पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने सवाल किया कि यह विश्वास कहां से आया कि लैंगिक समानता तभी हासिल की जा सकती है जब महिलाएं पुरुषों की तरह कपड़े पहनें? मेरी इस बात को यदि सीएम का उपहास या गाली देने जैसा माना जाता है तो यह गलत है। मेरा इरादा ऐसा नहीं था। मुनीर ने स्पष्ट किया, 'जब मैंने पूछा कि सीएम साड़ी और ब्लाउज क्यों नहीं पहन सकते हैं? तो इसका मतलब यह नहीं था कि उन्हें ये पहनकर घूमना चाहिए। यह एक उदाहरण स्वरूप कहा था। मेरा इशारा था कि केरल में लिंग तटस्थता को पुरुष प्रधान समाज के अगुआ तय कर रहे हैं।

## लड़कियां पार्थ का पसीना पोंछती थीं

## पार्थ का मोनालिसा से भी था अफेयर; टीएमसी की पूर्व नेता बोलीं-मेरे पास दोनों की चैट है

टीएमसी की पूर्व नेता और पश्चिम बंगाल कॉलेज-यूनिवर्सिटीज के प्रोफेसर एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी रहीं बैसाखी बनर्जी ने पार्थ चटर्जी से जुड़े कई मामलों का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि पार्थ के साथ चार-पांच लड़कियां रहती थीं, जो उनका पसीना तक पोंछती थीं। पार्थ ममता बनर्जी से भी खुश नहीं थे, क्योंकि वे अपने सगे यानी अभिषेक बनर्जी को ज्यादा तवज्जो देने लगी थीं। पढ़िए और देखिए बैसाखी का ये इंटरव्यू।

कभी पार्थ चटर्जी की बेहद करीबी कही जाने वाले बैसाखी का कहना है, 'मैं पार्थ चटर्जी को 2016 से जानती हूं। उनके बार-बार जिद करने पर ही डब्लयूबीसीयूपीए की जनरल सेक्रेटरी बनी थी। उन्होंने मुझे कभी ऐसी निगाहों से नहीं देखा कि शर्मिंदा होना पड़े या मैं अनकम्फर्टेबल महसूस करूं।' 'लेकिन उनके साथ अलग-अलग लड़कियों के नाम हमेशा जुड़ते रहे। उनकी करीबी अर्पिता के पास से जो 50 करोड़ रुपए कैश मिले हैं यदि वे पार्थ के नहीं हैं तो उन्हें यह बताना चाहिए कि वो किसके हैं। षड़यंत्र में फंसाने की बात भी उन्होंने चार-पांच दिन बाद कही। जबकि कोई षडयंत्र में फंसता है तो सबसे पहले यही बात कहता है।' 'पार्थ चटर्जी जब एजुकेशन मिनिस्टर थे तब बहुत बड़ी संख्या में ऐसी लड़कियों को रिक्रूट किया गया जो अंडर क्वालिफाइड थीं। क्योंकि मैं खुद मिली अल-अमीन कॉलेज की प्रिंसिपल थी इसलिए सब पता चल रहा था। उन्होंने मंत्री होते हुए भी करप्शन रोकने की कोई कोशिश क्यों नहीं की।'




बैसाखी के मुताबिक, 'सिर्फ अर्पिता ही पार्थ की करीबी नहीं हैं बल्कि आसनसोल की मोनालिसा दास भी उनकी गर्लफ्रेंड रही हैं। मोनालिसा जिस कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर थीं, वहां के वाइस चांसलर की वाइफ ने मुझे मोनालिसा की शिकायत की थी।' 'उन्होंने कहा था कि 'पार्थ चटर्जी की गर्लफ्रेंड मोनालिसा का मेरे हसबैंड के साथ अफेयर चल रहा है। मेरा घर बर्बाद हो रहा है। आप उन्हें जानती हैं, कुछ कीजिए। मैंने कहा, आप इतना बड़ा आरोप लगा रही हैं आपके पास क्या प्रूफ है कि मोनालिसा पार्थ की गर्लफ्रेंड हैं।' 'इस पर उन्होंने मुझे पार्थ और मोनालिसा के बीच की कुछ चैट भेजी थीं। जिनसे साफ था कि दोनों काफी नजदीकी हैं। यह चैट मेरे पास अब भी है, लेकिन क्योंकि यह उनका निजी मामला है, इसलिए मैं किसी से शेयर नहीं करूंगी।' 'मोनालिसा के बांग्लादेश में काफी रिलेशन हैं। बांग्लादेश के एक बड़े पोएट की भी वो काफी करीबी हैं। जिस तरह से उनकी ग्रोथ हुई, उससे हर कोई हैरान था। यहां तक टीएमसी के लोकल विधायक ने भी मुझे कहा था कि यह लेडी बहुत तेजी से आगे जा रही है, लेकिन उसके ऊपर पार्थ चटर्जी का हाथ था इसलिए कोई कुछ कर नहीं सकता था।'

'उस महिला की शिकायत लेकर मैं पार्थ चटर्जी के पास गई तो उन्होंने मुझे नजरअंदाज करते हुए कहा कि मैं टीएमसी में नंबर-2 हूं। मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। इसके बाद उस महिला ने यह पूरा मामला लिखकर सीएम ममता बनर्जी के पास भेज दिया।' 'सीएम ने वो लेटर तत्कालीन एजुकेशन मिनिस्टर यानी पार्थ चटर्जी को ही भेज दिया। पार्थ ने शिकायत करने वाली महिला को बुलाकर उसकी बात सुनी और उससे कहा कि आप घर जाओ, सब ठीक हो जाएगा। लेकिन अगले दिन उन्होंने उसके पति को बुलाकर कहा कि तुम्हारी पत्नी को समझाओ। वो सीएम तक पहुंच गई है। यदि वो चुप नहीं हो रही तो उसे पागल करार दे दो।'

'जब उस महिला ने ये बातें मुझे बताईं तो मैं सुनकर हैरान रह गई। पार्थ चटर्जी के दो चेहरे हैं। एक जो मेरे सामने था, और दूसरा जो बाकी लोगों के जरिए मुझे पता चल रहा था। बाद में उस महिला को नौकरी से हटा दिया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू के समर्थन में उपराष्ट्रपति उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा

### कहा-राष्ट्रपति चुनाव में वोटर होती तो मुर्मू को ही वोट देती




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष की ओर से चुनाव मैदान में उतरीं मार्गरेट अल्वा का कहना है कि राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मू इतनी अच्छी प्रत्याशी थीं कि अगर इस चुनाव में मतदान का उनको हक होता तो वह मुर्मू को ही वोट देतीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी को चुनकर देश ने आदिवासी समाज को आवाज दी है। उनको हमेशा हकों के लिए लड़ना पड़ा है। करीब 30 साल सांसद, केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल रह चुकीं अल्वा ने भास्कर को दिए इंटरव्यू में कहा कि देश के सामने पहली महिला उपराष्ट्रपति चुनने का ऐतिहासिक अवसर आया है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 6 अगस्त को होना है।

**समर्थन को लेकर आपको क्या उम्मीद है?**

जिस तरह लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर भारी मतदान किया, वैसा ही समर्थन वे उपराष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण की एक महिला के पक्ष में करेंगे। मैं लोकसभा और राज्यसभा की हर महिला सांसद को निजी तौर पर पत्र लिखकर उनसे वोट की अपील करूंगी। संसद में इस समय 100 से अधिक महिला सदस्य हैं और मुझे उम्मीद है कि उनका खुले दिल से वोट और समर्थन मिलेगा। यह प्रधानमंत्री और देश के लिए गौरव की बात होगी कि दो सर्वोच्च पदों पर सक्षम महिलाएं होंगी। मैं राज्यसभा के सभापति के रूप में सदन को सफलता से चलाकर सरकार की मदद ही करूंगी। मैं भी गवर्नर रही हूं, वह भी रहे हैं।

मैं वकील हूं, वे भी रहे हैं, लेकिन गवर्नर रहते हुए मेरा और उनका ट्रैक रिकॉर्ड देख लीजिए। मैंने अपने लिए लक्ष्मण रेखा तय की है। राजभवन के दरवाजे सबके लिए खुले रखे और उसे कभी पार्टी ऑफिस नहीं बनने दिया। आप देख सकते हैं कि पश्चिम बंगाल में क्या हो रहा था, जहां धनखड़ राज्यपाल रहे, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि वहां भी वह एक महिला (ममता बनर्जी) से लड़ रहे थे और यहां भी वे महिला से ही लड़ने को विवश हैं।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 2 अगस्त, 2022

# लापरवाही की हद

मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूं, यह ब्रम्ह वाक्य है देश के लगभग राज्यों की पुलिस का। पुलिस से हर आदमी उम्मीद करता है कि वह मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए वह हर संभव प्रयास करेगी। लेकिन अफसोसजनक है कि कभी-कभी पुलिस अपनी ड्यूटी की जिम्मेदारियों को ठीक से निभाने की बजाय लापरवाही की सारी हदें पार कर देती है। कहीं-कहीं तो यह भी देखने को मिलता है कि पुलिस की संवेदनाएं भी शून्य हो चुकी हैं। जैसा कि हाल ही में बिहार के बेगूसराय जिले के निपनिया गांव में देखने को तब मिला जब एक अज्ञात शव को रस्सी से बांध कर घसीटते हुए पुलिस ले जा रही थी। गांव वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपनी पहली जिम्मेदारी भी नहीं निभा पाई। नियमानुसार शव को उचित कार्रवाई के लिए सबसे पहले पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाना था, लेकिन पुलिस ने सफाईकर्मियों के जरिए शव के पैर में रस्सी बांध कर घसीटते हुए पहले ट्रैक्टर तक, फिर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस तक भी उसी तरह ले जाया गया। देखा जाए तो किसी अनजान व्यक्ति के शव की इस तरह की दुर्दशा देख कर आम इंसान भी करुणा से भर जाता है। यहां तक कि पराए कहे जाने वाले लोग भी किसी शव को देख कर अपना सिर श्रद्धा से झुका देते हैं। लेकिन ऐसी जगह पर पुलिस का जो संवेदनहीन रवैया दिखाई दिया, उसने आज के प्रशासन व्यवस्था पर कई सवाल खडे कर दिए हैं। शव मिलने की सूचना के बाद वहां पहुंची पुलिस और उसके अधिकारी को क्या अपनी ड्यूटी और उसके तहत तय जिम्मेदारियों का एहसास नहीं था? क्या पुलिस में भर्ती होने के बाद उन्हें मिले प्रशिक्षण के तहत इस तरह के बर्ताव से बचने और उचित प्रक्रिया का पालन न करने की कोई ट्रेनिंग दी गई थी? इसके अलावा, क्या वर्दी में होने की वजह से उनकी संवेदनाएं इतनी मर गई थी कि उन्हें एक शव के साथ सम्मान से नहीं पेश आना चाहिए था? किसी अपराधी की भी मौत हो जाए तो उसके शव के साथ इस तरह का बर्ताव आमतौर पर नहीं किया जाता, लेकिन इस घटना में तो पोस्टमार्टम होने तक शव की शिनाख्त भी नहीं हो सकी थी। फिर सिर्फ शव की स्थिति की वजह से उसे रस्सी बांध कर घसीट कर ले जाने का भी बचाव नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसी स्थितियों में भी शवों के निपटान के लिए आज तमाम उपाय मौजूद हैं। पुलिस की इस करतूत का वीडियो जब वायरल हो गया तो जिसने भी देखा उसमें ही आक्रोश फैल गया। पुलिस की किरकिरी देख वहां मौजूद पुलिसकर्मियों में से उपनिरीक्षक को निलंबित कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई। ऐसे संवेदनहीन पुलिस वालों को तो बर्खास्त कर देना चाहिए। देखा जाए तो ऐसे लोग इस तरह की जिम्मेदारी की जगह लेने के काबिल ही नहीं हैं। पुलिस की इन्हीं करतूतों की वजह से आम लोगों में विभाग की छवि अच्छी नहीं बन पाई है। यह मुर्दों के साथ पुलिस का यह क्रूर व्यवहार है तो आम इंसानों के साथ यह कैसा बर्ताव करते होंगे, समझा जा सकता है। सुरक्षा में तत्पर रहने के कई तरह के नारों से लैस पुलिस की पहली जिम्मेदारी यह थी कि वह अपने व्यवहार से सबका विश्वास जीते और जरूरी कानूनी कार्रवाई के वक्त लोगों का सहज सहयोग हासिल करे। लेकिन इनकी कार्यशैली की हकीकत क्या है यह आए दिन उजागर होता ही रहता है। ऐसी तमाम खबरें आए दिन प्रकाश में आती रहती हैं कि किसी की मौत के बाद शव को घर ले जाने के लिए अस्पताल की ओर से एंबुलेंस या अन्य वाहन मुहैया नहीं कराया गया तो परिजन शव को ठेला व सायकिल पर ले जाने को मजबूर हो गए। कभी-कभी तो लोग अपने लोगों का शव कंधे पर ही लाद कर ले जाते हुए देखे गए हैं। इस तरह के मौकों पर भी सवाल उठने का सिरा यही होता है कि किसी की मौत के बाद उसके शव के साथ व्यक्ति, समाज और सरकार को सम्मान के साथ पेश आना चाहिए। यही मानवीयता का भी तकाजा है।

# चिकित्सा में नई तकनीक का कमाल



निरंकार सिंह

नई-नई तकनीकों के आविष्कार से चिकित्सा जगत में ऐसी क्रांति हुई है जिसने जटिल रोगों के उपचार और मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नये द्वार खोल दिये हैं। इससे आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बहुत मदद मिली है।

स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी तकनीक को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के समाधान और लोगों की जिन्दगी बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपकरणों, दवाइयों, प्रक्रियाओं के तौर पर विकसित किये गये सुव्यवस्थित ज्ञान और कौशल का यह सही इस्तेमाल है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल आपरेशन थियेटरों में होता है और इस तकनीक से सर्जरी करने वाले डाक्टरों को जीवन-रक्षक क्षेत्रों के बारे में बेहतर अनुमान हासिल करने में मदद मिलती है।

आभासी तकनीक का इस्तेमाल मानसिक रोगों के इलाज के लिए कृत्रिम माहौल बनाने में किया जा सकता है। दूसरी तरफ मिश्रित वास्तविकता तकनीक चिकित्सा शिक्षा से जुड़े टूल के लिए बेहतरीन तकनीक उपलब्ध करानी है।

गंभीर बीमारियों से जुड़ी चिकित्सा प्रणाली में काफी प्रगति देखने को मिल रही है और नई तकनीकों की वजह से इसमें लगातार बदलाव हो रहे हैं। इसमें मरीजों के लक्षणों के आधार पर बीमारियों का पता लगाने के लिए एल्गोरिथ के साथ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल होता है। इससे अलग-अलग तरह के इलाज के लिए बेहतर सलाह भी मिल जाती है। महामारी की वजह से वायरलेस सहायता सिस्टम पर हमारी निर्भरता बढ़ गई है, जिसमें मानिटर और पहनने योग्य उपकरणों (वियरेबल डिवाइस) का इस्तेमाल भी शामिल है। इन उपकरणों की सहायता से डाक्टर मरीज के पास मौजूद रहे बिना भी जरूरी सलाह जारी कर सकते हैं। इस चिकित्सा प्रणाली का प्रशिक्षण अब वर्चुअल हो गया है, जहाँ एक मिलती-जुलती स्थिति के आधार पर वास्तविक चीजों के बारे में जानकारी दी जाती है। अतः मरीजों की सुरक्षा से समझौता किये बिना इसे बेहतर बनाने के लिए काम जारी है। चिकित्सा की पढ़ाई वाले संस्थानों में बड़े पैमाने पर सिमुलेशन प्रयोगशालाओं में सीखने की प्रक्रिया सामान्य कक्षाओं के मुकाबले ज्यादा दिलचस्प है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई का दायरा दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। यह वही करता है जो मनुष्य कर सकता है। लेकिन कम समय लेता है और कम लागत पर इसे अधिक कुशलतापूर्वक करता है। इसकी एक बेहतरीन तकनीक है जिसके माध्यम से यह स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में रोगियों को ज्यादातर भाग में डाक्टर के बिना लंबे समय तक जीवित रहने में मदद करता है। ऐसे ही कई अन्य विभिन्न अनुप्रयोग हैं, जो एक स्वस्थ दिनचर्या का प्रबन्धन करने और मानव के व्यवहार पैटर्न को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, वे विभिन्न लक्षणों की निगरानी, आपातकालीन देखभाल में सहायता के माध्यम से बीमारियों का पता शुरूआती चरणों में ही लगाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, रोबोटिक्स एक ऐसी शाखा है जिसका उपयोग अब स्वास्थ्य वा में किया जाने लगा है क्योंकि रोबोट कठिन और सटीक आवश्यक सर्जरी में डाक्टरों की मदद कर रहे हैं। ये रोबोटिक्स पुनर्वास केन्द्रों में भी व्यायाम और उपचार के साथ व्यक्तियों की सहायता करते हैं। एआई के कारण अनुसंधान क्षेत्र में हालिया विकास देखा जा सकता है, क्योंकि इसे सही दिशा में लागू करने से समय और जीवन की बचत के साथ-साथ क्षेत्र में लागत ने ऐसे एल्गोरिदम के निर्माण में सहायता प्रदान की है जो मानव मस्तिष्क की तरह ही कार्य कर सकते हैं।

ट्रामा, ट्यूमर और संक्रमण की वजह से होने वाली हड्डी सम्बन्धी बीमारी के इलाज में 3डी प्रिंटिंग की वजह से क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिला है। दरअसल, 3डी प्रिंटिंग के जरिए छिद्रयुक्त कस्टमाइज प्रत्यर्पण संभव होता है और इससे अंगों की सुरक्षा में मदद मिलती है और कई मामलों में अंग-विच्छेदन को रोका जा सकता है। 3डी प्रिंटिंग तकनीक स्नायु सम्बन्धी बीमारियों की मदद के लिए खास तरह के पालिमर उत्पाद (पहनने वाला) बनाता है। आधुनिक तकनीक की मदद से विकसित बीओनिक अंग मरीजों को नया जीवन दे सकते हैं। जीनोम अनुक्रमण तकनीक की मदद से शुरूआती चरण में ट्यूमर का पता लगाया जा सकता है।

प्रत्यपण सम्बन्धी संक्रमण की पहचान की जा सकती है और जरूरी इलाज सुनिश्चित किया जा सकता है। गणितीय माडल के आधार पर सफलता/जटिलताओं आदि के बारे में भविष्यवाणी करने में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस/मशीन लर्निंग का अहम योगदान रहा है। इन तकनीकों के जरिए मरीजों से जुड़े खतरों के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है और इस तरह उनके इलाज के लिए उचित सलाह देना संभव होगा। आर्थोप्लास्टी के जटिल मामलों में भी रोबोटिक सर्जरी काफी कारगर रही है और इससे सटीक प्रत्यर्पण सुनिश्चित हो पाता है। सूक्ष्मजीवोरोधी नैनो तकनीक से हड्डी सम्बन्धी संक्रमण से ज्यादा प्रभावी तरीके से निपटना संभव होगा।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाई-परफार्मेंस कम्प्यूटिंग (एचपीसी), आईओटी सेंसर और 5जी जैसी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की वजह से आबादी सम्बन्धी डेटा का सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जाने वाले उपायों को ज्यादा प्रभावी, रियल-टाइम और लोगों को जरूरतों के हिसाब से सटीक बनाया जा सकेगा। रियल टाइम और लोगों को जरूरतों के हिसाब से सटीक बनाया जा सकेगा। इस तरह 'सभी के लिए स्वास्थ्य' लक्ष्य पर बेहतर तरीके से अमल संभव हो सकेगा।

जियोस्पेशल तकनीक, वीयरेबल तकनीक, माइक्रोब्लालिंग से जुड़ी निगरान, 3डी प्रिंटिंग, टेलीहेल्थ, क्लाउड आधारित इलेक्ट्रानिक स्वास्थ्य आधारभूत संरचना, परिवहन (ड्रोन) तकनीक और इंटरनेट आफ मेडिकल थिंग्स (आईओएमटी) जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में किया जा सकता है।

इन तकनीकों के जरिये बीमारियों से जुड़ी प्रोफाइल तैयार करने, स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचनाओं को इक्ट्ठा करने, बीमारियों को गंभीरता के बारे में पहले ही जानकारी मुहैया कराने आदि में मदद मिल सकती है। इसके अलावा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं के आंकलन में भी आसानी होती है। इस तरह समग्र तौर पर स्वास्थ्य प्रणाली बेहतर होती है और स्वास्थ्य सम्बन्धी लागत में कमी आती है।

रेडियोलाजी चिकित्सा विज्ञान से सम्बन्धित ऐसा क्षेत्र है, जहाँ आधुनिक तकनीकों का काफी ज्यादा प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एल्गोरिथ की मदद से असामान्य तस्वीरों के बारे में सूचना हासिल की जा सकती है, ताकि मरीजों को गंभीर बीमारियों के बारे में जल्द से जल्द जानकारी हासिल की जा सके। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले कुछ साफ्टवेयर सामान्य बीमारियों का पता लगाने में पूरी तरह से सक्षम होते हैं। ये साफ्टवेयर कम रेडियेशन के साथ तस्वीर की गुणवत्ता बेहतर बनाने, बीमारी का सही-सही पता लगाने, कार्यबल क्षमता को बढान, रेडियोलाजी विशेषज्ञों का बोझ कम करने, ज्यादा से ज्यादा मरीजों पर नजर रखने और डाक्टरों को उनके मोबाइल फोन पर अलर्ट भेजने में सहायक होते हैं।

रेडियो जीनोमिक्स के तहत तस्वीरों से जुड़ी जानकारी और मरीजों के जीनोमिक डेटा को एक साथ इक्ट्ठा किया जाता है, जिसमें सटीक इलाज में मदद मिलती है।

# कभी मुंबई के टॉप क्राइम रिपोर्टर थे संजय राउत

एक हजार करोड़ से ज्यादा के पात्रा चॉल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शिवसेना के सांसद संजय राउत गिरफ्तार हो चुके हैं। अरेस्ट करने से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तीन टीमों ने उनके तीन ठिकानों पर रेड भी की थी। राउत को उनके मैत्री बंगले से हिरासत में लिया गया और ईडी ऑफिस लाकर की गई 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। राउत आज महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा नाम हैं, लेकिन 80 के दशक में वे मुंबई में क्राइम रिपोर्टिंग करते थे।

लोकप्रभा पत्रिका से करियर की शुरुआत करने वाले संजय राउत को अंडरवर्ल्ड रिपोर्टिंग का एक्सपर्ट माना जाता था। दाऊद इब्राहिम, छोटा राजन और अंडरवर्ल्ड पर लिखी उनकी रिपोर्ट्स की मुंबई में खूब चर्चा हुआ करती थी। रिपोर्टिंग की दुनिया में राउत का नाम बड़ा होता गया और वे बालासाहेब ठाकरे की नजरों में आ गए।

राउत का मातोश्री पर आना-जाना बढ़ा और शिवसेना प्रमुख ने सिर्फ 29 साल के राउत को शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' का कार्यकारी संपादक बनने का ऑफर दे डाला। शिवसेना प्रमुख के इस ऑफर को राउत ठुकरा नहीं सके और पिछले लगभग 30 साल से वे इसके कार्यकारी संपादक हैं। बालासाहेब के जाने के बाद वे उद्धव ठाकरे के करीब आए। 2019 में जिस तरह से उद्धव ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई, उसके बाद से उन्हें शिवसेना का 'थिंक टैंक' कहा जाने लगा।

**दाऊद इब्राहिम को लगाई थी फटकार**

राउत के लिए कहा जाता है कि वे क्राइम रिपोर्टर होने के बावजूद कभी पुलिस चौकी नहीं गए और न ही कभी किसी खबर को लेकर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। क्राइम रिपोर्टिंग करने वाले राउत की खबरों का सूत्रधार हुआ करता था दाऊद। चर्चा यह भी है कि दाऊद इब्राहिम कई बार संजय राउत को खबरें देने के लिए एक्सप्रेस टॉवर आया करता था। दोनों यहां की कैंटीन में बैठकर बातचीत किया करते थे। यह बात 1993 ब्लास्ट में उसका नाम आने से कई साल पहले की है। 16 जनवरी 2020 को पुणे में एक कार्यक्रम में संजय राउत ने खुद यह कबूला था कि दाऊद से उनकी मुलाकात हुई थी। उन्होंने कहा था, 'दाऊद इब्राहिम को मैंने देखा था, उससे बात भी की है। एक बार तो मैंने उसे फटकार भी लगाई थी।' बालासाहेब के विचारों को जनता तक पहुंचाने का बड़ा श्रेय संजय राउत को जाता है। सामना से जुड़ने के बाद संजय राउत ने अखबार में कई बड़े बदलाव किये। संपादकीय में ऐसी बातें छपने लगीं, जो शिवसेना की विचारधारा से जुड़ी हुई थीं और धीरे-धीरे यह अखबार बालासाहेब ठाकरे की आवाज बन गया।



वे संपादकीय को बाल ठाकरे की भाषा शैली में लिखने लगे। संपादकीय तो राउत लिखते थे, लेकिन उसे पढ़ने के बाद लोग समझते थे कि बाल ठाकरे ही लिख रहे हैं। सामना में यह प्रयोग काफी लोकप्रिय हुआ और आज भी अखबार के संपादकीय को शिवसेना का ऑफिशियल वर्जन माना जाता है। सामना से जुड़ने के बाद राउत बालासाहेब के बेहद करीब हुए और धीरे-धीरे शिवसेना की अंदरूनी पॉलिटिक्स का हिस्सा बन गए। हालांकि, आंबेडकर कालेज से बीटेक की पढ़ाई करने वाले राउत छात्र जीवन से ही शिवसेना की स्टूडेंट यूनिट में सक्रिय थे।

राजनीति में उनकी सोच और दूरदर्शिता को देखते हुए बाल ठाकरे ने उन्हें शिवसेना का 'उप नेता' बना दिया। इसके बाद पार्टी बड़ी हुई और वे पहली बार 2004 में शिवसेना के टिकट से राज्यसभा पहुंचे। यहां वे शिवसेना के लीडर भी थे। राउत संसदीय और गृह विभाग से जुड़ी कमेटी के मेंबर भी रहे हैं। 2005 से 2009 के बीच राउत सिविल एविएशन मंत्रालय की कंसल्टेंसी कमेटी के सदस्य भी थे।

राउत दूसरी बार 2010, फिर 2016 में और अब 2022 में लगातार शिवसेना की ओर से राज्यसभा के सांसद हैं। लगातार चार बार सांसद रह चुके संजय सक्रिय तौर पर 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद एक्टिव हुए। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि महाराष्ट्र विकास अघाड़ी यानी शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी की संयुक्त सरकार बनाने में संजय राउत का बड़ा हाथ था। शिवसेना में संजय राउत ही एक ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी महाराष्ट्र की लगभग हर पार्टी में अच्छी पैठ थी। वे एनसीपी चीफ शरद पवार के बेहद करीब माने जाते हैं और यही वजह है कि एमवीए निर्माण का पूरा जिमा उद्धव ठाकरे ने संजय राउत को ही दे दिया था। उद्धव ठाकरे के सीएम रहने के दौरान राउत तीनों दलों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करते रहे। राउत को मातोश्री, यानी ठाकरे परिवार का बेहद करीब माना जाता है। शिवसेना में हुई बगावत के बाद भी राउत ने उद्धव ठाकरे का साथ नहीं छोड़ा ओर उनकी ओर से मोर्चा संभाले रखा। वे मुखर होकर अपनी बात रखते रहे और शिंदे के साथ गए 40 विधायकों को लगातार अपनी ओर लाने का प्रयास करते रहे। हालांकि, शिंदे को बीजेपी का साथ मिला और उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। राउत ने सोशल मीडिया में कविताएं और फिल्मी डायलॉग शेयर कर लगातार अपने विरोधियों को निशाना बनाया है।

# कब तक मौत की उड़ान भरेगा मिग 21



मनोज कुमार अग्रवाल

एक बार फिर राजस्थान के बाड़मेर जिले में गुरुवार की रात वायुसेना का विमान मिग-21 क्रैश हो गया है। वायुसेना के दो नौजवान पायलट इस क्रैश में बेमौत मारे गए। न तो यह दुर्घटना पहला हादसा है और न ही इस दुर्घटना को आखिरी करार दिया जा सकता है क्योंकि एक के बाद एक मिग क्रैश होने के बावजूद सरकार इस मौत के जहाज को वायु सेना से रिटायर करने को तैयार नहीं है। हर बार मिग दुर्घटना ने सोवियत मूल के मिग-21 विमानों की हालत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जैसा कि पता होगा कि भारतीय वायुसेना के बेड़े में ये विमान 1960 के दशक की शुरुआत में शामिल हुए थे और 62 साल में अब तक इन विमान से करीब 200 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन में बहुत कम ऐसे हादसे हैं जिनमे सैन्य पायलट समय रहते पैराशूट के सहारे कूद कर जान बचा सके ज्यादातर हादसों में दोनों पायलटों की जान गई। कुल दो सौ से अधिक जवानों की कुर्बानी बिना किसी दुश्मन देश के साथ लड़ाई के नियमित अभ्यास या प्रशिक्षण के दौरान हो चुकी है। यह आंकड़ा बहुत भयावह है लेकिन पता नहीं क्यों सरकारें सिर्फ बयानबाजी कर कर्तव्य निर्वहन करती रही हैं कोई सटीक फैसला नहीं लिया गया है और हादसों का अनवरत सिलसिला जारी है।

जानकारी के अनुसार फाइटर विमान मिग-21 लंबे समय तक भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार हुआ करता था।हालांकि, विमान का सुरक्षा रिकॉर्ड बहुत खराब है। विमान दुर्घटनाओं में कई की जान भी गई है। इसी साल मार्च में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट ने राज्यसभा में बताया था कि पिछले पांच वर्षों में तीन सेवाओं के विमान और हेलिकॉप्टरों की दुर्घटनाओं में 42 रक्षा कर्मियों की मौत हुई है। पिछले पांच सालों में कुल 45 हवाई दुर्घटनाएं हुईं, इनमें से 29 में भारतीय वायुसेना के प्लेटफॉर्म शामिल थे। ज्ञात हो कि कई दशकों तक फाइटर जेट मिग-21 विमान भारतीय वायुसेना की ताकत माने जाते थे। लेकिन अब ये विमान न तो जंग के लिए और न ही उड़ान के लिए फिट रह गए हैं। यद्यपि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद मिग-21 बाइसन विमान ने ही पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों के छक्के छुड़ा दिए थे। वायुसेना 1960 से मिग-21 विमानों का इस्तेमाल कर रही है।

1971 के युद्ध में भारतीय वायु सेना में तीन साल पहले ही शामिल हुए पहले सुपरसोनिक लड़ाकू विमान मिग-21 ने पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों पर जमकर कहर बरपाया था। मिग 21 की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी वायु सेना के 13 लड़ाकू विमानों को मार गिराया था, जबकि उसे सिर्फ एक को खोना पड़ा था।इतना ही नहीं बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के आधुनिक F-16 लड़ाकू विमान को भी मिग-21 ने खदेड़ दिया था। उसको विंग कमांडर अभिनंदन ही उड़ा रहे थे। राजस्थान के बाड़मेर के पास गुरुवार रात ट्रेनिंग उड़ान के दौरान मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हादसे में भारतीय वायु सेना के दो पायलटों की मौत हो गई। वायुसेना ने कहा कि दो सीटों वाला मिग- 21 ट्रेनर विमान उतरलाई हवाई अड्डे से उड़ान भर रहा था।दुर्घटना रात करीब 9 बजे हुई। यह विमान मिग-21 था। यह विमान भीमड़ा इलाके में जिस जगह क्रैश हुआ, वहां आधे किमी के एरिया में मलबा बिखरा पड़ा मिला है।

# रहिमन जिह्वा बावरी

ये बहस से भाग रहे हैं... फिर पक्ष और विपक्ष आ बैठते हैं चैनलों में और जो संसद में होता वह चैनलों में होने लगता है कि यहां भी कोई किसी को नहीं बोलने देता। इधर संसद बंद, उधर चैनलों में संसद सत्र कुछ देर खुलती है और फिर कल तक के लिए स्थगित हो जाती है। जब एक दिन विपक्ष सत्ता से बहुत नाराज दिखा और नारे लगाने लगा, पर्चे फेंकने लगा तो कुछ सांसद निलंबित कर दिए गए। एक दिन उन्नीस निलंबित फिर कई दिन तक 'निलंबन सीरियल' चलता रहा साथ ही 'हाय-हाय' भी होती रही। इसके बाद निलंबित सांसद हाल से बाहर आकर गांधीजी की मूर्ति के साथ धरना देने लगते और उनके प्रवक्ता शाम को चैनलों में बहसें करते रहते।

जिस तरह संसद में कोई किसी की नहीं सुनता, चैनलों में भी वे एक दूसरे को न बोलने देने की कसम खाए रहते। ऐसे में एंकरों की हालत खराब होती। एंकर सोचते कि किनको लेकर आ बैठे! ये न संसद में बहस कर सकते हैं न चैनलों में। ये सिर्फ तू-तू मैं-मैं कर सकते हैं! एक बहस में एक गैर निलंबित ने 'निलंबितों' के बारे में बताया कि इनके बीच प्रतियोगिता होती है कि कौन कितनी बार ऐसा विरोध करे कि निलंबित हो। जबाव में उस सांसद को भी 'सत्ता के दलाल' के विशेषण से नवाजा गया।

इस बीच एक झटका : स्मृति ईरानी की 'बेटी गोवा में बिना लाइसेंस के बार चलाती है' का आरोप! जवाब में स्मृति का झटका कि मेरी बेटी छात्रा है, मानहानि का मुकदमा करेंगी और कर दिया मुकदमा। इन दिनों न कोई अपनी गलती मानता है, न कोई किसी को माफ करता है। इसी बीच मंगलुरु में एक भाजयुमो के कार्यकर्ता प्रवीण की 'हत्या' की खबर। उसके पक्षधरों का आंदोलन। पीएफआइ पर आरोप। कुछ गिरफ्तारियां और जांच जारी!

लेकिन सबसे बड़ी कहानी बनाई ईडी ने। उसने जैसे ही सोनिया गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया, वैसे ही कांग्रेसी कार्यकर्ता आंदोलित हो गए। इधर पूछताछ होती, उधर कार्यकर्ता विरोध में सड़क पर आकर लेट जाते। पुलिस उनकी 'डंडाडोली' करके बस के अंदर फेंकती तो वे इसे 'बदले की कार्रवाई' बताते और फोटो खिंचाते, ताकि बता सकें कि हमहूं रहे इस आंदोलन में! इस बीच ईडी संबंधी कानूनों और उसकी कार्रवाइयों को सर्वोच्च न्यायालय ने जैसे ही सही ठहराया, ईडी के डौले और चौड़े हुए दिखे! उसके बाद ईडी ने 'मा माटी मानुष' वाली सरकार के एक बड़े मंत्री को जैसे ही धरा, वैसे ही एक अनाम अभिनेत्री टीवी की चैनलों पर दिखने लगी। वह जितना दिखती, उतने ही नोट बरसते, सोने के जेवर बरसते जाते! बंगाल में शिक्षकों की नियुक्तियों के संदर्भ में हुए घोटाले की कहानी हर रोज नोट बरसाती रही। दूसरे फ्लैट ने पहले को पीछे छोड़ा। पहले में बीस करोड़, तो यहां उनतीस करोड़ के नोट बरसे। दस किलो तो सोना भी बरसा और पता नहीं क्या-क्या बरसा! अंत में हीरोइन उवाच कि यह सब तो सर जी का ही था मैं तो उस कमरे में जा भी नहीं सकती थी! इसके बाद चैनलों में 'नैतिकता-नैतिकता' होने लगी और नैतिकता के एक दौरे ने मंत्री जी को पार्टी व पद से निकलवा दिया! लेकिन ईडी अब भी लगी है। एक के बाद एक फ्लैट। बताए जा रहे हैं कि एक यहां एक वहां और न जाने कहां कहां।

# सुशासन और संस्कृति का संबल



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

अयोध्या में भव्य श्री राम मन्दिर का निर्माण पूर्णता की ओर है। श्री राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है। चित्रकूट इसका महत्त्वपूर्ण पड़ाव है।यहीं भाजपा का परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।इस दौरान योगी आदित्यनाथ क्रमश चित्रकूट और अयोध्या पर गए थे। चित्रकूट में उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित किया।अयोध्या में मन्दिर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की। सरकार और संगठन से संबोधित यह प्रसंग अपने में बहुत कुछ कहता है। इसमें सुशासन और संस्कृति का संदेश समाहित है। भाजपा का संगठन और सरकार इसके प्रति समर्पित हैं। यहीं वह तथ्य हैं जो भाजपा को अन्य पार्टियों से अलग करती हैं। सभी विपक्षी पार्टियां परिवार आधारित हैं। इन सभी की नजर वोटबैंक सियासत पर रहती है।सरकार में रहने के दौरान इसी मानसिकता से कार्य किया जाता है। इसमें परिवार से सम्बन्धित जनपद और क्षेत्र वीआईपी माने जाते हैं। इनको छोड़ कर अन्य किसी भी जिले को चौबीस घण्टे बिजली नसीब नहीं होती थी। योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभालते ही इस परम्परा को समाप्त कर दिया था।उन्होंने बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश के समग्र विकास का संकल्प लिया था।प्रत्येक नगर गांव को वीआईपी माना।इसी के अनुरूप बिजली अपूर्ति और विकास कार्यों को क्रियान्वित किया गया। चित्रकूट का प्रशिक्षण शिविर उत्साह के माहौल में आयोजित हुआ।चार दशक बाद किसी सरकार को लगातर दूसरी बार जनादेश प्राप्त हुआ था।उप चुनावों में मुख्य विपक्षी के सर्वाधिक सुरक्षित गढ़ भी ध्वस्त हो गए थे। राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को शानदार सफ़लता मिली थी।डेढ़ दर्जन विपक्षी पार्टियां मिल कर भी राजग का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं हैं।वस्तुत भाजपा को यह मुकाम उसकी केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों से मिला है। शिविर में इसी को जारी रखने का मंसूबा दिखाई दिया।साँस्कृतिक राष्ट्रवाद और सुशासन भाजपा का संबल है। उसका मानना है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान किसी देश को शक्तिशाली बनाने में सहायक होता है। देश में इसी विचार के जागरण की आवश्यकता है।अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण व भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में है। नरेन्द्र मोदी ने आठ वर्ष और योगी आदित्यनाथ ने पांच वर्ष में संस्कृति और सुशासन को नया आयाम दिया है। इसमें दो वर्ष वैश्विक कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। इसने दुनिया के विकसित देशों को भी हिला कर रख दिया था। सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ। इससे अभी संभलने का प्रयास चल रहा था,तभी रूस यूक्रेन संकट सामने आ गया। इन सभी कारणों से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी है। अमेरिका व यूरोप के विकसित देशों में कई दशक कर बाद ऐसी मंहगाई देखी जा रही है। नरेंद्र मोदी सरकार ने तो इस अवधि में दुनिया की सबसे बड़ी निशुल्क राहत वितरण योजना का संचालन किया। दुनिया का सबसे बड़ा निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया। इसके अलावा राहत के अनेक कार्य किये गए। उत्तर प्रदेश भी ऐसी सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में नंबर वन है। देश में सत्तर वर्ष बाद एक विधान एक निशान लागू हुआ। पा कि स्त ा न , बां ग ला दे श अफगानिस्तान के उत्पीड़ित हिन्दू बौद्ध,सिख,पारसी परिवारों को न्याय मिला। नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। इसका जिस प्रकार विरोध किया गया उससे जाहिर हुआ कि मोदी सरकार ना होती तो इन उत्पीड़ितों की सुनने वाला कोई नहीं था। आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी है। इसलिए देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों समर्पण और टीम इंडिया की भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है। करोड़ों की संख्या में गरीबों के लिए आवास शौचालय बनाये गए। निशुल्क गैस सिलेंडर दिए गए। स्वरोजगार के लिए मुद्रा बैंक ने बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया। स्वनिधि योजना से भी गरीब व्यवसायियों को लाभ मिल रहा है। अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक पैकेज दिया गया। कोरोना काल में अस्सी करोड़ लोगों को निशुल्क राशन की व्यवस्था की गई। जन औषधी दवा केन्द्र की संख्या अस्सी से बढ़कर पांच हजार हो गई। करीब सवा सौ नये मेडिकल कालेज खुले है। यूपीए के दस वर्ष में भारतीय रेल ने मात्र चार सौ तेरह रेल रोड ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया। मोदी सरकार ने इससे तीन गुना अधिक निर्माण किया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पन्द्रह करोड़ से ज्यादा लाभार्थी है। यह दुनिया की सबसे सस्ती योजना है। बिजली उत्पादन चालीस प्रतिशत वृद्धि हुई। सोलर ऊर्जा में आठ गुना वृद्धि हुई। फसल बीमा योजना का लाभ पहले पचास प्रतिशत नुकसान पर मिलता था। अब किसान को तैतीस प्रतिशत पर भी मिल जाता है।

# नाग पंचमी आज

## घर के दरवाजे पर नाग बनाकर करें पूजा



पंचांग के मुताबिक हर साल सावन मास के शुक्ल पक्ष की पांचवीं तिथि को नाग पंचमी पर्व मनाते हैं। ये दिन पूरी तरह भगवान शिव के प्रिय नाग देवता की पूजा के लिए समर्पित होता है। पौराणिक मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पौराणिक काल से ही सांपों को देवताओं की तरह पूजने की परंपरा रही है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, नाग पंचमी के दिन नाग देवता की आराधना करने से भक्तों को उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है और शुभ फल प्राप्त होते हैं। नागपंचमी का पर्व इस बार 2 अगस्त को मनाया जाएगा। कहा जाता है कि नाग की पूजा करने से सांपों के कारण होने वाला किसी भी प्रकार का भय समाप्त हो जाता है। भगवान भोलेनाथ के गले में भी नाग देवता लिपटे रहते हैं।

**दर्शन का है महत्व**

मान्यताओं के अनुसार, पंचमी के दिन नागों की पूजा करने से जीवन के संकटों का नाश होता है। साध ही साधकों को उनके मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। ये भी कहा जाता है कि यदि इस दिन किसी व्यक्ति को कहीं अचानक ही साक्षात नाग देवता के दर्शन होते हैं तो उसे बेहद शुभ माना जाता है। नगादेव की पूजा किसी सिद्ध नाग मंदिर में की जाए तो और भी उचित है।

**इन देवों का करें स्मरण**

नाग पंचमी वाले दिन जिन नाग देवों का स्मरण कर पूजा की जाती है उन नामों में अनंत, वासुकी, शेष, पद्म, कंबल, शंखपाल, धृतराष्ट्र, कालिया और तक्षक नागों के नाम खास हैं। इस दिन घर के दरवाजे पर सांप की आठ आकृतियां बनाने की परंपरा है। हल्दी, रोली, चावल और फूल चढ़ाकर नाग देवता की पूजा करें। मिठाई का भोग लगाकर नाग देवता की कथा जरूर पढ़ें। पूजा करने के बाद कच्चे दूध में घी, चीनी मिलाकर उसे नाग देव का स्मरण कर उन्हें अर्पित करें।

**पौराणिक कथा**

जनमेजय अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र थे। जब जनमेजय ने पिता परीक्षित की मृत्यु का कारण सर्पदंश जाना तो उसने तक्षक से बदला लेने व सांपों के संहार के लिए सर्पसत्र नामक विशाल यज्ञ का आयोजन किया। लेकिन नागों की रक्षा के लिए इस यज्ञ को ऋषि आस्तिक मुनि ने श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन रोक दिया और नागों की रक्षा की। इसी कारण तक्षक नाग के बचने से उनका वंश बच गया। अग्नि के ताप से नाग को बचाने के लिए ऋषि ने उन पर कच्चा दूध डाला था। मान्यता है तभी से नागपंचमी मनाई जाने लगी और नाग देवता को दूध चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई पूजा में कच्चे दूध की अनिवार्यता हुई।

## महर्षि कश्यप और कद्रू की संतानें हैं नाग और गरुड़, हैं सौतले भाई



महाभारत के आदि पर्व में नागों के बारे में बताया गया है। उस समय एक महर्षि थे, उनका नाम था ऋषि कश्यप। उनकी 13 पत्नियां थीं, उनमें एक का नाम कद्रू था। कद्रू और कश्यप ऋषि के संतान के रूप में नागों का जन्म हुआ था। कश्यप ऋषि की एक पत्नी थी विनता। गरुड़ विनता के पुत्र हैं। बाद में गरुड़ विष्णु जी वाहन बने थे। कद्रु विनता से ईर्ष्या करती थी और किसी तरह उसे नीचा दिखाने की कोशिश में लगी रहती थी। विनता को शर्त लगाने की बुरी आदत थी। इस बात का लाभ उठाते हुए कद्रू ने विनता से शर्त लगाई कि उच्चैश्रवा घोड़ा सफेद है, लेकिन उसकी पूंछ काली है। विनता का कहना था कि उस घोड़े की पूंछ सफेद है। वास्तव में उस घोड़े की पूंछ सफेद ही थी। कद्रू ने विनता को हराने के लिए अपने नाग पुत्रों से कहा कि वे सभी अपना आकार बालों की तरह करके उस घोड़े की पूंछ पर चिपक जाएं। ऐसा करने से विनता को दूर से घोड़े की पूंछ काली दिखाई देगी और वह शर्त हार जाएगी। कद्रू की बात मानने से कुछ नागों ने मना कर दिया था, तब कद्रु ने अपने ही पुत्रों को यज्ञ में भस्म होने का शाप दे दिया। शाप से डरकर सभी नाग पुत्र उच्चैश्रवा घोड़े की पूंछ पर चिपक गए। जब विनता ने उस घोड़े को देखा तो उसकी पूंछ काली दिखाई दे रही थी। विनता ने अपनी हार मान ली और कद्रू ने अपनी ही बहन को दासी बना लिया।

बाद गरुड़ का जन्म हुआ और उन्हें मालूम हुआ कि उनकी माता क्यों अपनी ही बहन कद्रू की दासी बनी है, तब उन्होंने कद्रू से कहा था कि आप मेरी माता किस तरह आजाद कर सकती हैं। मैं आपके लिए ऐसा क्या करूं कि मेरी मां को दासता से मुक्ति मिल जाए। उस समय सभी नागों ने कहा कि तुम हमें अमृत कलश लाकर दे दो, इसके बाद तुम्हारी माता को हम स्वतंत्र कर देंगे। कद्रू की और नागों की बात पूरी करने के लिए गरुड़ अमृत कलश ले आए और अपनी माता विनता को दासता से मुक्ति दिला दी।

**ये हैं सांपों से जुड़ी खास बातें...**

पं. शर्मा के मुताबिक सांप के मुंह में बत्तीस दांत, एक जीभ जो दो हिस्सों में होती है। जहर वाली चार दाढ़ें होती हैं, जिन्हें मकरी, कराली, कालरात्री और यमदूती दाढ़ कहा जाता है। एक सांप की उम्र अधिकतम एक सौ बीस साल होती है। इनकी मृत्यु के आठ कारण हो सकते हैं। सांप को इंसान, मोर, नेवला, बिल्ली, चकोर, शूकर और बिच्छु मार देते हैं। कभी-कभी किसी बडे जानवर के पैरों के नीचे दबने से भी कुछ सांपों की मौत हो जाती है। इन सभी से बचने के बाद कोई सांप एक सौ बीस वर्ष जीवित रह पाता है।

सांप का बच्चा जन्म के 25 दिन बाद से डंसने योग्य हो जाता है और उसके डंसने से मौत भी हो सकती है।

## 4 नहीं 5 थे ब्रह्म देव के सिर इस वजह से काट दिया था शिव जी ने



ब्रह्मा जी के चार सिर हैं और इस बात से तो आप सभी वाकिफ होंगे। जी दरअसल उन्होंने हर मुख से एक वेद की रचना की है और इस तरह से चार वेद हुए हैं। हालाँकि बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा जी के पांच मुख थे। जी हाँ और अगर ये बने रहते तो शायद पांच वेदों की रचना होती हालाँकि एक घटनाक्रम में ब्रह्मा जी के इसी पांचवें मुख ने असत्य बोला था। इसी के दंडस्वरूप भगवान भोले नाथ ने भैरव को आदेश देकर इसे कटवा दिया। इस कथा का वर्णन शिव पुराण में मिलता है। आइए बताते हैं।

**ब्रह्मा जी ने खुद को बताया ईश्वर** – एक बार भगवान विष्णु शेष शय्या पर शयन कर रहे थे। तभी वहां ब्रह्मा जी पहुंचे। उन्होंने उन्हें पुत्र कहकर संबोधित किया खुद को उनका ईश्वर कहा। भगवान विष्णु भी कुपित हुए। बोले-तुम तो मेरे नाभिकमल से पैदा हुए हो, इसलिए तुम्हारा ईश्वर तो मैं ही हूं। रजोगुण से मुग्ध दोनों ईश्वरों में इसी बात को लेकर युद्ध शुरू हो गया। ब्रह्मा जी हंस पर विष्णु भगवान गरुड़ पर सवार होकर काफी समय तक युद्ध करते रहे। यह देखकर देवता घबरा गए। बोले- आप दोनों ही अराजकता पैदा कर रहे हो, इसलिए अब हम शिवजी की शरण में जाते हैं। देवता शिव जी के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी ने खुद को ईश्वर साबित करने के लिए झूठ का सहारा लिया था। आकाश से केतकी का फूल लाकर कहा – मैंने लिंग का आदि पा लिया है। उनका छल देख शिव जी तुरंत प्रकट हो गए भैरव की उत्पत्ति करके उन्हें मिथ्याभाषी ब्रह्मा को दंड देने का आदेश दिया। भैरव ने अपनी तलवार से तुरंत ब्रह्मा जी का वह सिर काट दिया। जिससे उन्होंने झूठ बोला था। भोलेनाथ सब पहले से ही जानते थे। उन्होंने देवताओं को आश्वस्त किया युद्धस्थल पर पहुंचे। देखा जाए तो दोनों ईश्वर एक दूसरे पर माहेश्वर पाशुपत अस्त्र चला चुके थे। शिव जी ने तुरंत लिंग रूप धारण किया दोनों अस्त्रों के बीच जा खड़े हुए। लिंग का स्पर्श पाते ही दोनों अस्त्र शांत हो गए। लिंग का ओर-छोर नहीं दिख रहा था। आदि अंत जानने के लिए ब्रह्मा जी हंस रूप में आकाश की ओर तो विष्णु जी शूकर रूप में पाताल को निकले, पर आदि अंत न मिला।



## यहां हुआ था शिव-पार्वती का विवाह आज तक नहीं बूझी इस हवनकुंड की अग्नि



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित है त्रियुगीनारायण मंदिर के बारे में आपने सुना और पढ़ा होगा। जी दरअसल यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है, हालाँकि इसकी मान्यता भगवान शिव से भी जुड़ी है। कहा जाता है ये वही स्थान है, जहां भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था। इसके अलावा भी कई मान्यताएं इस मंदिर से जुड़ी हैं। कहते हैं यहां जिसका विवाह होता है, उसका वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखी और खुशहाल रहता है। अब हम आपको बताते हैं इस मंदिर से जुडी खास बातें।

जी दरअसल इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थित अंखड ज्योति है जो मंदिर के सामने जलती रहती है। कहते है इस अग्नि के सामने शिव-पार्वती विवाह बंधन में बंधे थे। जी हाँ और इस धूनी के चलते ही इस मंदिर को अखण्ड धूनी मंदिर भी कहा जाता है। आपको बता दें कि वैवाहिक जीवन की खुशहाली के लिए श्रृद्धाल इस हवनकुण्ड की राख को अपने साथ ले जाते हैं। इसी के साथ मंदिर के सामने स्थित ब्रह्मशिला को दिव्य विवाह का वास्तविक स्थल माना जाता है। इसके अलावा यह मान्यता है कि वर्तमान में जो मंदिर यहां स्थित है, उसका निर्माण आदि शंकराचार्य ने करवाया था। जी दरअसल मंदिर में भगवान विष्णु की 2 फुट की प्रतिमा स्थित है और इसी के साथ में देवी लक्ष्मी देवी सरस्वती की प्रतिमाएं भी हैं। इसके अलावा मंदिर के नजदीक सरस्वती गंगा नाम की एक धारा निकलती है और यहीं से आस-पास के सारे पवित्र सरोवर भरते हैं। इन सरोवरों के नाम रुद्रकुंड, विष्णुकुंड, ब्रह्मकुंड व सरस्वती कुंड हैं। जी हाँ और कहा जाता है रुद्रकुंड में स्नान, विष्णुकुंड में मार्जन, ब्रह्मकुंड में आचमन और सरस्वती कुंड में तर्पण किया जाता है।

कैसे पहुंचें?- मंदिर सोनप्रयाग से 12 किमी दूर है, और यहां से आप आसानी से सड़क मार्ग से होते हुए मंदिर तक जा सकते हैं। जी दरअसल केदारनाथ मंदिर से त्रियुगीनारायण की ट्रेकिंग दूरी लगभग 25 किमी है और रेल यात्री हरिद्वार के लिए ट्रेन में सवार हो सकते हैं, जो त्रियुगीनारायण से लगभग 275 किमी दूर स्थित है। इसी के साथ यहां का सबसे नजदीक हवाई अड्डा देहरादून है और यहां से आप टैक्सी या अपने निजी वाहन से आसानी से मंदिर तक पहुंच सकते हैं।

## तुलसी पूजा में रखें इन 5 नियमों का ध्यान अकारण पत्ते तोड़ने से आता है दुर्भाग्य



सनातन धर्म में पूजी जाने वाली तुलसी कई औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसका जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही महत्व आयुर्वेद में भी है। तुलसी को तोड़ने, जल चढ़ाने और पूजा करने के भी कई नियम धार्मिक ग्रंथों में देखने को मिलते हैं। शिव परिवार को छोड़कर लगभग हर हिंदू देवी-देवता की पूजा में तुलसी का उपयोग किया जाता है। मान्यता है कि तुलसी में माता लक्ष्मी का वास होता है। वे भगवान विष्णु को अति प्रिय होती है, इसलिए उनकी पूजा बिना तुलसी भोग के अधूरी मानी जाती है। भोपाल के रहने वाले ज्योतिषी एवं पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा बता रहें हैं कि तुलसी में जल अर्पित करते समय मंत्र का उच्चारण करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**तुलसी के पौधे में जल देने के 5 नियम**

1. तुलसी में जल अर्पित करने से पहले साधक को किसी भी तरह का अन्न जल ग्रहण नहीं करना चाहिए।
2. तुलसी में सूर्योदय के समय जल अर्पित करना सर्वोत्तम माना जाता है। इस बात का विशेष ध्यान दें कि तुलसी के पौधे में जरूरत से ज्यादा जल नहीं अर्पित करना चाहिए।
3. धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, तुलसी में जल अर्पित करते समय बिना सिला कपड़ा पहनने की सलाह दी जाती है।
4. रविवार और एकादशी के दिन तुलसी के पौधे में जल अर्पित नहीं करना चाहिए। मान्यता है कि एकादशी के दिन तुलसी माता भगवान विष्णु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं।
5. किसी भी व्यक्ति को बिना नहाए तुलसी में जल नहीं अर्पित करना चाहिए।

इन 3 बातों का रखें ध्यान

– तुलसी के पौधे में माता लक्ष्मी का वास माना जाता है, इसलिए तुलसी के पत्ते तोड़ते समय हमेशा हाथ जोड़कर पहले उनसे अनुमति लेना बहुत जरूरी है।

– तुलसी के पत्तों को चाकू, कैची या नाखून की मदद से नहीं तोड़ना चाहिए।

– तुलसी के पत्तों को बिना किसी आवश्यक कारण के नहीं तोड़ना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि ऐसा करने से दुर्भाग्य आता है।

तुलसी में जल अर्पित करने का मंत्र

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब भी आप तुलसी में जल अर्पित करें, मंत्र का उच्चारण जरूर करें। इससे आपके जीवन में सुख-समृद्धि आती है, साथ ही स्वास्थ लाभ भी होता है।

**तुलसी मंत्र**

**महाप्रसाद जननी, सर्व सौभाग्यवर्धिनी।**
**आधि व्याधि हरा नित्यं, तुलसी त्वं नमोस्तुते।।**

## शनि देव को प्रसन्न करना है तो करें हनुमान जी की पूजा

हिंदू धर्म में सप्ताह का हर वार किसी न किसी देवी-देवता की पूजा और व्रत के लिए समर्पित होता है। जैसे रविवार का दिन सूर्य देव को, बुधवार का दिन श्रीगणेश को, सोमवार का दिन शिवजी को। इसी तरह से शनिवार का दिन शनि देव की पूजा और मंगलवार का दिन हनुमानजी की पूजा के लिए समर्पित है, लेकिन शनिवार के दिन शनि देव के साथ ही हनुमान जी की भी पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है और इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से शनि देव भी प्रसन्न होते हैं। शनिवार के दिन हनुमान जी की पूजा करने के पीछे एक पौराणिक कथा है। दिल्ली के आचार्य गुरमीत सिंह जी से जानते हैं शनिवार के दिन शनि देव और हनुमान जी की पूजा से जुड़े इस पौराणिक कथा के बारे में।।

> **हमें समय मुफ्त में मिलता है, लेकिन ये अमूल्य होता है। हम इसे अपना नहीं सकते, लेकिन इसका उपयोग कर सकते हैं। हम समय को रख नहीं सकते हैं, लेकिन इसे खर्च कर सकते हैं। समय एक बार बीत जाता है तो लौटकर नहीं आता है।**





**शनि देव और हनुमान जी से जुड़ी पौराणिक कथा**

शनि देव और हनुमान जी की ये पौराणिक कथा त्रेतायुग के रामायण काल से जुड़ी है, जिसके अनुसार, रावण ने जब माता सीता का हरण कर लिया था, तब हनुमान जी प्रभु राम के आदेश पर माता सीता को ढूंढ़ते हुए लंका पहुंचे। लंका पहुंचने पर हनुमान जी ने देखा कि रावण ने शनि देव को भी पहले से बंदी बना रखा है।

हनुमान जी ने शनि देव की सहायता की और रावण की कैद से उन्हें मुक्त कराया। इससे भगवान शनि देव प्रसन्न हुए और हनुमान जी को वरदान मांगने को कहा। हनुमान जी ने शनि देव से कहा, जो भक्त शनिवार के दिन मेरी पूजा करेगा, आप उसे अशुभ फल नहीं देंगे। शनि देव ने हनुमान जी की बात पर हामी भर दी। इसके बाद से ही शनिवार के दिन शनि देव के साथ हनुमान जी की भी पूजा करने का विधान है।

## फिल्म 'सत्यनारायण की कथा' का नाम बदल कर 'सत्यप्रेम की कथा' रखा गया



एक्टर कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की अपकमिंग फिल्म 'सत्यनारायण की कथा' का टाइटल चेंज कर दिया गया है। इस बात की जानकारी कार्तिक ने कियारा के बर्थडे पर सोशल मीडिया पर फिल्म से फर्स्ट लुक मोशन फोटो शेयर कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि फिल्म का टाइटल 'सत्यनारायण की कथा' से बदलकर 'सत्यप्रेम की कथा' कर दिया गया है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल चेंज करने का फैसला किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए किया है। पिछले साल फिल्म की अनाउंसमेंट के साथ ही इसके टाइटल पर विवाद शुरू हो गया था। कई लोगों ने इसे हिंदू धर्म विरोधी बताया था। जिसके बाद मेकर्स ने कहा था कि हम फिल्म का टाइटल चेंज कर देंगे। क्योंकि, वे किसी की भी भावनाओं को आहत नहीं करना चाहते हैं।

कार्तिक आर्यन ने इस लव स्टोरी फिल्म से कियारा के साथ का फर्स्ट लुक मोशन फोटो शेयर कर लिखा, ₹हैप्पी बर्थडे कथा। तुम्हारा सत्यप्रेम। #SatyapremKiKatha। इस फोटो में दोनों एक दूसरे को हग किए हुए हैं और काफी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनकी यह फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।

फोटो में कार्तिक ग्रे टी-शर्ट के साथ ब्लैक जैकेट और कियारा व्हाइट टॉप पहने नजर आ रही हैं। फोटो के साथ बैकग्राउंड में फिल्म का एक रोमांटिक म्यूजिक भी बज रहा है। फैंस इस फोटो पर कमेंट कर कार्तिक-कियारा पर प्यार बरसा रहे हैं। इसके साथ ही कियारा को बर्थडे विश भी कर रहे हैं। बता दें कि कियारा ने एक दिन पहले 31 जुलाई को अपना 30वां बर्थडे सेलिब्रेट किया है।

### कार्तिक-कियारा दूसरी बार एक साथ नजर आएंगे

समीर विध्वंस ने 'सत्यप्रेम की कथा' का डायरेक्शन किया है। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में कार्तिक-कियारा दूसरी बार एक साथ नजर आने वाले हैं। इससे पहले दोनों 20 मई को रिलीज हुई 'भूल भुलैया-2' में पहली बार स्क्रीन पर साथ नजर आए थे। 'भूल भुलैया 2' साल 2022 की अब तक की सबसे सफल बॉलीवुड फिल्म है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 265 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस कयिा था।

## सलमान खान को मुंबई पुलिस ने दिया गन लाइसेंस:जान से मारने की धमकी मिलने के बाद दी थी एप्लीकेशन; कार को करवाया बुलेटप्रूफ



सलमान खान को मुंबई पुलिस ने गन रखने का लाइसेंस दे दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले सुपरस्टार मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फनसालकर से मिले थे और आत्मसुरक्षा का हवाला देते हुए हथियार रखने की एप्लीकेशन दी थी। सलमान को 5 जून को जान से मारने की धमकी मिली थी। लेटर में लिखा था कि सलमान जल्द ही तुम्हारा हाल मूसेवाला जैसा होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान इसके बाद से ही अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। इससे पहले सलमान ने अपनी कार को भी अपग्रेड किया था। उन्होंने अपने लैंड क्रूजर कार को बुलेटप्रूफ करवाया था और आर्मर लगवाया था। इसके साथ ही उन्होंने अपनी कार के सभी कांच को भी बुलेटप्रूफ करवाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह लैंड क्रूजर का नया मॉडल नहीं है, बल्कि पुराने मॉडल को ही अपग्रेड किया है।

ये पूरा मामला तब सामने आया था जब सलमान के पिता सलीम मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। सैर के बाद सलीम खान को अज्ञात पत्र मिला था, जिसमें उन्हें और सलमान को जान से मारने की धमकी दी गई थी। लेटर में लिखा था तेरा मूसेवाला जैसा हाल बना देंगे सलमान खान। इसके बाद सलीम खान ने अपने सुरक्षाकर्मी की मदद से पुलिस से संपर्क किया और बांद्रा थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद से मुंबई पुलिस ने भी सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी थी और उनके घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पुलिस की एक स्पेशल टीम को तैनात किया गया था। वहीं, पुलिस ने सलमान को पब्लिक अपीरिएंस कम करने को कहा था। यही वजह है कि सलमान इस साल ईद में अपने फैंस से भी नहीं मिल पाए।

सलमान के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्टर फिलहाल 'कभी ईद कभी दिवाली' की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। इस फिल्म में सलमान के अलावा पूजा हेगड़े, शहनाज गिल और कृति सेनन लीड रोल में हैं। सलमान ने फिल्म की कास्ट में साउथ एक्टर जगपति बाबू को भी शामिल कर लिया है। कुछ समय पहले फिल्म के टाइटल बदलने की भी खबरें आई थीं। हालांकि मेकर्स की तरफ से अभी तक कोई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है।

## ट्रेडिशनल अंदाज में स्पॉट हुई ईशा गुप्ता, फैंस ने की तारीफ




बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता इन दिनों अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में एक्ट्रेस को ट्रेडिशनल अंदाज में एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। एयरपोर्ट पर ईशा सलवार सूट पहने हुए नजर आईं। लाइम ग्रीन कलर के इस सूट में ईशा बेहद खूबसूरत लग रही हैं। ईशा के इस देसी लुक की फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, "ये कितनी खूबसूरत है।" वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- 'बेहद सुंदर।' बता दें, ईशा गुप्ता हाल ही में बॉबी देओल के साथ 'आश्रम 3' वेब सीरीज में नजर आई थीं।

## रश्मिका मंदाना की खूबसूरती की तारीफ करते दिखे विजय, खुशी से खिल उठा एक्ट्रेस का चेहरा



**साउथ स्टार विजय** देवरकोंडा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म लाइगर की वजह से सुर्खियों में हैं। इस फिल्म से विजय अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। हाल ही में विजय तेलुगु फिल्म सीता रामम के इवेंट में पहुंचे जिसका एक प्रोमो वीडियो शेयर किया गया। इसमें विजय रश्मिका मंदाना के लुक की तारीफ करते हुए दिखाई दिए। विजय ने कहा ₹रश्मिका, आप हमेशा बहुत सुंदर दिखती हैं, जैसे ही मैं आपका नाम लेता हूं, हर कोई हंसता है, मुझे नहीं पता क्यों? ये सुनकर रश्मिका शर्माते हुए नजर आती हैं और उनका चेहरा खिल उठता है। बता दें कि रश्मिका और विजय का नाम काफी समय से जुड़ता आ रहा है। रश्मिका तेलुगु फिल्म सीता रामम में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## सिने वर्कर संगठन के सेक्रेटरी बोले- स्टूडियो मालिकों से ऑडिट रिपोर्ट मांगी, फायर ऑडिट होगा मैंडेटरी





**लव रंजन** की अनटाइटल्ड फिल्म के सेट पर मुंबई में शुक्रवार यानी की 29 जुलाई को आग लगी, जिसमें एक क्रू मेंबर का निधन हो गया। इसके साथ ही सूरज बड़जात्या के सेट्स को भी भारी नुकसान हुआ है। सिने वर्कर के संगठन फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी अशोक दुबे ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। इसमें उन्होंने सेट बनाने वालों से लेकर प्रोड्यूसर्स की लापरवाही भी शेयर की है। उन्होंने कहा, अब फेडरेशन कमर कस चुका है।

हफ्ते भर में वह सभी प्रोड्यूसर्स और स्टूडियो के मालिकों को लेटर जारी करेगा। इसमें उनसे फायर ऑडिट की रिपोर्ट मांगी जाएगी। अगर किसी स्टूडियो ने फायर ऑडिट नहीं कराई है तो फेडरेशन उन स्टूडियो में वर्कर्स को काम नहीं करने देगा। अशोक दुबे फिलहाल यह दावा नहीं करते कि लव रंजन और सूरज बड़जात्या और कटरीना कैफ वाली फिल्म के सेट्स पर फायर ऑडिट हुए थे या नहीं।

### फायर ऑडिट मैंडेटरी कराएंगे- अशोक

अशोक आगे बताते हैं, यह इस तरह के सेट पर आग लगने की इकलौती घटना नहीं है। ऐसे सेट वैसे ग्राउंड पर बनाए जाते हैं, जहां शूटिंग करना सेफ नहीं है। फिर भी सेट बनते रहते हैं और शूटिंग्स होती रहती हैं। फेडरेशन ने इस इसके लिए कई बार फायर डिपार्टमेंट और स्थानीय निकायों को लेटर भी लिखा। फिर भी कोई एक्शन नहीं लिखा गया।

इसके चलते आज भी ऐसे सेट्स बनते रहते हैं। आज से चार साल पहले सिनेविस्टा स्टूडियो में भी आग लगी थी। फिल्मसिटी और बांगुर नगर में भी इससे पहले कई मौकों पर आग लग चुकी है। मगर स्टूडियो मालिक से लेकर प्रोडक्शन हाउस कोई इस पर गंभीरता से विचार नहीं कर रहे। लिहाजा अब हम भविष्य में रेंट पर लिए जाने वाले स्टूडियोज की फायर ऑडिट को मैंडेटरी करने वाले हैं।

### लाइटों का नुकसान हुआ

अशोक आगे कहा, चित्रकूट ग्राउंड में बने फिल्म स्टूडियो में चार फ्लोर थे। वहां एक पर लव रंजन की अपकमिंग फिल्म के प्री-लाइटिंग का काम चल रहा था। दो फ्लोर राजश्री ने लिए हुए थे। एक फ्लोर रमेश तौरानी का सेट था। वहां भी प्री-लाइटिंग का काम चल रहा था। राजश्री प्रोडक्शंस ने जो दो फ्लोर लिए थे, उनमें से एक पर सनी देओल के बेटे राजवीर देओल की फिल्म शूट हो रही थी। गनीमत रही कि उस फ्लोर पर कोई हादसा नहीं हुआ। बगल वाले फ्लोर पर भी उसी फिल्म की शूटिंग होने को थी, जो पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। लव रंजन वाले सेट पर लाइटवेंडर मिस्टर अर्जुन की लाइटों का नुकसान हुआ।

वहीं दूसरी तरफ, संजय गर्ग ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा- मैं इस वक्त पुलिस कार्रवाइयों में व्यस्त हूं। इतना कह सकता हूं कि हमने जरूरी परमिशन लिए हुए थे।

## आसिम रियाज के बोल्ड फोटोशूट ने मचाया तहलका, लोग बोले- रणवीर भाई ने सबको बिगाड़ दिया



बॉलीवुड एक्टर हाल ही में रणवीर सिंह का न्यूड फोटोशूट सुर्खियों में रहा। कुछ लोगों ने इसे अपनी पसंद बताया तो किसी ने इसका विराध किया। यही नहीं इस फोटोशूट के अगेंस्ट रणवीर के खिलाफ कई FIR दर्ज कराई गईं। वहीं कई ने मानसिक कचरा तक करार दे दिया। इस फोटोशूट के बाद टीवी एक्टर नकुल मेहता ने भी नेकेड शूट कराया। अब बिग बॉस फेम एक्टर आसिम रियाज अपने फोटोशूट को लेकर सुर्खियों में हैं। आसिम ने बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया है जिसमें वे बहुत कम कपड़ों में नज़र आ रहे हैं। उनका किलर लुक भी देखने वाला है। फैंस आसिम की इन फोटोज़ पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'रणवीर भइया ने सबको बिगाड़ दिया।' बता दें, आसिम इन फोटोज़ में सिक्स पैक एब्स फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बता दें, कुब्रा सैत की किताब के लॉन्च के मौके पर विद्या बालन से जब रणवीर सिंह के न्यूड फोटोशूट के विवाद पर राय जानने की कोशिश की गयी तो उन्होंने मुस्कुराते हुए और एकदम हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, "अरे क्या प्रॉब्लम है? पहली बार कोई आदमी ऐसा कर रहा है। हम लोगों को भी आंखें सेंकने दीजिए ना!"

विद्या बालन ने रणवीर के न्यूड फोटोशूट को लेकर आगे कहा कि एफआईआर दर्ज कराने के बारे में पूछा गया तो विद्या ने कहा, "शायद उन लोगों (एफआईआर करानेवाले लोगों) के पास ज्यादा काम नहीं है, तो इसीलिए इन चीजों पर वो वक्त गंवा रहे हैं। अगर आपको अच्छा नहीं लगे तो पेपर बंद कर दीजिए, फेंक दीजिए, जो करना है करिए। एफआईआर-वैफआईआर के चक्कर में क्यों पड़ना है?" बता दें कि रणवीर सिंह के इस फोटोशूट को उनके दोस्त और बॉलीवुड के कई सारे सितारों ने सपोर्ट किया है।

## सामंथा रुथ प्रभु को नहीं पसंद था ऋतिक रोशन का लुक





**साउथ की** जानी-मानी एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु टॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बाद अब हिंदी भाषी फैंस में भी काफी लोकप्रिय हो गई हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर सामंथा का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वो बॉलीवुड सुपरस्टार एक्टर ऋतिक रोशन के लुक्स को लेकर अपना रिएक्श देती नजर आ रही हैं। सामंथा कहती हैं कि उन्हें ऋतिक रोशन का लुक कुछ खास पसंद नहीं है। हाल ही में सामंथा, अक्षय कुमार के साथ करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' में नजर आई थीं। समांथा रूथ प्रभु ने फिल्मों में अपने लगभग 12 साल के लंबे सफर में एक लंबा सफर तय किया है।

### 2010 में दिया था ये बयान

फिल्म इंडस्ट्री के अपने शुरुआती सालों में सामंथा ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के लाखों फैंस के उलट, एक्टर का लुक पसंद नहीं आया। सामंथा ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2010 की रोमांटिक तेलुगु फिल्म 'ये माया चेसावे' से किया। फिल्म में वो अपने एक्स हसबैंड नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं, फिल्म के लिए उन्हें कई अवॉर्ड भी मिले। उसी वर्ष साक्षी टीवी को दिए एक इंटरव्यू में सामंथा से ऋतिक रोशन के लुक को लेकर सावाल किया गया था।

### ऋतिक को कहा जाता है 'ग्रीक गॉड'

वीडियो सामंथा 23 साल की उम्र में ऋतिक रोशन के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस को कोई भी पहचान सकता है। अपनी हंसी को कंट्रोल करते हुए सामंथा ने कहा, 'सब मुझे मार डालेंगे लेकिन मुझे ऋतिक का लुक ज्यादा पसंद नहीं है।' हालांकि सामंथा का ये कमेंट ऋतिक के फैंस को पसंद नहीं आया और उन्होंने एक्ट्रेस की खूब खिंचाई की। सोशल मीडिया पर एक बार फिर उनका ये पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। ऋतिक की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है और आमतौर पर मीडिया और उनके फैंस द्वारा उन्हें 'ग्रीक गॉड' कहा जाता है।

### वीडियो पर लोगों ने किया ऐसा कमेंट

हालांकि सामंथा का थ्रोबैक वीडियो देखकर कई लोग उन्हें पहचान नहीं पाए, क्योंकि 35 वर्षीय एक्ट्रेस का लुक अब काफी बदल चुका है। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक रेटिड यूजर ने कहा, 'अरे, ये (सामंथा) तब इतनी अलग दिखती थी!' एक अन्य ने कहा, 'सामंथा बिल्कुल अलग लड़की की तरह दिखती है।' एक अन्य यूजर ने कहा, 'अरे मैं तो सामंथा को पहचान ही नहीं पाया।'

## यूथ को गलत रास्ते पर जाने से रोकेंगी 'विंक गर्ल' प्रिया प्रकाश

### क्या है 'ट्रैप्ड जोन' जिसकी एक्ट्रेस बनीं ब्रांड एंबेसडर



अभिनेत्री प्रिया प्रकाश वॉरियर को रविवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान स्किल इंडिया और एनएसडीसी के साथ साझेदारी में VOWS और 'आप की बात' द्वारा डिजाइन किए गए साइबर अपराध जागरूकता अभियान 'ट्रैप्ड डॉट जोन' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। जागरूकता अभियान का उद्देश्य युवाओं को वेब के अंधेरे पक्ष से संभावित खतरे के प्रति सचेत करना और उन्हें उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के संबंध में संवेदनशील बनाना है। प्रिया ने हाल ही में लव हैकर्स नामक एक फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो डार्क वेब और साइबर अपराधियों से संबंधित है। मयंक श्रीवास्तव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में वह साइबर क्राइम पीड़िता की भूमिका में नजर आएंगी।

प्रिया प्रकाश वारियर, जो ब्रांड एंबेसडर होने के नाते इंटरनेट सनसनी भी बनीं, कहती हैं, "मैं इस अभियान का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत ही व्यक्तिगत है क्योंकि इन सभी वर्षों में मुझे अपने जीवन में जो भी पहचान मिली है, वह है इंटरनेट और सोशल मीडिया की वजह से मैं व्यक्तिगत रूप से साइबर उत्पीड़न और बदमाशी का शिकार हुई हूं क्योंकि यह मेरे पेशे का हिस्सा है। इसलिए हम हर रोज ट्रोलिंग, मीम्स और क्या नहीं देखते हैं।"

वह आगे कहती हैं, "आभासी दुनिया में और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर कुछ भी अपडेट करने और किसी के साथ वीडियो, चैट शुरू करने से पहले थोड़ा सोच लें कि आप फोटो या वीडियो क्यों अपलोड कर रहे हैं। साइबर क्राइम और डार्क वेब के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है, तभी वे वर्चुअल वर्ल्ड के अपराधियों से बच पाएंगे।" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव राजेश अग्रवाल थे। इसके साथ ही फेडरेशन फॉर वर्ल्ड एकेडमिक्स और "आप की बात" के संयुक्त तत्वावधान में यूनिवर्सिटी और स्किल एक्सपो 2022 की शुरुआत हुई, जिसमें देश भर से कई नामी विश्वविद्यालयों और सेक्टर स्किल काउंसिल ने भाग लिया। वहीं, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, निदेशकों और उद्योग जगत के लोगों ने सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## विद्या बालन ने जब खोले थे बेडरूम सीक्रेट



**रणवीर सिंह** के न्यूड फोटोशूट पर विद्या बालन का लेटेस्ट कमेंट चर्चा में है। उन्होंने कहा था, क्या दिक्कत है, हमें भी आंखें सेंकने दीजिए। यह पहला मौका नहीं है जब विद्या बालन के बिंदास बोल सुर्खियों में आए। इससे पहले 'कॉलिंग करण' में उनके कुछ खुलासे चर्चित हो चुके हैं। विद्या ने करण जौहर के सवालों के चटपटे जवाब दिए थे और अपने बेडरूम सीक्रेट्स खोले थे। विद्या से करण ने पूछा था कि 'ऐक्ट' के बाद वह चॉकलेट, ग्रीन टी या फिर से उसी का एक राउंड लेती हैं। विद्या ने इसका एकदम हटके जवाब दिया था।

### पूछा था, लाइट्स खुली या बंद?

करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में उनके रैपिड फायर राउंड में अक्सर ऐसे सवाल होते हैं जो सुर्खियां बन जाते हैं। करण जौहर लोगों की पर्सनल लाइफ से जुड़े सवाल जरूर करते हैं। खासतौर पर अफेयर्स और सेक्स लाइफ से जुड़े सवाल शो में जरूर होते हैं। करण जौहर ने कॉलिंग करण रेडियो शो में भी विद्या बालन से उनके बेडरूम से जुड़े कुछ पर्सनल सवाल पूछे थे। करण ने पूछा था, लाइट्स खुली रखती हैं या बंद? इस पर विद्या का जवाब था, डिम लाइट। फिर करण ने सवाल किया, कैंडल्स या म्यूजिक? विद्या का जवाब था, दोनों।

### विद्या बालन का बिंदास जवाब

इसके बाद करण जौहर ने विद्या बालन से पूछा, कॉटन शीट्स या सिल्क? इस पर विद्या बोलीं, हमेशा कॉटन, सिल्क से पता नहीं कैसा लगता है।।।।। करण ने पूछा, 'ऐक्ट' के बाद चॉकलेट, ग्रीन टी, या फिर से एक राउंड। इस पर विद्या का जवाब था, पानी। प्यास बुझते-बुझते और प्यास






# सेहतमंद रहने के लिए चलना-फिरना व बाहरी हवा भी जरूरी

**लोगों को जिस** तरह के कपड़े पहनने की आदत होती है वही उनके लिए सबसे आरामदायक होता है। लेकिन कसी जींस या साड़ी जैसे कपड़ों को पहनने से बचना चाहिए। सलवार-कुर्ता या ट्रैक सूट जैसे कपड़े चलने के लिए आरामदयक होते हैं। नियमित सैर पर जाने वालों को अपने जूतों पर खास ध्यान देना चाहिए।

सेहत को लेकर हालिया दशक में जो जागरूकता बढ़ी है, वह कोरोना संकट के दौर में काफी बढ़ गई है। परेशानी बस यह है कि घर से बाहर की चहलकदमी कम होने के कारण अब लोगों का ज्यादा जोर सेहतमंद भोजन और उन देसी नुस्खों पर है, जिनके इस्तेमाल से श्वसन और पाचन तंत्र सुचारू तौर पर कार्य करते हैं। पर इतना भर पर्याप्त नहीं है। शरीर के लिए चलना-फिरना और बाहरी आबोहवा भी जरूरी है। अब जबकि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर थमने के बाद जनजीवन थोड़ा सामान्य हो चला है तो दूरी और मास्क जैसे एहतियात के साथ सुबह-शाम की सैर पर लोगों के निकलने का सिलसिला शहरों में फिर से शुरू हुआ है।

### सेहतमंद आदत

पैदल चलना एक सेहतमंद आदत है। इस बारे में कई तरह के शोध भी हुए हैं। दरअसल, चलना एक ऐसी शारीरिक क्रिया है जिससे पूरे शरीर का व्यायाम एक साथ हो जाता है। पारंपरिक तौर पर सुबह की सैर को सर्वोत्तम माना गया है। लेकिन ऐसा नहीं है कि अगर आप किन्हीं वजहों से सुबह की सैर नहीं कर पाते हैं तो फिर आप सैर कर ही नहीं सकते। आपको अपनी दिनचर्या के हिसाब से जब भी वक्त मिले चलने के लिए थोड़ा समय निकालना चाहिए। वैसे तेज गर्मी और उमस के दिनों में सुबह की सैर ही सबसे अच्छा विकल्प है।

### शुरुआती कदम

अगर आप पहले से पैदल चलने की दिनचर्या का पालन नहीं कर रहे हैं तो शुरुआत में आप थोड़ा कम भी चल सकते हैं। यह अभ्यास धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है।

शुरू में आप तीन किलोमीटर चल रहे हैं तो एक-दो हफ्ते में उसे बढ़ा कर चार या पांच किलोमीटर



भी कर सकते हैं। लेकिन यह सब शरीर की ऊर्जा और क्षमता के अनुपात में ही करना चाहिए। सैर के वक्त शरीर को जरूरत से ज्यादा थका लेंगे तो आप बाकी समय थकान महसूस करते रहेंगे और आपकी कार्यक्षमता भी प्रभावित होगी।

वैसे तो लोगों को जिस तरह के कपड़े पहनने की आदत होती है वही उनके लिए सबसे आरामदायक होता है। लेकिन कसी जींस या साड़ी जैसे कपड़ों को पहनने से बचना चाहिए। सलवार-कुर्ता या ट्रैक सूट जैसे कपड़े चलने के लिए आरामदयक होते हैं। नियमित सैर पर जाने वालों को अपने जूतों पर खास ध्यान देना चाहिए। सैर पर जाने वालों के लिए बाजार में कई तरह के अच्छे जूते हैं। आप इनमें से अपने लिए बेहतर चुनाव कर सकते हैं।

### आदत में करें शुमार

घर हो या दफ्तर कहीं पर भी हमें चलने का कोई मौका छोड़ना नहीं चाहिए। संभव हो तो लिफ्ट के बजाए सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। आसपास की जगहों पर जाने के लिए वाहन का सहारा नहीं लें, पैदल ही जाएं। इन दिनों कई दफ्तरों में 'वाकिंग मीटिंग' का भी चलन है, जिसमें सहयोगी खुली जगह पर टहलते हुए सारे मसले तय करते हैं। अगर घर पर हैं तो एक जगह बहुत देर तक नहीं बैठें और थोड़ा चल लें। कुल मिलाकर आपको किसी तरह की शारीरिक दिक्कत नहीं है या कोई खास चिकित्सकीय दिशानिर्देश नहीं है तो कहीं भी चलने का कोई मौका छोड़ना नहीं चाहिए।

### शोध और सलाह

– एक आम स्वस्थ व्यक्ति के लिए रोजाना चालीस से लेकर अस्सी मिनट तक के पैदल चलने को आदर्श माना जाता है।

– स्वास्थ्य पत्रिका 'द लैंसेट' में छपे एक शोध के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति बीस मिनट भी चलता है तो उसके शरीर में शर्करा का स्तर संतुलित रह सकता है।

– पैदल चलने से एंडोर्फिन नाम के हार्मोन का स्राव होता है। डॉक्टरों का कहना है कि यह हार्मोन हमारे शरीर को खुश रखने के लिए जिम्मेदार होता है।

– कोरोनाकाल में लोगों में अवसाद की समस्या काफी बढ़ गई है। एक शोध के मुताबिक अगर दिन में आदमी तीस मिनट भी न्यूनतम चले तो इससे अवसाद में जाने का खतरा 36 फीसद कम हो जाता है। साथ ही इससे दिमागी स्फूर्ति भी बढ़ जाती है।

इसके अलावा पैदल चलने से हड्डियों को मजबूती मिलती है और गठिया जैसी समस्या नहीं घेरती है।

# बारिश के मौसम में मच्छरों से सावधान!



**बारिश के मौसम** में मच्छरों के कारण होने वाली बीमारियां यानी मलेरिया, जीका और डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इन दोनों ही बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति शारीरिक रूप से बेहद कमजोर हो जाता है। इस तरह की बीमारी का इलाज होने के बाद भी इससे हुई कमजोरी से उबरने में काफी समय लग जाता है। इसलिए सबसे बेहतर यही है कि आप मच्छरों से खुद का बचाव करें ताकि इन बीमारियों की चपेट में न आएं।

पानी जमा न होने दें- सबसे अहम बात यह है कि अपने आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। बारिश में कई जगह पानी इकट्ठा हो जाता है जिससे मच्छरों को पनपने का मौका मिलता है। कूलर आदि चीजों को भी साफ करते रहें ताकि मच्छर न बढ़े।

करें मॉस्किटो रेपलेंट का इस्तेमाल- अंदर हो या बाहर मच्छरों का आतंक हर जगह रहता है। इसलिए चाहे आप घर में रहें या बाहर मच्छरों से सावधान रहना ज्यादा जरूरी है। ख़ासकर घर में अगर बचें हैं तो सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। इसके साथ ही मॉस्किटो रेपलेंट का इस्तेमाल करने से मच्छरों से बचा जा सकता है।

पूरे कपड़े पहने- बरसात के समय नमी के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है। खुले शरीर होने से मच्छर ज्यादा काटते हैं जिनसे बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए उनसे बचने के लिए पूरी बांह की शर्ट व नीचे भी फुल लेंथ पैंट्स पहनें ताकि मच्छरों से बचाव हो सके।



जीका वायरस से ग्रसित इलाके में ट्रैवल करने से बचना चाहिए। इसके साथ ही जीका संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखनी जाइए। किसी भी लक्षण की शंका होने पर इलाज में देरी न करें क्यूंकी मरीज की हालत बिगाड़ सकती है जो उसके लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

# कमजोर लिवर वालों में कोविड होने पर मौत का खतरा



अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी सीडीसी कहती है, लिवर की गंभीर बीमारी सिरोसिस से जूझने वाले मरीजों में कोरोना का संक्रमण होने पर मौत का खतरा 30 गुना अधिक रहा है। कोरोना के दौर में लिवर को स्वस्थ रखने की अहमियत बढ़ गई है।

कनैडियन लिवर फाउंडेशन के मुताबिक, लिवर शरीर के लिए 500 तरह के काम करता है। इसमें शरीर को एनर्जी देना, इंफेक्शन और टॉक्सिन से बचाना, खून का थक्का जमने में मदद करना और हार्मोन को कंट्रोल करना जैसे प्रमुख काम शामिल हैं।

7 दिन के एक डाइट प्लान से लिवर को डिटॉक्स किया जा सकता है। यानी इसमें से जहरीले तत्व बाहर निकाले जा सकते हैं। डिटॉक्स डाइट का पहला काम आहार से कैफीन, निकोटीन और रिफाइंड शुगर जैसे हानिकारक पदार्थों को हटाकर उनकी जगह हेल्दी फूड को शामिल करना है। ग्लोबल लीडिंग होलिस्टिक हेल्थ गुरु डॉ. मिकी मेहता से जानिए लिवर को कैसे स्वस्थ रखें...

### मजबूत लिवर के लिए अपनाएं 7 दिन का यह डाइट प्लान

पहला दिन-लिवर साफ करने वाले फूड लेंः ऑर्गेनिक फल, सब्जियां, दालें खाएं। इनमें ग्लूटाथियोन पाया जाता है जो लिवर के टॉक्सिन क्लीजिंग एंजाइम को बढ़ाता है।

दूसरा दिन- लिवर को पोषण देंः पत्तेदार सब्जियां जैसे गोभी, ब्रॉकली, फूलगोभी, प्याज, लहसुन के पत्ते, खट्टे फल, नट्स और बीजों का सेवन करें। इनमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर होता है।

तीसरा दिन-आंतों को मजबूत बनाएंः फर्मेंटेड फूड जैसे दही, इडली, पनीर आदि में फायदेमंद बैक्टीरिया पाए जाते हैं। ये पाचन और इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।

चौथा दिन-रुटीन में आएंः सोने, जागने और खाने का समय फिक्स करें। नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। इससे लिवर पर पड़ने वाला तनाव कम होता है।

पांचवां दिन-समय से पहले भोजनः दिन का मुख्य भोजन सुबह 10.30 बजे तक कर लें। रात का भोजन शाम 6.30 बजे तक समाप्त कर दें। शेष समय उपवास करें। इससे मेटाबॉलिज्म बेहतर हो जाता है।

छठा दिन-हल्दी की चायः हल्दी में एंटी ऑक्सीडेंट और सूजन को घटाने वाले तत्व पाए जाते हैं। यह लिवर को एक्टिव रखने के साथ पाचन सुधारती है। इस दौरान हर्बल-टी का उपयोग भी कर सकते हैं।

सातवां दिन-खूब पसीना बहाएंः वॉक, साइकिलिंग और जॉगिंग से पसीना बहाएं।

इस प्लान के फायदे : ऊर्जा बढ़ेगी, त्वचा और पाचन तंत्र सुधरेगा

ऑक्सीजन लिवर और हार्ट तक पहुंचती है। पसीना टॉक्सिन को तेजी से बाहर करता है। प्रोसेस्ड फूड, ऐडेड शुगर, सॉल्ट और कैफीन शरीर की ऊर्जा को कम करते हैं। डिटाक्सिफिकेशन के दौरान इनके हटने से शरीर एनर्जेटिक महसूस करता है।

त्वचा में सूखापन, धब्बे, रूखापन कम होने लगता है। पाचन बेहतर होता है। टॉक्सिन्स कम होने से जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द और सूजन में कमी आती है। नींद बेहतर होती है। जो अपने आप में डिटॉक्सिफायर है। इससे मानसिक और शारीरिक संतुलन सुधरता है, जिससे मूड बेहतर होता है।

# महामारी के बीच घर में लगाएं हवा शुद्ध करने वाला गरबेरा डेजी और पोथोस का पौधा

पोलूशन के इस दौर में हमें शुद्ध हवा की आवश्यकता होती हैं। इस कड़ी में अपनाए गए तमाम तरीकों में से एक तरीका हमारे घर और बाहर पौधे लगाना भी है। इससे पर्यावरण शुद्ध होता है और हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। पोलूशन के बीच घर से निगेटिविटी खत्म करने के लिए भी गार्डनिंग को अपनी हॉबी बनाया जा सकता है। रंग-बिरंगे और खूबसूरत पौधे एक ओर जहां पॉजिटिविटी बनाए रखने में मदद करेंगे, वहीं सेहत के लिए सभी के बीच आपके लिए टाइम पास का बेहतर ऑप्शन भी साबित होंगे।

आप अपनी पसंद के अनुसार बड़े पौधे लगाएं या छोटे पौधे चुनें। उन्हें एक ही जगह पर रखकर काफी अच्छी तरह सेट कर सकते हैं। छोटे पौधे सुंदर गमलों में लगाकर उन्हें सेंटर या साइड टेबल पर सजाएं। बड़े पौधों को किसी कोने या खाली दीवार के साथ रखें। बस इतना जरूर है कि पौधे ऐसे स्थान पर रखें जहां आने-जाने की जगह बाधित न हो।







### गरबेरा डेजी

ऑरेंज, व्हाइट, यलो जैसे कलर में मिलने वाला यह पौधा हवा में मौजूद कई रसायनिक तत्वों को खत्म करता है। इसे आप अपने लिविंग रूम में भी लगा सकते हैं। इसके फूल कम से कम 2 हफ्ते के लिए खिले रहते हैं।

इसके पौधों को पानी की ज्यादा जरूरत होती है। इसके गमले को पानी से पूरी तरह भर देना ही उपयुक्त है। इस पौधे को घर के किसी भी कोने में रखने से आप पॉजिटिव एनर्जी महसूस करेंगी।

### इंगलिश आइवी

यह छोटा सा पौधा दिखने में बहुत खूबसूरत लगता है। इसके साथ नया पौधा लगाना बहुत आसान काम है। इसके तने के एक भाग को काटिए और दूसरे गमले में लगा लीजिए। दो हफ्ते के अंदर नया आइवी उगकर तैयार हो जाएगा। हालांकि इस पौधे को बढ़ने के लिए ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है।

### पोथोस

यह हवा को शुद्ध करने वाला पौधा है जो बेल के शेप में उगता है जिसे हैंगिंग बास्केट में लगाया जा सकता है। इसकी बेल को किसी चीज से सहारा देकर बांधने पर इसका लुक और उभर कर आते है। इसे टायर को काटकर उसमें लटकाएं या दीवारों पर रखें। उसकी फैली हुई बेल घर की खूबसूरती बढ़ाने में यकीनन मदद करेगी।






# बारिश के मौसम में डायबिटीज के मरीज जरूर रखें इन बातों का ख्याल, वरना बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**सर्दी-खांसी से लेकर** वायरल फीवर तक बारिश के मौसम में होने वाली आम बीमारियां हैं, जो किसी को भी प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन यह मौसम कमजोर इम्यूनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) वालों के लिए बहुत सारी दिक्कतें पैदा कर सकता है। इसी तरह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी यह मौसम आफत ही लेकर आता है, क्योंकि डायबिटीज की वजह से उनकी इम्यूनिटी पहले से ही कमजोर होती है और ऐसे में उनके बीमार पड़ने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए जो लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, उन्हें इस मौसम में खास देखभाल की जरूरत होती है। वैसे तो डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति को हर समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है और अपने खानपान का भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है।

### बाहर के खाने से बचें

बारिश के मौसम में बाहर का खाना किसी को भी नुकसान पहुंचा सकता है और खासकर डायबिटीज के मरीजों को तो ऐसा खाना बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए, क्योंकि छोटी सी भी लापरवाही उनके लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर सकता है। बेहतर होगा कि घर का बना खाना ही खाएं।

### फल-सब्जियों को अच्छी तरह धो लें

डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बहुत जरूरी है कि वे फलों और सब्जियों का सेवन करने से पहले उन्हें अच्छी तरह से धो लें, ताकि उनमें मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस मर जाएं। दरअसल, बारिश के मौसम में इनका खतरा अधिक होता है, इसलिए सावधान रहें।

### बारिश में भीगें नहीं

अक्सर लोग बारिश के मौसम में भींगना पसंद करते हैं, लेकिन डायबिटीज के मरीजों को ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। उन्हें खुद को सूखा रखना चाहिए। यह बरसात में तरह-तरह के संक्रमण से बचने का सबसे बेहतर उपाय है।

### भरपूर मात्रा में पानी पिएं

डायबिटीज के मरीजों को तो पानी भरपूर मात्रा में पीना चाहिए, क्योंकि उनके शरीर में पानी की कमी होने का खतरा अधिक रहता है। ऐसे में पानी की कमी डायबिटीज वालों के लिए अधिक जटिलताएं पैदा कर सकता है। इसलिए इस बात का ध्यान रखें।

# डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए उपाचार

**प्रश्न : मेरी उम्र 40 वर्ष है। पिछले 3 महीने से पीठ के दर्द से पीड़ित हूं। कृपया आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**

**- विश्वेश्वर वर्मा वरंगल**

उत्तर : पीठ का दर्द कई कारणों से हो सकता है। जन्मजात विकृतियां, उठने - बैठने के ढंग में खराबी, कमजोर मांसपेशियां, कंडराओं में अकड़न या सूजन, व्यायाम का अभाव, भोजन में पोषक तत्वों की कमी, बचपन में पीठ पर चोट लगना, वात बढ़ने आदि कारणों से पीठ में दर्द हो सकता है।

आप जिस स्कूटर या मोटरसाइकिल का प्रयोग करते हैं, यदि उसके नाक आब्जर्वर खराब हो गए हो तब भी कंधे व पीठ में दर्द संभव है। ज्यादा झुककर कार्य करना, एक हाथ से वजन उठाना, घंटों एक ही आसन में बैठे रहना भी पीठ दर्द को बढ़ा सकता है।

पीठ पर रूमेटाइज ऑयल या ऊंझा महानारायण तेल की मालिश करें । रुमाटाइज टिकिया, महायोगराज गुग्गुलु, ऊंझा वातगजंकुश रस की टिकिया दिन में तीन बार भोजन के बाद लेवें। ऊंझा अश्वगंधारिष्ट व दशमूलारिष्ट 10-10 मिलीलीटर दवा को पानी में मिलाकर भोजन के बाद लेवें।

नित्य हल्का व्यायाम करें, टहले, वह सदा प्रसन्न चित्त रहें, गरिष्ठ भोजन, वातकारक आहार, कंदमूल (आलू, रतालू, अरबी, मूली, शलजम आदि) का सेवन, रात्रि जागरण ना करें । बासी भोजन व ठंडे पेय पदार्थ, आइसक्रीम आदि के सेवन से बचें।

**प्रश्न : मेरी उम्र 35 वर्ष है। डायबिटीज का रोगी हूं। अंग्रेजी दवाएं चल रही है, फिर भी रक्त शर्करा कंट्रोल में नहीं आती। क्या करूं ? उपाय बताएं।**

**- सौरभ अग्रवाल, हैदराबाद**

उत्तर : जीवन शैली में परिवर्तन और अनुवांशिकता के कारण दिनोंदिन डायबिटीज के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। तेलंगाना में हर पांचवा आदमी मधुमेह से पीड़ित है। आरामपसंद जीवन या फिर हमेशा तनावग्रस्त रहना दोनों स्थितियों में प्रमेह रोग उत्पन्न हो जाता है। आप अभी जो अंग्रेजी दवा ले रहे हैं उन्हें तुरंत ना रोके। उनके साथ ही आयुर्वेदिक दवाएं शुरू कर दें। धीरे-धीरे अंग्रेजी दवाओं को हटाया जा सकता है।



आप ऊंझा जांब्रोस टिकिया दो-दो गोली सुबह -दोपहर- शाम भोजन के पहले लेवें। भोजन के बाद ऊंझा चंद्रप्रभा वटी एवं आरोग्यवर्धिनी रस की एक - एक गोली ले लें। भोजन में मीठा एवं मिठाई पूरी बंद कर दें।

हर रोज पैदल चलें। कसरत करें। दिन में सोने से बचें। आरामपसंद जीवन का त्याग करें। अपना पसीना बहाएं। थोड़े ही दिनों में आपकी ब्लड शुगर सामान्य होकर मधुमेह है नियंत्रण में आ जाएगा।

**प्रश्न : मेरी उम्र 25 वर्ष है। खट्टी डकार आना, हृदय, कंठ और पेट में जलन होना, हमेशा उबकाई जैसी स्थिति बने रहना जैसे लक्षणों से परेशान हो गया हूं ।कृपा कर आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**

**- अभिनव शर्मा, हैदराबाद**

उत्तर : आप अम्लपित्त नामक रोग से पीड़ित है। किशोर और युवा वर्ग में यह रोग तेजी से फैल रहा है । कारण : लाइफस्टाइल में, जीवन शैली में बदलाव। फास्ट फूड, जंक फूड, होटल का खाना, चटपटी, तीखी मिर्च मसालेदार व्यंजनों पर प्रीति से उदर में पहले से ही स्थित हाइड्रोक्लोरिक एसिड में और अधिक वृद्धि होती है। जिसके कारण खट्टी डकार आना, छाती और कंठ में जलन होना , उल्टी का सेंसेशन होना, पेट में दर्द, पेट में जलन जैसे लक्षणों उभरते हैं । आयुर्वेद में इसका अच्छा इलाज है। चिकित्सा का प्रथम सूत्र है : "निदानं परिवर्जनम्"। इसलिए आप जल्द से जल्द भोजन को सादा, स्वच्छ, ताजा और सात्विक बनाएं। स्वाद को त्याग कर स्वस्थ भोजन लिया करें। खटाई और मिर्च - मसालों का त्याग करें।


औषध में ऊंझा अविपत्तिकर चूर्ण (१०० ग्राम) ऊंझा सूतशेखर रस(४० टिकिया) एवं कामदुधा रस (१२ ग्राम) को अच्छी तरह एक जीव करें। इसे 3 से 5 ग्राम की मात्रा में भोजन के पहले शहद में मिलाकर चाटे। भोजन के बाद ऊंझा लीला विलास रस की टिकिया डायलसीड सौरव के साथ लेवें। थोड़े ही दिनों में आम्लपित्त पूरी तरह शांत हो जाएगा।

**डॉ च पुरुषोत्तम बिदादा**

Email : purushottambidada@gmail.com

आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य चिपकाएं।

आयुर्वेदिक प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396 लोअर टैंकबंड, हैदराबाद-80



# राजस्थान के 19 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

## दो दिन बाद फिर एक्टिव होगा मानसून हनुमानगढ़-गंगानगर में 5 इंच से ज्यादा बरसात

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में जुलाई में रिकॉर्ड बारिश हुई। 31 जुलाई तक राज्य में औसत 216.4मिमी बारिश के मुकाबले 324.9मिमी बरसात हो चुकी है, जो 50 फीसदी ज्यादा है। प्रतापगढ़ को छोड़कर शेष सभी जिलों में बारिश सामान्य से ऊपर है। प्रतापगढ़ में सामान्य से 2 फीसदी कम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने 3 जुलाई से फिर मानसून एक्टिव होने की संभावना जताई है। पूर्वी राजस्थान के 19 जिलों में तेज बारिश हो सकती है।




पिछले 24 घंटे में उत्तरी राजस्थान के हिस्सों में कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश दर्ज हुई। हनुमानगढ़, गंगानगर जिले में 5 इंच से ज्यादा बरसात रिकॉर्ड हुई। गंगानगर के चुनावध में सबसे ज्यादा 143मिमी (5 इंच से ज्यादा) बरसात हुई। इधर, हनुमानगढ़ के रावतसर में 134, संगरिया में 119 और हनुमानगढ़ 102मिमी बारिश दर्ज हुई। झुंझुनूं के मलसीसर, चिड़ावा, बुहाना में भी बरसात हुई।

**जयपुर में छाए बादल**

राज्य में बारिश दौर धीमा पड़ने के साथ ही उमस फिर से बढ़ने लगी है। धूप निकलने से पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी बेल्ट में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, चूरू, धौलपुर में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर में भी आज सुबह आसमान में हल्के बादल छाए और धूप भी निकली।

जयपुर मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट के मुताबिक 2 अगस्त को राज्य में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है, जबकि अधिकांश एरिया में मौसम साफ रह सकता है। 3 अगस्त को राज्य के पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान के हिस्सों में मानसून एक्टिव होगा और बारिश का दौर शुरू होगा। पूर्वी राजस्थान के कोटा, भरतपुर, उदयपुर और जयपुर संभाग के19 जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है।

# ओवैसी ने श्रीलंका से की भारत की तुलना

## ओवैसी बोले- एक दिन पीएम हाउस में घुस जाएंगे लोग

**कहा- नेताओं पर विश्वास नहीं रहा, सब लोग अपने आप कर रहे हैं**



जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा- जनता का नेताओं पर विश्वास कम हो रहा है, अपनी समस्याओं के लिए युवा और आम लोग खुद ही सड़कों पर उतर रहे हैं। नेताओं में अब विश्वास नहीं रहा।

आप देखिए अग्निवीर पर प्रोटेस्ट, किसान प्रोटेस्ट,सीएए पर प्रोटेस्ट सब लोग अपने आप कर रहे हैं। मैं कह रहा हूं एक दिन ऐसा आएगा कि लोग श्रीलंका की तरह प्राइम मिनिस्टर हाउस में घुस जाएंगे कि हमें नौकरी नहीं दी। मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, अन्यथा मुझ पर यूएपीए यानी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम लग जाएगा।

हम सब शीशे के घरों में रह रहे हैं। लोग मेरे घर भी आ सकते हैं। लोग-नौजवान खुद ही सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं, अब वे नेताओं की तरफ नहीं देखते। लोगों को लगता है कि नेता आपस में मिल जाएंगे। ओवैसी रविवार शाम जयपुर में टॉक जर्नलिज्म सेमिनार के समापन सत्र में बोल रहे थे।

ओवैसी ने बीजेपी से मिलीभगत कर फायदा पहुंचाने की थ्योरी पर भी पलटवार किया। कहा- जहां हम नहीं लड़े तो भी बीजेपी जीत रही है। अब जब विधानसभा के चुनाव होंगे तो मैं राजस्थान में पूरी ताकत से लड़ूंगा, और इज्जत के साथ कह रहा हूं भाड़ में जाएं मुझ पर आरोप लगाने वाले। मेरा काम लड़ना है। जनता पसंद करेगी तो वोट डालेगी नहीं तो नहीं डालेगी। यह क्या कोई सामंतवाद है, कोई चौधरी हैं क्या ये लोग कि तुम क्यों आए राजस्थान। आपके बाप का राजस्थान नहीं है, मेरा भी है। मैं मेरे पर आरोप लगाने वालों से कह रहा हूं।

ओवैसी ने कहा- राजस्थान में गत विधानसभा चुनाव के चंद महीने बाद लोकसभा चुनाव हुए। मुख्यमंत्री के बेटे तक हार गए क्या इसके लिए मैं जिम्मेदार हूं? यह बात समझने की है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में कमलनाथ के बेटे के अलावा सब क्लीन बोल्ड हो गए थे। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 20 विधायक भाग गए। उसके लिए तो मैं जिम्मेदारी नहीं हूं।

मुसलमानों को चुनाव बाद कोई नहीं पूछता

ओवैसी ने कहा- मुसलमान वोट बैंक भी नहीं बन पाया। वोट बैंक पॉलिटिक्स की वजह से आप देखेंगे कि हर कास्ट और कम्युनिटी का सामाजिक-आर्थिक विकास हुआ है, लेकिन मुसलमान का नहीं हुआ, क्योंकि हम वोट बैंक नहीं हैं। मुसलमान केवल दिखाने के नाम पर वोट बैंक है। इसी वजह से ही उसका विकास नहीं हुआ।

मुसलमानों की भी बहुत बड़ी गलती है,उन्हें बहुत बड़ी गलतफहमी है कि उन पर सेक्युलरिज्म को बचाने की बड़ी जिम्मेदारी है। चुनावों के वक्त कहते हैं देखो सेक्युलरिज्म बचाना है, पर चुनाव के बाद मुसलमान रोज मरता है, कोई पूछने वाला नहीं है।

ओवैसी ने कहा- महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक कांग्रेस नेता ने अपील की कि ओवैसी की पार्टी शिवसेना बीजेपी के साथ आ जाएगी। कुछ महीने बाद उसी शिवसेना से कांग्रेस का गठबंधन हो गया।

# राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

## सरपंचों ने किया विरोध प्रदर्शन, पंचायत राज मंत्री से इस्तीफा देने की मांग



झुंझुनूं, 1 अगस्त (एजेंसियां)। राज्य सरकार के खिलाफ वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए सरपंचों ने आज विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर धरना दिया। धरने पर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पंचायत राज मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा की राज्य सरकार ने लिखित समझौते के बाद भी मांग पत्र पर आदेश जारी नहीं किए। इससे सरपंचों में आक्रोश है। पंचायत राज मंत्री की ओर नागौर दौरे पर नरेगा में लगाए गए अनियमितताओं के आरोपों से सरपंच संघ में निराशा है। पंचायत राज मंत्री से इस्तीफा दे। सरपंच संघ ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भी दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में सरपंचगण मौजूद रहें। मांग पत्र में लिखित समझौते पर आदेश जारी करने की मांग की गई है।

एनजीओ की ओर पंचायत में की जा रही जांच को बंद करने समेत पूर्व की तरह महात्मा गांधी नरेगा सामग्री मध्य का बकाया भुगताने 7 दिवस में जारी करने, वित्त आयोग की बकाया राशि एवं 15 वित्त आयोग की बकाया राशि जारी करने, ई पंचायत में भुगतान प्रक्रिया सरलीकरण कर जनाधार ओटीपी प्रक्रिया बंद करने की मांग करने की मांग कर रहे हैं।

# प्रशासन शहरों के संग अभियान से जुड़े कार्मिकों के तबादलों पर रोक

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की गहलोत सरकार ने अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादलों पर लगे प्रतिबंध पर छूट प्रदान की है, वह यथावत जारी रहेगी लेकिन राज्य प्रशासन शहरों के संग अभियान से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। दरअसल सरकार ने 30 मई 2022 को तबादलों में छूट प्रदान की थी। वह कुछ विभागों छोड़कर जारी रहेगी। जबकि सरकार ने प्रशासन शहरों के संग अभियान से जुड़े कार्मिकों के तबादलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने यूडीएच, एलएसजी के अधिकारियों-कर्मचारियों, आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक और अभियान से जुड़े कार्मिकों के तबादलों पर रोक लगा दी है। 30 मई को जारी आदेश यथावत रहेंगे।



राजस्थान में 15 जुलाई से प्रशासन शहरों के संग अभियान शुरू हो गया था। अभियान के तहत बड़ी संख्या में पट्टे वितरित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने पहली बार इस अभियान में पट्टा जारी करने के लिए पूर्व की दरों में लगभग 85 प्रतिशत छूट दी है। निकायों क्षेत्रों में आ रही चारागाह व सियावचक भूमि को निकायों को हस्तांरित करने के लिए जिला कलेक्टरों को अधिकृत किया गया है। ताकि उस पर बसी आबादी के पट्टे जारी हो सके। सीएम गहलोत ने आज मुख्यमंत्रि निवास पर प्रशासन शहरों के संग अभियान की समीक्षा की। सीएम गहलोत ने कहा कि सभी निकाय अपने राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त कर लें। ताकि पट्टा वितरण करने में किसी प्रकार की अड़चन न आए। अभियान के तहत प्रशासन घर-घर जाकर मतदाता सूची के आधार पर पट्टा मिलने से वंचित परिवारों का सर्वेक्षण करेगा। ताकि जरूररत मंद लोगों को पट्टा वितरित किया जा सके।

**अभियान के प्रति सीएम गहलोत गंभीर**

सीएम गहलोत ने आमजन की परेशानियों के निवारण के लिए प्रशासन शहरों के संग अभियान की शुरू किया है। लेकिन कोरोना काल में अभिान को स्थगित कर दिया था। सरकार ने कोरोना के कम होते मामलों के मद्देनजर अभियान को फिर शुरू किया है। अभियान के तहत कर्मचारी-अधिकारी घर-घर जाकर लोगों को पट्टी बाटेंगे। अभियान में किसी तरह की कमी न रहे, इसलिए सरकार ने कुछ विभागों के तबादलों पर रोक लगा दी है।

# ट्रेलर-कार की भिड़ंत, 4 की मौत

## मरने वालों में दिल्ली पुलिस का कॉन्स्टेबल शामिल

चौमूं (जयपुर), 1 अगस्त (एजेंसियां)। ट्रेलर और कार की आमने-सामने की टक्कर में 3 महिलाओं समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले सभी कार में सवार थे। मृतकों में दिल्ली पुलिस में कार्यरत कॉन्स्टेबल और उसकी पत्नी भी शामिल है। कार सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे जयपुर रेफर किया गया है। हादसा रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे जयपुर के रेनवाल थाना क्षेत्र के हरसोली मोड़ के पास हुआ।

रेनवाल थाना प्रभारी उमराव सिंह ने बताया कि ट्रेलर चौमूं से रेनवाल की ओर जा रहा था। कार सवार किशनगढ़ से दवा लेकर मंडा भिंडा, गोविंदगढ़ की ओर आ रहे थे। रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे चौमूं-रेनवाल मार्ग पर हरसोली मोड़ के पास कार और ट्रेलर की आमने-




सामने की भिड़ंत हो गई। मृतक रेनवाल थाना इलाका और गोविंदगढ़ थाना इलाका के मंडा-भिंडा इलाके के रहने वाले थे।

गीता देवी (45) पत्नी रामस्वरूप यादव निवासी मंडा-भिंडा गोविंदगढ़, रकमी देवी (65) पत्नी कजोड़मल यादव निवासी मंडा-भिंडा गोविन्दगढ़, विमलेश (35) पुत्र बंशीधर यादव निवासी झालरा डूंगरी रेनवाल और सुशीला देवी (32) पत्नी विमलेश यादव निवासी झालरा डूंगरी रेनवाल निवासी ने हादसे में जान गंवाई है। रामस्वरूप यादव (50) पुत्र महादेव यादव निवासी मंडा-भिंडा गोविंदगढ़ गंभीर रूप से घायल हैं। रेनवाल के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

**एमएलए पहुंचे मौके पर**

हादसे की जानकारी मिलने के बाद चौमूं विधायक रामलाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने रेनवाल पुलिस से हादसे के बारे में जानकारी ली। इसके बाद रेनवाल के सरकारी हॉस्पिटल भी गए। वहां मृतक के परिवार वालों को सांत्वना दी। विमलेश यादव दिल्ली पुलिस में तैनात था। इस हादसे में पति-पत्नी दोनों की जान चली गई है। विमलेश यादव अपने जीजा रामस्वरूप यादव के साथ किसी काम से किशनगढ़ गए थे। वहीं से वापस मंडा भिंडा अपने घर लौट रहे थे। मरने वाले सभी आपस में रिश्तेदार हैं।

# जयपुर एयरपोर्ट पर पकड़ा गया ढाई किलो सोना

**गोल्ड लाने वाला और रिसीव करने वाले हुए गिरफ्तार, तीनों को कोर्ट ने भेजा जेल**

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर एयरपोर्ट पर डीआरआई की टीम ने ढाई किलो गोल्ड के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। यह तस्कर एयर अरेबिया की फ्लाइट से जयपुर पहुंचा था। सर्च के दौरान तस्कर के बैग से एक इलेक्ट्रॉनिक हैमर मिला। जिस की जांच की गई तो इसमें ढाई किलो गोल्ड बरामद हुआ। इसकी बाजार कीमत करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए है। इसके बाद डीआरआई की टीम ने एयरपोर्ट के बाहर से भी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये वह लोग हैं। जो तस्कर से गोल्ड रिसीव करने वाले थे। डीआरआई की टीम ने तीनों आरोपियों को कोर्ट के सामने पेश किया जहां से कोर्ट ने तीनों को जेल भेज दिया।

डीआरआई के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी 30 जुलाई को सुबह साढे 4 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट से उतरा। तस्कर से हुई पूछताछ में पता चला की इस गोल्ड को लेने के लिए एयरपोर्ट के बाहर कुछ लोग खड़े हैं। जिन्हें यह गोल्ड देना हैं। जिस पर एयरपोर्ट और आसपास के इलाकों में डीआरआई के अधिकारियों को भेजा गया। तस्कर की निशानदेही पर दो बदमाशों को राउंड अप किया गया। जिन से डीआरआई ने पूछताछ की तो पता चला कि वही इस तस्कर से गोल्ड रिसीव करने आए हुए हैं। जिस पर तीनों को गिरफ्तार किया गया।

**3 माह में 15 किलो गोल्ड जब्त किया डीआरआई ने**

गोल्ड और मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के लिए



जयपुर एयरपोर्ट सॉफ्ट टार्गेट रहता हैं। यहां पर आए दिन कोई ना कोई कार्रवाई कस्टम, डीआरआई की ओर से होती रहती हैं। जिसके बाद भी एयरपोर्ट पर तस्करों का मूवमेंट बना रहता हैं। पिछले 3 माह की बात की जाए तो अब तक जयपुर एयरपोर्ट पर डीआरआई 15 किलो गोल्ड जब्त कर 9लोगों को तस्करी में गिरफ्तार कर चुकी हैं। जिस में भारतीय मूल के लोग और विदेशी भी शामिल हैं। डीआरआई का दावा है कि जयपुर में गोल्ड और मादक तस्करों के खिलाफ वे लोग निरंतर और अच्छी कार्रवाई कर रहे हैं।

# सीपी बोले- अध्यक्ष को दें विधायक अयोग्य ठहराने का अधिकार

**कहा- एमएलए को डिस्क्वालीफाई करने के बाद कोर्ट में भी नहीं हो सुनवाई**

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। विधानसभा स्पीकर डॉ सीपी जोशी ने दल बदल विरोधी कानून में बदलाव की पैरवी करते हुए पार्टी अध्यक्ष को ही विधायक को अयोग्य ठहराने का अधिकार देने का सुझाव देकर सियासी हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। सीपी जोशी ने कहा- दलबदल कानून के मौजूदा प्रावधानों से लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। जिस दल के कहने से टिकट मिलता है, अगर उसका विधायक जीतने के बाद सदन या बाहर पार्टी के खिलाफ काम करता है, विरोध करता है तो पार्टी अध्यक्ष उसी दिन उस विधायक को डिस्क्वालिफॉई कर दे, उसे कोर्ट में चुनौती देने का प्रावधान भी



नहीं होना चाहिए। पार्टी का सिंबल पार्टी का अध्यक्ष देता है, उसका नॉमिनी ही जीतने के बाद विधानसभा में जाकर उसी पार्टी के खिलाफ काम करे तो पार्टी-अध्यक्ष के पास ही अयोग्य ठहराने का अधिकार होना चाहिए। इससे सब ठीक हो जाएगा। जोशी टॉक जर्नजिल्म के समापन सत्र में बोल रहे थे।

जोशी ने कहा- मौजूदा दल बदल कानून में पार्टी और विधायक दल दोनों को स्प्लिट करने का अलग अलग प्रावधान कर रखा है। पार्टी का व्यवहार और विधायक का व्यवहार को अलग अलग कर रखा है, इससे सारी परेशानी पैदा हुई है। विधायक को अयोग्य ठहराने का फैसला करने का अधिकार स्पीकर की जगह पार्टी अध्यक्ष के पास ही होना चाहिए। महाराष्ट्र में हमने देखा पार्टी उद्धवजी के पास और विधायक दल शिंदे के पास, यह दल बदल कानून के मजूदा प्रावधान की वजह से हो रहा है।

सीपी जोशी की सलाह के बाद सियासी हलकों में चर्चाएं शुरू हो गई है। बसपा के टिकट पर जीतने वाले 6 विधायकों ने सितंबर 2019 में कांग्रेस में विलय किया था, जिनका दलबदल कानून के तहत सुप्रीम कोर्ट में अब भी केस चल रहा है। पायलट खेमे की बगावत के समय भी स्पीकर ने बागियों को दलबदल कानून में अयोग्य ठहराने संबंधी मामले में नोटिस दिया था।

# जयपुर में पड़ोसी ने किया विवाहिता से रेप

**छत के रास्ते घर में घुसा पड़ोसी, मुंह दबाकर किया दुष्कर्म; बनाया अश्लील वीडियो**

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में घर में घुसकर विवाहिता से पड़ोसी युवक ने रेप किया। मुंह दबाकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पिछले 6 महीने से दुष्कर्म करता रहा। करणी विहार थाने में पीड़िता ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि धावास करणी विहार निवासी 24 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोपी विनोद गुर्जर (30) पड़ोसी में रहता है। आरोप है कि दिसम्बर 2021 में पति अपनी जॉब पर चले गए। घर में कोई नहीं होने का फायदा उठाकर विनोद छत के रास्ते उसके कमरे में आ गया। गेट बंद करने पर चिल्लाई तो आरोपी विनोद ने उसका मुंह दबाकर बंद कर दिया। कहा कि चुपचाप रह वरना तेरे को अभी जान से मार दूंगा। मुंह दबाकर जबरदस्ती उसके साथ रेप किया। दुष्कर्म के दौरान आरोपी ने अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया।

धमकी दी कि किसी को भी बताया तो मैं वीडियो सोशल साइट पर डालकर वायरल कर दूंगा। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पिछले 6 महीने से घरवालों की गैरमाजूदगी में घुसकर रेप करता रहा। मना करने पर पति को जान से मारने की धमकी देने लगता। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई।

# आश्रम में पुजारी ने किया रेप, साध्वी ने बनाया वीडियो

**कालदोष बताकर कहा- 108 दिन में 21 बार रिलेशन बनाने होंगे**

सांचौर (जालोर), 1 अगस्त (एजेंसियां)। जालोर के सरवाना थाना में डाक से 27 जुलाई की रात 10 बजे रेप का एक केस दर्ज होने के बाद हड़कंप मच गया। मामला सांचौर के आरवा जाणईपुरा गांव स्थित भगवान दत्तात्रेय आश्रम से जुड़ा है। एक महिला ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि कालदोष दूर करने के नाम पर आश्रम के पुजारी तगाराम ने



उसके साथ रेप किया। आश्रम की साध्वी हेमलता ने अश्लील वीडियो बनाया। मामला इसी साल 19 फरवरी 2022 का बताया जा रहा है। इस मामले में साध्वी हेमलता का बयान आया है, उसने मामले के पूरी तरह झूठा बताया है।

सरवाना थाना प्रभारी किशनाराम बिश्नोई ने बताया कि डाक के जरिए शिकायत मिली थी। जोधपुर क्षेत्र में कार्यरत एएनएम ने आरोप लगाया कि उसका पति और ससुराल वाले भक्ति सेवा से जुड़े हैं। इसलिए पति 2021 में उसे मानव सेवा विश्व गुरु दतात्रेय आश्रम में लाया था। जहां साध्वी हेमलता व उसके सहयोगी तगाराम से मुलाकात हुई। आश्रम के प्रति आस्था बढ़ी तो नवम्बर 2021 संस्थान की ओर से एक ग्रुप में महिला हरिद्वार उनके साथ गई। 18 नवंबर 2021 को हरिद्वार में तगाराम ने रात में महिला को कमरे में बुलाया और कमरा बंद कर अश्लील हरकतें कीं। इसके बाद मुझे डराया कि हरिद्वार में जो घटना हुई इसके बारे में किसी को न बताए।

साध्वी हेमलता ने महिला को कालपक्ष दोष बताते हुए उसका निवारण तगाराम से कराने की बात कही। तगाराम ने कहा कि कालदोष हटाने के लिए 108 दिन में 21 बार शारीरिक संबंध बनाने होंगे। तगाराम ने महिला को कहा कि ऐसा करने से तेरा कालदोष मुझ पर आ जाएगा।

# गहलोत के खेवनहार बने बसपा विधायकों की बढ़ी नाराजगी

**दिल्ली में डेरा डाला; सीएम डैमेज कंट्रोल में जुटे**

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में बीएसपी से कांग्रेस में आए विधायकों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। 6 में से 3 विधायक- राजेंद्र गुढ़ा, लाखन सिंह मीना, और संदीप यादव ने दिल्ली में डेरा डाल दिया है। दिल्ली में इन विधायकों की कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने की संभावना जताई जा रही है। ये विधायक कई बार कह चुके हैं कि कांग्रेस आलाकमान से मिलवाने का वादा किया गया था लेकिन अब तक मुलाकात नहीं हो सकी है। इस नाराजगी की 2 वजह हैं। पहली ये कि कांग्रेस में आने के 2 साल बाद भी उन्हें कोई पद नहीं मिला है। दूसरी ये कि सब कुछ दांव पर लगाकर कांग्रेस में आए विधानसभा चुनाव में टिकट मिलेगा या नहीं यह भी पक्का नहीं है। हाल ही में सैनिक कल्याण मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने अपनी खुलकर नाराजगी जाहिर कर कहा था कि उन्हें कांग्रेस से समर्थन वापस लेने के बारे में सोचना पड़ेगा। कांग्रेस



आलाकमान डैमेज कंट्रोल में जुट गया है।

इन विधायकों की अगुवाई कर रहे राज्यमंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने हाल ही में कहा था कि हमसे जो वादे किए गए थे वह पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा था हमारे सभी साथियों को सरकार में मंत्री अथवा संसदीय सचिव बनाने का वादा किया गया था।

लेकिन अब तक केवल मुझे मंत्री और दो विधायकों को बोर्ड-निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। इनमें भी लाखन मीना को न तो अब तक गाड़ी मिली और न ही बैठने के लिए दफ्तर। इसके साथ ही इन गुढा ने कहा था कि अगर कमिटमेंट पूरे नहीं हुए तो सोचना पड़ेगा। भरतपुर के नगर से विधायक वाजिब अली ने तो खुलकर शिक्षामंत्री बीडी कल्ला पर नहीं सुनने का आरोप लगाया था।

# रेलवे सुरक्षा बल की 'मोटरसाइकिल रैली' नई दिल्ली रवाना



## दमरे के जीएम ने दिखाई हरी झंडी

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा हैदराबाद से नई दिल्ली के लिए एक 'मोटरसाइकिल रैली' को 1 अगस्त को नेकलेस रोड रेलवे स्टेशन से 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के हिस्से के रूप में अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक (प्रभारी) द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर राजा राम, महानिरीक्षक और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दमरे के साथ ए. के. गुप्ता, डीआरएम, सिकंदराबाद मंडल और शरत चंद्रयान, डीआरएम, हैदराबाद मंडल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। भारतीय रेलवे के पांच क्षेत्रों अर्थात् दक्षिण मध्य रेलवे, पूर्वी तट रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे और दक्षिण पश्चिम रेलवे के आरपीएफ कर्मी इस दौरे में भाग ले रहे हैं। एससीआर द्वारा आयोजित की जा रही रैली नेकलेस रोड रेलवे स्टेशन से 20 बुलेट मोटरसाइकिलों पर 40 आरपीएफ सवारों के साथ नई दिल्ली के लिए रवाना हुई। टीम में दो महिला आरपीएफ सवार भी शामिल हैं। 1,700 किलोमीटर की लंबी यात्रा तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों को कवर करेगी। टीम स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता के 75 साल के संदेश को विधिवत रूप से फैलाएगी। रैली का समापन 11 अगस्त, 2022 को राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, नई दिल्ली में होगा। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह में दक्षिण मध्य रेलवे सबसे आगे रहा है। इससे पहले आरपीएफ एससीआर बीते ने 28 जुलाई, 2022 को 34 जिलों (2977 किलोमीटर) को कवर करते हुए 23 बाइक और 46 सवारों के साथ 4 डिवीजनों से अपनी मोटरसाइकिल यात्रा शुरू की थी। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य अतिथि और महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने कहा कि रेलवे स्वतंत्रता संग्राम से निकटता से जुड़ा हुआ है और स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश भर में राष्ट्रवादी उत्साह के निर्माण और विस्तार के लिए रेलवे सुविधाओं का व्यापक रूप से उपयोग किया, क्योंकि यह स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान परिवहन और संचार का सबसे विश्वसनीय साधन था। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि रेलवे 75 वर्षों में 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है और हमारे स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और हमारे सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदानों के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा कर रहा है। राजा राम, आईजी और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दमरे ने दक्षिण मध्य रेलवे सहित सभी पांच क्षेत्रों के आरपीएफ बाइक सवारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसे 'जन आंदोलन' बनाने के लिए नागरिकों की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए आजादी पर गहन देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रैली आरपीएफ कर्मियों के साथ-साथ देश के नागरिकों के मनोबल को भी बढ़ाएगी और उन्हें आजादी का अमृत महोत्सव समारोह से जोड़ेगी।

## संगारेड्डी श्री आई माताजी मंदिर बडेर में भादवा सुदी बीज महोत्सव 29 को

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी श्री आई माताजी मंदिर बडेर में हर वर्ष की भांति भादवा सुदी बीज महोत्सव के कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श करते हुए समाज के पदाधिकारीगण एव समाज बंधुओं द्वारा कार्यक्रम के मुख्य चर्चा आने वाली भादवा सुदी बीज महोत्सव पर भजन प्रोग्राम, प्रसादी, हर वर्ष की भांति माताजी की बोलिया कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए स्थानीय सीरवी समाज के सचिव घीसाराम काग ने बताया कि 28 अगस्त रविवार को एक शाम माताजी के नाम जागरण का आयोजन किया जाएगा और जागरण के तहत माताजी की बोलिया का कार्यक्रम होगा और दूसरे दिन सुबह बोली दाताओं द्वारा माताजी का पटद्वार खोलेंगे और माताजी की विशेष रूप से पूजा अर्चना होगी।

# बिहार एसोसिएशन की कांवड़ यात्रा में उमड़े शिव भक्त



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद द्वारा सोमवार को भव्य कावड़ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

इसमं बच्चे, महिलाएं, बूढ़े और नौजवान सब के सब शिव भक्ति में सरोवार दिखे। एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि यह तृतीय भव्य कांवड़ शोभा यात्रा थी, जो उप्पल शिवालय से शुरू होकर महिंद्रा हिल्स शिवालय में जाकर शिव को जल अर्पण के साथ समाप्त हुआ। इस बार की कावड़ यात्रा बहुत ही भव्य एवं सुंदर थी। बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरे राम सिंह ने बताया कि हम सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शिव भक्तों का सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ।

कावड़ यात्रा के दौरान जगह- जगह पानी, शरबत एवं फल आहार की व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी भक्तों ने खूब आनंद उठाया। अध्यक्ष हरेराम सिंह ने कहा कि अगली बार इससे भी भव्य कावड़ यात्रा निकालगें। यात्रा में बिहार फाउंडेशन चैप्टर हैदराबाद के अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्रा, सचिव उत्तम यादव, सहित अनेको गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# नासा इंटरनेशनल स्पेस ऐप चैलेंज 2022 का आयोजन



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एसयूएमवीएन के सहयोग से विश्व विश्वनी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस हैदराबाद ने 'नासा इंटरनेशनल स्पेस ऐप चैलेंज 2022' का आयोजन किया। अपने पीजीडीएम, एमबीए, बीबीए और बीएस (कंप्यूटर) छात्रों के लिए तुमकुंटा हैदराबाद स्थित अपने विशाल परिसर में दो दिवसीय हैकथॉन 2022 का उद्घाटन विश्व विश्ववानी समूह के अध्यक्ष जीएसएस वेंकटेश्वर राव ने किया। 110 टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 450 छात्रों ने प्रोफेसर मीर इरफान उल हक और एस.वी. सुरेश राजू. हैकथॉन, दुनिया की समस्याओं को हल करने और प्रबंधन समाधान खोजने के लिए नवाचार के बीज बोने के सबसे बड़े मानवीय प्रयासों में से एक; छात्रों के लिए दुनिया भर के नवोन्मेषकों के साथ जुड़ने, आकाओं, वैज्ञानिकों के साथ नेटवर्क और एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का अनुभव प्राप्त करने का एक अवसर है। डॉ. भारत भूषण सिंह निदेशक पीजीडीएम, डॉ. पी. चक्रवर्ती निदेशक बीबीए और बीएस और डॉ. एम. मदना मोहन निदेशक एमबीए ने हैकाथॉन 2022 में अपनी-अपनी विभाग टीमों का नेतृत्व किया। चंद्रगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए नवीन विचारों वाली छह टीमों को सूचीबद्ध किया गया है, जबकि भाग लेने वाले अन्य सभी छात्रों को नासा स्पेस ऐप द्वारा भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।



धूलपेट रानी अवंती बाई लोध भवन से मसलेश्वर मंदिर तक निकाली गई कांवड़ यात्रा में भाग लेते हुए विधायक राजा सिंह, गोशामहल पार्षद लाल सिंह, प्रदीप सिंह, सुधाकर गौड़, अक्षय साहू, सोमराज सिंह व अन्य।



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत सेवाश्रम संघ द्वारा बच्चों में पुस्तक व अन्य पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इसमें बतौर मुख्यअतथि भाग लती हुईं राज्यपाल डॉ. तामिलसाई सुंदरराजन। साथ में हैं सेवाश्रम के स्वामी मुनिश्वरानंद, वेंकटेश्वरानंद व अन्य।

# कलश व ध्वजा यात्रा का पोस्टर विमोचन किया गया



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तीर्थ स्थल रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली में भादवा सुदी दूज के उपलक्ष्य में मारवाड़ी महिला मंडल शिवरामपल्ली तथा बाबा के भक्तों द्वारा भव्य कलश एवं विशाल ध्वजा यात्रा रविवार 28 अगस्त को प्रात: 7.21 बजे से निकाली जाएगी। मंदिर चेयरमैन श्याम सुंदर गिलडा ने बताया यह कलश यात्रा गोशामहल परेड ग्राउंड या नुमाइश ग्राउंड से शुरू होकर रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली आएगी। जाट एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम ढाका ने कहा कि विशाल ध्वजा यात्रा के आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि राजस्थानी मारवाडी संस्कृति को जिंदा रखते हुए महिलाएं आज भी अपना रिती रिवाज को कायम रखती हैं।

# एचएमवी में अतिथि व्याख्यान का आयोजन



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी महाविद्यालय में आधुनिक हिंदी कविता एक विमर्श विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं उपप्राचार्य डॉ.बी. श्रीदेवी की सरस्वती वंदना के साथ हुआ। हिंदी महाविद्यालय का साक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपुखर तथा डॉ.बी. श्रीदेवी उपस्थित थीं। हिंदी महाविद्यालय समिति के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदडा तथा मानद मंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने अपने-अपने आशीर्वचन प्रदान किये। तत्पश्चात डॉ. जयलक्ष्मी ने अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया। अतिथि वक्ता को शॉल तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथि व्याख्यान के रूप में उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले संसादपुर के केएसएमपीजी कॉलेज के प्रचार्य डॉ. मुकेश कुमार मिश्र उपस्थित थे। डॉ. मुकेश कुमार मिश्र ने आधुनिक हिंदी कविता एम विमर्श विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी धारी ने तथा आभार ज्ञापन डॉ.ए. पुष्पवल्ली ने किया।



गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने को लेकर अखिल भारतीय गौ सेवा फाउण्डेशन द्वारा हैदराबाद से तिरुपति के लिए पदयात्रा के अवसर पर माहेश्वरी भवन, बेगम बाजार में फाउण्डेशन के अध्यक्ष बालकृष्ण गुरुस्वामी, मंत्री मुरलीकृष्णा, गोवर्धन रेड्डी, गायत्री, जिग्नेश दोशी, गोपाल भण्डारी एवं पदयात्रा के पधारने वाले सभी भक्तों का तेलंगाना प्रादेशिक मारवाडी सम्मेलन की ओर से अभिनन्दन एवं प्रसाद का आयोजन किया गया। अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष रमेश कुमार बंग, घनश्यामदास बजाज, राजेश करवा, लक्ष्मीनिवास सारडा, अनिरुद्ध कांकाणी, वेणुगोपाल लोया, भाजपा नेता राजू सिंह, नारायणदास सारडा, सुरेश कुमार सारडा, अमित लड्डा, महेश बजाज एवं अन्य।

# मदनूर में शादी मुबारक चेक का वितरण किया गया



मदनूर, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के आदेशानुसार तेलंगाना राष्ट्र समिति मंडल अध्यक्ष संगमेश्वर के नेतृत्व में सोमवार के दिन तहसील कार्यालय मैदान में स्थानीय सरपंच सुरेश दरसवार, मंडल विकास अध्यक्ष वागमारे लक्ष्मीबाई, जेडपीटीसी नामेवार अनीता, डोंगाली सोसायटी अध्यक्ष राम पाटील, शकापुर सरपंच एमके पटेल, कोर्पोरेशन सदस्य निजामुद्दीन, मदनूर उपसरपंच विट्ठल, कृषि बाजार समिति पूर्व अध्यक्ष शिवाजी राठौड़ ने मदनूर, मेनूर, शेकापुर, गांव के शादी मुबारक चेक का वितरण किया। इस समय तसीलदार अनिल वागमरे के साथ अन्य उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुआ एनएमडीसी



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने भारत सरकार की आजादी का अमृत महोत्सव पहल के अनुरूप हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया। खनन प्रमुख ने महावीर चक्र से सम्मानित कर्नल बी. संतोष बाबू द्वारा गलवान घाटी में देश के लिए दिए गए बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करके साहस को सम्मानित किया। एनएमडीसी ने इस अवसर पर कर्नल बी संतोष बाबू के माता-पिता-श्रीमती मंजुला और बिक्कुमल्ला उपेंदर को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। हर घर तिरंगा के तत्वावधान में, सम्मानित अतिथियों ने एनएमडीसी के सीएमडी सुमित देब को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा और सुमित देव ने उन्हें तिरंगा सौंपकर सम्मान व्यक्त किया।

सुमित देब ने एनएमडीसी के निदेशक (वित्त) अमिताभ मुखर्जी और सीवीओ श्री बी विश्वनाथ (आईआरएसएस) के साथ कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा और सभी को 13 से 15 अगस्त, 2022 के दौरान अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन श्रीमती मंजुला ने अपने बेटे की वीरता और साहस की कहानियों को साझा करते हुए कहा, "मैंने अपने बेटे को राष्ट्र की सर्वोच्च सेवा के लिए तैयार किया। उनकी सेवा के दौरान, जब मैं उनके और उनके परिवार के लिए चिंता व्यक्त करती थी, तो बाबू हमेशा कहते थे कि 'राष्ट्र प्रथम' है। इसी प्रकार बिकुमल्ला उपेन्द्र ने कहा, "मेरा बेटा एक असाधारण अधिकारी था। उनको यह सम्मान मृत्युपर्यंत राष्ट्र की सेवा करने की उनकी भावना से मिला है और यह भावना को हमारे देश के युवाओं में अवश्य होनी चाहिए।



केंटोनमेंट बोर्ड के वार्ड नं 3, बलमराई में बोनालू मेले के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बीए प्रमोद कुमार के नेतृत्व में निकाली गई जुलूस में बतौर अतिथि भाग लेते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष टी. पद्मा राव, बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष जंपन्ना प्रताप व अन्य।



कीसरागुट्टा शिवालयम स्थित सीरवी समाज रड़ावास द्वारा सावन की सैर में पूजा-अर्चनाकर आयोजित कार्यक्रम व भोजन प्रसादी का लाभ लेते हुए सम्मानित अतिथि राजस्थानी मित्र मंडल दम्मईगुड़ा अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित, समाज बन्धु व महिलायें।

# जामबाग डिवीजन में कई कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र के जामबाग डिवीजन में टीआरएस प्रभारी प्रेमसिंह राठोड़ तथा एम. आनंद गौड के नतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी तरह जंबाग संभाग के वार्ड 5 में पार्टी कार्यालय खोला गया। आनंद कुमार गौड़ ने लोगों के करीब रहने, उनकी समस्याओं को समय-समय पर जानने और उन्हें हल करने के लिए कड़ी मेहनत करने और सरकारी योजनाओं को लोगों के करीब बनाने का सुझाव दिया। आनंद कुमार गौड़ ने कहा कि अल्पसंख्यक टीआरएस सरकार की योजनाओं से आकर्षित होते हैं और पार्टी में शामिल होने के लिए आगे आते हैं। गोशामहल टीआरएस पार्टी प्रभारी प्रेम सिंह राठौर ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में प्रिया गुप्ता, एम. श्रीनिवास गौड़, जी. नंदू कुमार, उर्दू अंसारी, अहमद, महेश गौड़, माधवी, नरेश, अज्जू, शेखर, साजिद भाई, कैसर, गौस, अब्दुल रहीमान, बन उस्मान, मोहम्मद मासी, सरदारजी, मोहम्मद फासिल, सलमान, सेमी, मोहम्मद कमाल और अन्य ने भाग लिया।





छावनी परिषद की बोर्ड मिटिंग में भाग लेते हुए तेलंगाना सबएरिया कमांडर सोमाशंकर, सीईओ अजीत रेड्डी, सदस्य रामकृष्णा, संयुक्त सीईओ विजय कुमार। बैठक में छावनी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की जनसमस्याओं पर चर्चा की गई तथा जल्द से जल्द उन समस्याओं को सुलझाने का निर्णय लिया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### मंकीपॉक्स से और ...

नवीनतम मंकीपॉक्स का प्रकोप जो पहली बार मई में रिपोर्ट किया गया था, तब से 78 देशों में 18,000 से अधिक मामलों में फैल गया है, जो 28 जुलाई को डब्ल्यूएचओ के अंतिम अपडेट के अनुसार है। उस समय, अफ्रीका से मंकीपॉक्स से संबंधित पांच मौतों की सूचना मिली थी। पिछले हफ्ते, स्पेन से दो और ब्राजील और भारत से एक-एक मौत हुई थी।

केरल के एक 22 वर्षीय युवक की शनिवार को मंकीपॉक्स से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह 21 जुलाई को यूएई से राज्य लौटा था और 27 जुलाई को उसे इंसेफेलाइटिस और बुखार होने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके लिम्फ नोड्स भी सूज गए थे। भारत में अब तक मंकीपॉक्स के चार पुष्ट मामले सामने आए हैं, जिनमें से तीन केरल में और एक दिल्ली में है। इस बीच, केरल से भी पहला मामला दर्ज करने वाले मरीज को शनिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### विपक्षी सांसदों का ...

बल्कि उनका एक विशेष काम है। हम ऐसे देश में हैं जहां लोकतंत्र का अपना महत्व है, जिसे बचाकर रखना चाहिए। विपक्षी नेताओं की आवाजों को दबानी नहीं चाहिए।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और कुछ दल बस हल्ला-गुल्ला करने तक सीमित हो चुके हैं। राहुल गांधी जी को सदन में नहीं आना, वह कहां रहते हैं वह हमें नहीं पता, लेकिन कांग्रेस के लोग सदन को लेकर गंभीर नहीं है। महंगाई पर चर्चा आज लगी है, लेकिन विपक्ष आज भी चर्चा करने के लिए तैयार नहीं है। इससे विपक्ष का चेहरा बेनकाब होता है कि यह लोग बस हल्ला करने के लिए आते हैं और चर्चा करने में इनका विश्वास नहीं है।

# न्यूज़ीलैंड बनाम स्कॉटलैंड वनडे

## न्यूजीलैंड के चैपमैन दो देशों के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज

### स्कॉटलैंड सात विकेट से हारा





इडिनबर्ग, 1 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड और स्कॉटलैंड के बीच एकमात्र वनडे मैच कीवी टीम ने सात विकेट से जीत लिया। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 306 रन बनाए थे। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने तीन विकेट खोकर 45.5 ओवर में लक्ष्य का पीछा कर लिया और मैच सात विकेट से अपने नाम किया। इस मैच में न्यूजीलैंड के लिए मार्क चैपमैन ने 101 रन की नाबाद पारी खेली। इस शतक के साथ ही चैपमैन दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए, जिन्होंने दो देशों के लिए शतक लगाया है। उनसे पहले यह कारनामा केपलर वेसेल्स ने किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए चार और दक्षिण अफ्रीका के लिए दो शतक लगाए थे।

स्कॉटलैंड के दौरे पर कीवी टीम को कुल तीन मैच खेलने थे और न्यूजीलैंड ने सभी मैच जीतकर यह दौरा पूरा किया है। टी20 सीरीज के दोनों मैच कीवी टीम ने 68 और 102 रन से जीते थे। इसेक बाद एकमात्र वनडे भी सात विकेट से जीत लिया। अब न्यूजीलैंड की टीम नीदरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलेगी।

**स्कॉटलैंड का अच्छा स्कोर**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की टीम ने 306 रन का अच्छा स्कोर बनाया। 107 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाने के बाद विकेटकीपर मैथ्यू क्रास के 53, मिशेल लीस्क के 85 और मार्क वॉट 31 रन की पारी के चलते स्कॉटलैंड का स्कोर 300 के पार पहुंचा। न्यूजीलैंड के लिए जैकॉब डफी और मिशेल ब्रैसवेल ने तीन-तीन विकेट लिए। लॉकी फर्ग्यूसन को दो विकेट मिले।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड की शुरुआत शानदार रही और सलामी जोड़ी ने 78 रन जोड़े। मार्टिन गुप्टिल ने 47 और फिन एलेन ने 50 रन बनाए। डेन क्लेवर ने 32 रन की पारी खेली और अंत में मार्क चैपमैन ने 101 और डेरिल मिशेल ने 74 रन बनाकर कीवी टीम को जीत दिला दी। स्कॉटलैंड के लिए मिशेल लेस्क ने दो विकेट लिए।

**चैपमैन ने की केप्लर वेसेल्स की बराबरी**

मार्क चैपमैन ने इस मैच में शतक लगाया और केप्लर वेसेल्स की बराबरी की। चैपमैन ने इससे पहले हॉन्गकॉन्ग के लिए अपने डेब्यू मैच में शतक लगाया था और अब उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए शतकीय पारी खेली है। वो दो देशों के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। इससे पहले केप्लर वेसेल्स ने ऐसा किया था। वेसेल्स ने पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए 24 मैचों में चार शतक की मदद से 1761 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 16 मैचों में 1027 रन बनाए, जिसमें दो शतक शामिल थे।

## इंडियन ओपनर शिखर का दिखा अनोखा अंदाज

### पर्सनल कुक के छुट्टी मांगने पर बुरी तरह भड़के सोशल मीडिया पर डाला फनी वीडियो



जमैका, 1 अगस्त (एजेंसियां)। शिखर धवन को टीम इंडिया के सबसे मजाकिया खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। गब्बर हर बार इंस्टाग्राम के रील्स वीडियो के जरिये फैंस को लोटपोट होने पर मजबूर कर देते हैं। अबकी बार शिखर ने अपने कुक कबीर को नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अंदाज में समझाने की कोशिश की, लेकिन कुक छुट्टी पर ना जाने के लिए नहीं माना। इसके बाद शिखर बेहद गुस्से में नजर आए।

शिखर धवन अपनी फिटनेस को लेकर बेहद संजीदा रहते हैं। इसी वजह से उनका पर्सनल कुक हमेशा गब्बर के साथ होता है। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को 3-0 से मिली ऐतिहासिक जीत के दौरान भी गब्बर के साथ उनके कुक मौजूद थे। शिखर द्वारा डाले गए वीडियो में नजर आ रहा है कि शिखर के कुक कबीर उनका साथ छोड़कर जा रहे हैं। ऐसे में गब्बर एक आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि कुक कबीर न जाएं। यहां तक कि शिखर जमीन पर लेट जाते हैं और कहते हैं कि जाना है तो मेरी लाश से गुजर कर जा। कबीर शिखर के ऊपर से निकल जाते हैं। इसके बाद गब्बर का गुस्सा भड़क जाता है। शिखर का यह अंदाज देखने लायक है। वह पहले भी ऐसे मजेदार वीडियो डालते रहे हैं।

जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। पूर्व कप्तान विराट कोहली को इस दौरे से भी आराम मिला है। जबकि राहुल त्रिपाठी को मौका मिला है और शिखर धवन फिर कप्तान बने हैं। रोहित शर्मा-जसप्रीत बुमराह भी आराम पर हैं। इस बीच केएल राहुल कोविड पॉजिटिव हो गए हैं। साथ ही तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट से वापसी हो गई है। दीपक ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मुकाबला फरवरी में खेला था।

## स्टब्स ने पकड़ा गजब का कैच

### पीछे की ओर दौड़ते हुए लगाई छलांग, 3 सेकंड तक हवा में रहे 5 मीटर दूर की बॉल को लपका



साउथैम्प्टन, 1 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बीच रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में गजब का कैच देखने को मिला। यह कैच लिया साउथ अफ्रीका के विकेट कीपर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने। इसका वीडियो सामने आया है। इसकी तुलना जोंटी रोड्स के कैच से की जा रही है। स्टब्स ने बैकफुट पर दौड़ते हुए चंद सेकंड में करीब 5 मीटर दूर की बॉल को एक हाथ से पकड़ लिया। वे करीब 3 सेकंड तक हवा में रहे।

दरअसल, तीसरे टी-20 की दूसरी पारी में इंग्लिश बैटर मोइन अली 10वें ओवर में एडन मार्क्रम की गेंद को लॉन्ग ऑन की दिशा में मारना चाहते थे, लेकिन बॉल सही से बल्ले पर नहीं आई और शॉर्ट लॉन्ग ऑफ की ओर चली गई। जहां ट्रिस्टन स्टब्स खड़े थे। बॉल स्टब्स से दूर जा रही थी। तब वे कवर पर सर्कल के अंदर खड़े थे।

स्टब्स के इस कैच ने साउथ अफ्रीका के दिग्गज फील्डर जोंटी रोड्स की याद दिला दी। रोड्स ऐसे ही कैच लेने के लिए जाने जाते थे।

**90 रन से जीती अफ्रीकी टीम**

इस मुकाबले को साउथ अफ्रीका ने 90 रनों के अंतर से जीता। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 101 रन पर आउट हो गई। उसने इस सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया।

**अय्यर ने भी रोका था जबर्दस्त छक्का**

तीन दिन पहले श्रेयर अय्यर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले में लाजवाब फील्डिंग की थी। उन्होंने लाजवाब डाइव लगाते हुए बाउंड्री के बाहर जाती गेंद को बाउंड्री के अंदर फेंक दिया था। उनकी इस फील्डिंग की काफी तारीफें हुई थीं। अय्यर ने अपनी टीम के लिए 4 रन बचाए थे।

## राष्ट्रमंडल खेल 2022

### निखत जरीन के सामने विरोधी बॉक्सर ने टेके घुटने, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



बर्मिंघम, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेथ गेम्स में भारत की स्टार मुक्केबाज निखत जरीन ने शानदार शुरुआत की है. वर्ल्ड चैंपियन जरीन ने 48-50 किलोग्राम वर्ग में खेलते हुए मोजांबिक की हेलेना इस्माइल बागाओ को मात दी. इसके साथ ही उन्होंने मेडल के लिए अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली है. वो अब क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई है. निखत को मैच में एकतरफा जीत दर्ज मिली. शानदार पंच के चलते 48 सेकेंड पहले ही विरोधी मुक्केबाज ने उनके सामने हार मान ली.

जरीन ने शुरू से ही मुकाबले में दबदबा बनाया और उनकी युवा प्रतिद्वंद्वी कहीं भी उनकी बराबरी नहीं कर सकी. भारतीय मुक्केबाज ने अपने अपार अनुभव की बदौलत बायें और दायें मुक्कों के संयोजन का बखूबी इस्तेमाल कर प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को पस्त किया.

अंतिम राउंड में जरीन ने दमदार मुक्के सीधे हेलेना के मुंह पर लगे जिससे वह पूरी तरह हिल गयीं जिसके बाद रैफरी ने 48 सेकेंड पहले ही मुकाबला रोक दिया.

जरीन का सामना अब क्वार्टरफाइनल में राष्ट्रमंडल खेलों की मौजूदा कांस्य पदक विजेता न्यूजीलैंड की ट्राय गार्टन से होगा जिसमें जीत से वह पोडियम स्थान में पहुंच जायेंगी।

## कॉमनवेल्थ में यंगिस्तान का जलवा

**19 साल के जेरेमी और 20 साल के अचिंता ने भारत को दिलाया गोल्ड, टीम इंडिया के हुए 6 मेडल**

बर्मिंघम, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स में रविवार को भी भारतीय वेटलिफ्टर्स का जलवा कायम रहा। दिन में वेटलिफ्टिंग के तीन इवेंट हुए और भारत ने दो में गोल्ड जीता। इसी के साथ भारत के 6 मेडल हो गए हैं और ये सभी पदक वेटलिफ्टिंग में आए हैं। भारत अब मेडल टैली में 5वें स्थान पर है। रविवार को पहले मेंस 67 KG में जेरेमी लालरिनुंगा ने सुनहरी कामयाबी हासिल की। इसके बाद देर रात अचिंता शेउली ने 73 KG कैटेगरी में देश के नाम एक और गोल्ड कर दिया।

अचिंता शेउली ने स्नैच राउंड टॉप पर रहते हुए खत्म किया। उन्होंने पहले प्रयास में 137 किलो, दूसरे प्रयास में 140 किलो और तीसरे प्रयास में 143 किलो का वजन उठाया। इसके बाद क्लीन एंड जर्क राउंड में अचिंता ने पहले प्रयास में 166 किलो का वजन उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 170 किलो उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह उठा नहीं पाए। तीसरे प्रयास में फिर उन्होंने 170 किलो वजन उठाया। अचिंता ने स्नैच राउंड में 143 किलो और क्लीन एंड जर्क राउंड में 170 किलो वजन समेत कुल 313 किलो वजन उठाया।

## 3250 अंक के साथ वर्ल्ड रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचीं अंजुम मोदगिल, खेल मंत्री ने किया सम्मानित



चंडीगढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कोरिया में जुलाई माह में हुए आईएसएफ वर्ल्ड कप में अंजुम मोदगिल ने बेहतर प्रदर्शन किया था। इसी के साथ वे वर्ल्ड रैंकिंग में 3250 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई हैं। इस मुकाम को हासिल करने पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अंजुम मोदगिल को सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

अंजुम मोदगिल के पिता सुदर्शन मोदगिल और मां शुभ मोदगिल ने कहा कि यह परिवार के लिए बड़े गर्व की बात है कि बेटी लगातार कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रही है। आईएसएफ वर्ल्ड कप में अंजुम मोदगिल ने दो कास्य पदक हासिल किए थे। उन्होंने वुमन 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के टीमें इवेंट और वुमन 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के एकल वर्ग में ये पदक जीते थे। इससे अंजुम मोदगिल की वर्ल्ड रैंकिंग में उछाल आया। वह अब 50 मीटर थ्री पोजीशन वुमन में 3250 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर काबिज हो गई हैं। अंजुम इन दिनों आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए दिल्ली में आयोजित भारतीय केंप मे तैयारियों में जुटी हुई हैं। इस दौरान वह खेल मंत्री से दिल्ली स्थित उनके दफ्तर में मिलीं। अंजुम मोदिगल का परिवार सेक्टर- 37 में रहता है। शूटिंग में शहर की पहली ओलंपियन खिलाड़ी का दर्जा अंजुम मोदगिल के नाम है।

## कॉमनवेल्थ गेम्स का चौथा दिन

### भारत विमेंस लॉन बॉल्स टीम पहली बार फाइनल में पहुंची, सुशीला देवी ने भी मेडल किया पक्का




बर्मिंघम, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स में चौथे दिन के मुकाबले चल रहे हैं। भारत की जूडो प्लेयर सुशीला देवी फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने 48 केजी वेट कैटेगरी के सेमीफाइनल में मॉरीशस की प्रिससिला मोरांड को हराया। फाइनल में उनका सामना साउथ अफ्रीका मिकेला व्हाइटबोडी से होगा। साथ ही लॉन बॉल्स में भारतीय विमेंस फोर्स टीम ने इतिहास रच दिया है। वह पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंची है।



1930 से कॉमनवेल्थ गेम्स में लॉन बॉल्स खेला जा रहा है, लेकिन आज तक टीम इंडिया फाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराया है। अब फाइनल में साउथ अफ्रीका से मुकाबला होगा।

**जूडो : सुचिका ने रेपचेज जीता**

जूडो में महिलाओं में 57 केजी वेट कैटेगरी में सुचिका तरियाल ने रेपचेज टाई जीत लिया है। उन्होंने साउथ अफ्रीका अफ्रीका की डोना ब्रेटेनबाक को हरा दिया। अब वह कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। **एक अन्य जूडोका** विजय सिंह यादव पुरुष 60 केजी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने विंसले गंगाया को प्री-क्वार्टर फाइनल में हरा दिया। इससे पहले विमेन 57 केजी वेट कैटेगरी में सुचिका ने जिम्बाब्वे की रीता कबिंदा को कराते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। जसलीन सिंह सैनी मेंस 66 केजी वेट कैटेगरी के टॉप-8 में पहुंच गए हैं।

**बॉक्सिंग : अमित पंघाल और मोहम्मद हसमुद्दीन क्वार्टर फाइनल में**



बॉक्सिंग में अमित पंघाल ने 51 केजी वेट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए वानूआतू के नाम्री बेरी को 5-0 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं, बॉक्सिंग के अन्य मुकाबले में 57 केजी वेट कैटेगरी में भी भारत को जीत मिली है। मोहम्मद हसमुद्दीन ने बांग्लादेश के मोहम्मद सलीम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अनुभवी मोहम्मद हसमुद्दीन ने 5-0 से यह मैच जीत लिया है।

**वेटलिफ्टिंग : अजय सिंह मेडल चूके, चौथे नंबर पर रहे**

वेटलिफ्टिंग की मेंस 81केजी वेट कैटेगरी में भारत के अजय सिंह मेडल जीतने से चूक गए हैं। उन्होंने स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर 319 केजी वेट उठाया और चौथे स्थान पर रहे। इंग्लैंड के क्रिस मरे (325 केजी) ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता।

अजय ने स्नैच के पहले प्रयास में 138 केजी दूसरे में 140 KG और तीसरे में 143 केजी का वजन उठाया। वहीं, क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 172 और 176 केजी वेट उठाया। तीसरा प्रयास विफल रहा।

**भारत मेडल टैली में छठे स्थान पर**

भारत ने अब तक 3 गोल्ड सहित 6 मेडल जीते हैं। मेडल टैली में भारत अभी छठे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 22 गोल्ड सहित 52 मेडल जीतकर पहले नंबर पर है।

## वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर ने 31 साल की उम्र में लिया संन्यास, कहा- टीम का माहौल खराब



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज महिला टीम की पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ दिया है। इसके पीछे डॉटिन ने टीम के खराब माहौल को जिम्मेदार ठहराया है। अब वो अलग-अलग टी20 लीग में खेलती नजर आएंगी। डॉटिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए संन्यास का एलान किया है और अपना दर्द भी बयां किया है। उनके इस फैसले के बाद क्रिकेट जगत में काफी हलचल बनी हुई है।

महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली डॉटिन ने यह तय नहीं किया है कि वो वेस्टइंडीज के अलावा किसी और टीम से रिटायर हो रही हैं या नहीं। वो फिलहाल बरबाजोड के लिए कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भाग ले रही हैं। डॉटिन महिला सीपीएल के पहले सीजन में भी शामिल होंगी, जो 30 अगस्त से शुरू हो रही है। डॉटिन को इस लीग में त्रिनबागो नाइट राइडर्स टीम की कप्तानी करनी है। वहीं, द हंड्रेड में उन्हें मैनचेस्टर ओरिजनल्स के लिए खेलना है।

## हर बात पर राजनीति ढूंढने वालों को शाहिद अफरीदी की सलाह- इनसान के बच्चे बन जाएं तो बेहतर है



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। हाल ही में पाकिस्तान की टीम श्रीलंका दौरे पर दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलकर लौटी है. यहां पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में शानदार जीत दर्ज की थी, जब उसने चौथी पारी में रिकॉर्ड 342 रन का टारगेट चेज किया था. लेकिन इसके बाद दूसरे टेस्ट में वह हार गई और सीरीज 1-1 से बराबर हो गई. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने टीम के इस प्रदर्शन पर अपनी राय रखी है.

अफरीदी यहां पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के प्रदर्शन पर सवाल उठा रहे थे. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपनी बेंच स्ट्रेंथ को मजबूत बनाना चाहिए, जिससे प्लेइंग XI में खेल रहे खिलाड़ियों को अपनी जगह की चिंता रहे और वह तब शानदार प्रदर्शन कर पाएंगे.

अफरीदी ने साफ कहा कि रिजवान टेस्ट मैच में अब फ्लॉप हो रहे हैं तो ऐसे में उन पर दबाव बनाना चाहिए और पाकिस्तान को किसी दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज को प्लेइंग XI में शामिल कर मौका देना चाहिए. रिजवान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई घरेलू टेस्ट सीरीज में शतक जमाया था लेकिन इसके बाद से वह तीन टेस्ट में फ्लॉप हो गए हैं. शतक जमाने के बाद रिजवान ने तीन टेस्ट में 1, 0, 19, 40, 24, और 37 रन बनाए हैं.

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद भी इस टीम का हिस्सा थे. हालांकि उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला. अफरीदी सरफराज को खिलाने का समर्थन कर रहे थे. सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट मैच तीन साल पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था.

पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान का मानना है कि चूंकि रिजवान कम स्कोर बना रहे हैं. ऐसे में उन पर थोड़ा दबाव बनाया जाना चाहिए. उन्होंने समां टीवी के साथ बातचीत में कहा, 'आपको दबाव बनाए रखना चाहिए. बेंच स्ट्रेंथ जितनी ज्यादा मजबूत होगी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को लेकर उनता अधिक ध्यान रखेगा।

# बुनकरों की मदद के लिए आगे आई सरकार

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस से पावरलूम बुनकरों को बीमा कवरेज



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार नेतन्ना कू बीमा योजना के तहत हथकरघा और पावरलूम बुनकरों को 7 अगस्त-राष्ट्रीय हथकरघा दिवस से बीमा कवरेज प्रदान करेगी।

हथकरघा मंत्री केटी रामाराव ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि तेलंगाना बुनकरों को बीमा कवरेज देने वाला देश का पहला राज्य है। राज्य सरकार ने नेथन्ना कू बीमा योजना के तहत 60 वर्ष से कम आयु के बुनकरों को किसान रैतू बीमा योजना के समान बीमा कवरेज देने के आदेश पहले ही जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत यदि किसी बुनकर की किसी बीमारी या किसी अप्रिय घटना से मृत्यु हो जाती है, तो 5 लाख रुपये का बीमा दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार राज्य में बुनकरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

रामा राव ने कहा कि बुनकरों को बीमा कवरेज देने के कदम से उनके परिवारों में कुछ वित्तीय विश्वास पैदा होगा। बीमा कवरेज योजना के लागू होने से राज्य में लगभग 80,000 हथकरघा और पावरलूम और सहायक बुनकर लाभान्वित होंगे। बीमा कवरेज 18 से 59 वर्ष के आयु वर्ग के बुनकरों तक बढ़ाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय समितियों का गठन किया जाएगा।

गौरतलब है कि 2016-17 से, तेलंगाना सरकार हथकरघा क्षेत्र के लिए सालाना 1200 करोड़ रुपये (बीसी कल्याण के माध्यम से) के विशेष बजट को मंजूरी दे रही है। उन्होंने कहा कि यह बजट में हथकरघा क्षेत्र को दी जा रही नियमित वित्तीय सहायता के अतिरिक्त है। राज्य सरकार ने 2022-23 वित्तीय वर्ष में हथकरघा क्षेत्र को 55.12 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग कल्याण बजट के तहत 400 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के निर्देशानुसार, राज्य सरकार चेनेताा मित्राा, नेतन्ना कू चेयुता (किफायत निधि योजना), ऋण माफी योजना, अनुसंधान और विकास और ब्रांड प्रचार कार्यक्रम, बतुकम्मा साड़ी आदेश, बुनकर थ्रिफ्ट फंड, 50 प्रतिशत लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि सिरिसिल्ला टेक्सटाइल पार्क, मिनी टेक्सटाइल पार्क, वारंगल, सिरसिला अपैरल पार्क और हथकरघा पार्क, गडवाल की स्थापना के अलावा बुनकरों, करघे सेवा केंद्रों, श्रमिक से मालिक योजना, बाजार प्रोत्साहन और अन्य कार्यक्रमों द्वारा बिजली उपयोगिता पर सब्सिडी दे रही है।

## वफादारी पर शक करने पर पत्नी ने पति को मार डाला

विजयवाड़ा, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक पत्नी ने अपने पति के सिर को पीसने वाले पत्थर से कुचल दिया और उसकी वफादारी पर संदेह करने के लिए उसे मार डाला। घटना कृष्णा जिले के अमुदरलंका गांव की है। पुलिस के अनुसार, के. वेंकट सुब्बाराव और उनकी पत्नी वीरकुमारी के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा था, क्योंकि पति को हमेशा उनकी निष्ठा पर संदेह था। इससे तंग आकर वीरकुमारी सात महीने पहले उसे छोड़कर अपने माता-पिता के घर चली गई, लेकिन बड़ों की सलाह के बाद वापस लौटी।

लेकिन सुब्बाराव जब भी बाहर जाता, तो पत्नी गांव वालों के करीब जातीं या टेलीफोन पर बात करतीं, तो वह उन्हें डांटता रहा। इस बात को लेकर तीखी नोकझोंक हुई और वीरकुमारी ने गुस्से में आकर ग्राइंडिंग स्टोन ले लिया और उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वीरकुमारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

# केजीबीवी में फूड पाइजनिंग : 35 छात्राएं अस्पताल में भर्ती

## अभिभावकों का छात्राओं को सही भोजन नहीं दिये जाने का आरोप



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आदिलाबाद जिले के बेला मंडल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में फूड पाइजनिंग का मामला सामने आया है। इससे कुल 35 छात्रा बीमार हो गई हैं। बीमार छात्राओं को एम्बुलेंस में आदिलाबाद रिम्स अस्पताल ले जाया गया और वहां उनका इलाज किया जा रहा है। हालांकि केजीबीवी के अधिकारी स्कूल जा रहे हैं और विवरण एकत्र कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि फूड प्वाइजनिंग बीती रात खाए गए चिकन के कारण हुई है। छात्राओं की शिकायत है कि चावल में अक्सर कीड़े पाए जाते हैं। कई छात्रों का कहना है कि छात्रों ने जानकारी का खुलासा नहीं किया, क्योंकि उन्हें डर था कि इस मामले का खुलासा करने पर उन्हें टीसी दे दी जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक आदिलाबाद जिले के बेला मंडल केजीबीवी स्कूल में कुल 240 छात्र हैं। स्कूल के कर्मचारियों ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि छात्र पिछले तीन दिनों से भोजन में कीड़े होने की सूचना दे रहे थे। जैसा कि कल रविवार था। कहा जाता है कि चिकन पकाया गया था और इसे खाने वाले छात्र रात से ही उल्टी और दस्त से बीमार हो गए थे। बीमार छात्रों को एंबुलेंस से आदिलाबाद रिम्स अस्पताल ले जाया गया। उनका इलाज रिम्स अस्पताल में चल रहा है।

लेकिन जैसे-जैसे बच्चे बीमार हो रहे हैं, परिवार के लोग दहशत में हैं। हालांकि, परिवार के सदस्यों की शिकायत है कि छात्राओं ने स्कूल में सुबह से कुछ भी नहीं खाया है और शिक्षक उस भोजन को खाने से डरते हैं जिसे शिक्षक अच्छा कहते हैं। कई छात्र शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिल रहा है। छात्राओं के बीमार होने से अभिभावक परेशान हैं। कस्तूरबा स्कूल में अभिभावकों के साथ कुछ स्थानीय लोगों ने भी हंगामा किया। जब वे स्कूल में घुसने की कोशिश कर रहे थे तो गेट पर तनाव था। अभिभावकों का आरोप है कि छात्राओं को उचित भोजन नहीं दिया जा रहा है और गुणवत्तापूर्ण भोजन की कमी के कारण छात्र बीमार पड़ रहे हैं।

# एसएचआरसी निजी विवादों से नहीं निपट सकता : हाईकोर्ट

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन.वी. श्रवण कुमार के दो न्यायाधीशों के पैनल ने सोमवार को एक रिट याचिका में कथित अवैध निर्माण में तेलंगाना राज्य मानवाधिकार आयोग के समक्ष लंबित सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी। एम. संतोषी द्वारा दायर रिट याचिका में कहा गया है कि राज्य मानवाधिकार आयोग (एसएचआरसी) ने उन्हें वी. ज्योति और एक अन्य द्वारा दायर एक शिकायत में पेश होने का निर्देश दिया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि याचिकाकर्ता अवैध निर्माण कर रहा था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि एसएचआरसी को पड़ोसियों के बीच एक निजी विवाद में उसे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश देने का कोई अधिकार नहीं है।

पैनल ने यह मानते हुए कि एसएचआरसी के पास किसी भी निजी विवाद में हस्तक्षेप करने और मनोरंजन करने की कोई शक्ति नहीं है क्योंकि इस तरह का हस्तक्षेप अधिनियम के दायरे और दायरे से बाहर है और आयोग के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी। उक्त पैनल ने सोमवार को विशेष डिप्टी कलेक्टर सह राजस्व मंडल अधिकारी कालेश्वरम परियोजना को निर्देश दिया कि वह कलेश्वरम परियोजना के लिए अधिकारियों द्वारा भूमि अधिग्रहण को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका में याचिकाकर्ताओं के प्रतिनिधित्व का निपटारा करे। याचिकाकर्ता मंथेना वेणुगोपाल राव और अन्य ने तर्क दिया कि अधिकारियों ने उनके लिखित अभ्यावेदन और कार्यालयों में व्यक्तिगत यात्राओं पर भी विचार नहीं किया। उन्होंने तर्क दिया कि पूरी कार्यवाही बिना किसी नोटिस के या उन्हें दिए गए किसी भी उचित अवसर के अनुसार थी।


### कृषि लाइनों में एचटी लाइनों के लिए मुआवजा

तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के. लक्ष्मण ने सोमवार को वारंगल जिले के मोगिलिचेरला गांव के किसानों द्वारा उनकी कृषि भूमि पर ट्रांसमिशन लाइनों के मुआवजे का दावा करने वाली एक रिट याचिका पर सुनवाई की।

# दुनिया में हैदराबाद की पहचान बने ऐतिहासिक स्मारक चारमीनार को बने 444 साल पूरे

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दुनिया में हैदराबाद की पहचान बने ऐतिहासिक स्मारक चारमीनार को बने 444 साल पूरे आज पूरे हो गए। कहा जाता है कि हिजरी कैलेंडर के 1.1.1000 पर, वर्ष 1000 में पहला मुहर्रम तब है जब चारमीनार को जनता के लिए खोला गया था। इसी कैलेंडर के अनुसार हैदराबाद शहर का पर्यायवाची ऐतिहासिक स्मारक आज 444 साल पुराना हो गया है।

जबकि नींव का पत्थर रखी गई थी और जब इसे आम लोगों के आने जाने के लिए खोला गया था, इस बारे में अस्पष्टता है, अब तक, दो तिथियों को ध्यान में रखा जाता है - 31 जुलाई, हिजरी कैलेंडर के अनुसार, और 9 अक्टूबर 1591 में जॉर्जियाई के अनुसार। चारमीनार के बिना के हैदराबाद की चर्चा अधूरी मानी जाती है। बतातें है कि यह मुहम्मद कुली कुतुब शाह द्वारा हैदराबाद में एक प्लेग महामारी के अंत का जश्न मनाने के लिए बनवाया गया था। चार मीनारों के कारण इसे चारमीनार कहा जाता है। चार हिंदी में चार है और मीनार का अनुवाद टावरों में किया जाता है।



स्मारक की वास्तुकला में, यह माना जाता है कि चार और इसके गुणक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचीन लोककथाओं पर विश्वास किया जाए, तो एक गुप्त सुरंग है जो चारमीनार को गोलकुंडा से जोड़ती है, जिसे शासक द्वारा आपातकालीन निकासी के मामले में बनाया गया था।

इसे शहर का केंद्र बनाने के लिए बनाया गया था, पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण की ओर जाने वाली दो सड़कें यहां एक-दूसरे को काटती हैं। स्मारक के चारों ओर की घड़ियाँ 1889 में लंदन से लाई गई थीं। इन 150 साल पुरानी घड़ियों ने मीर महबूब अली खान के शासन के दौरान शहर में अपना ठिकाना बनाया। चारमीनार हैदराबाद शहर में बनी पहली बहुमंजिला इमारत है। इमारत के पूर्वी हिस्से में एक मेहराब पर, एक बिल्ली का सिर खुदा हुआ है, यह दर्शाता है कि बिल्लियाँ चूहों को खा जाती हैं जिससे प्लेग का अंत हो जाता है। मक्का मस्जिद और भाग्यलक्ष्मी मंदिर दोनों एक ही क्षेत्र में सह-अस्तित्व के साथ, यह स्थान सांप्रदायिक सद्भाव के लिए खड़ा है।

# चंद्रबाबू को मिला राष्ट्रीय समिति की बैठक का न्यौता

अमरावती, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में गठित राष्ट्रीय समिति की बैठक में आमंत्रित किया है।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष बैठक में शामिल होने के लिए छह अगस्त को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में होगी। बैठक में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा और निर्णय लेने की संभावना है।

'आजादी का अमृत महोत्सव' आजादी के 75 साल और अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने और मनाने के लिए केंद्र की एक पहल है। महोत्सव पिछले साल 12 मार्च को स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के 75-सप्ताह की उलटी गिनती को चिह्नित करने के लिए शुरू हुआ और 15 अगस्त, 2023 को समाप्त होगा। 2019 में आंध्र प्रदेश में तेदेपा की सत्ता खोने के बाद से यह पहली बार है जब



चंद्रबाबू नायडू को केंद्र द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में आधिकारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है।

तेदेपा ने आंध्र प्रदेश को विशेष श्रेणी का दर्जा देने से केंद्र के इनकार के विरोध में 2018 में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से हाथ खींच लिया था। नायडू के नेतृत्व वाली पार्टी ने 2019 के चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी के साथ हाथ मिलाया था, लेकिन आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से उसे हार का सामना करना पड़ा। हाल के दिनों में, नायडू ने संकेत दिया कि वह एक बार फिर भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, भगवा पार्टी का राज्य नेतृत्व इस प्रस्ताव पर अड़ा रहा।

# बच्चों को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित करें डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी : स्वास्थ्य मंत्री



गजवेल, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से बच्चों और उनकी माताओं दोनों के लिए स्तनपान के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और माताओं को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान चलाने का आह्वान किया। 1 से 7 अगस्त तक मनाए जा रहे 'विश्व स्तनपान सप्ताह' की शुरुआत के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए मंत्री हरीश राव ने कहा कि स्तनपान न केवल शिशुओं के लिए बल्कि माताओं के लिए भी और स्तन के दूध के लिए भी पर्याप्त स्वास्थ्य लाभ है। शिशु को वृद्धि और विकास में सहायता के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है।

मंत्री ने कहा कि नवजात शिशु को कोलोस्ट्रम देना पहले एक घंटे के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शिशुओं को मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली प्रदान करने में मदद करता है जो उन्हें संक्रमण से बचाता है और शिशु मृत्यु दर के जोखिम को भी कम करता है। माताओं के लिए स्तनपान के लाभों के बारे में बताते हुए, मंत्री ने कहा कि यह प्रसवोत्तर रक्तस्राव और मूत्र पथ के संक्रमण के जोखिम को कम करता है। एनीमिया, डिम्बग्रंथि के कैंसर, स्तन कैंसर, संधिशोथ, ल्यूपस, एंडोमेट्रियोसिस, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोगों के विकास की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि स्तनपान मां और बच्चे के बीच शारीरिक और भावनात्मक बंधन को बढ़ाता है जो शिशुओं और वयस्कों दोनों में व्यवहार और सामाजिक समस्याओं को कम करने में मदद करता है। कोलोस्ट्रम को टीकाकरण वैक्सीन के बराबर बताते हुए हरीश राव ने कहा कि ब्रेस्टमिल्क शिशुओं के लिए आदर्श भोजन है और इसमें एंटीबॉडी होते हैं जो बचपन की कई सामान्य बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हरीश राव ने कहा कि सी-सेक्शन सर्जरी में वृद्धि और विभिन्न कारणों से, माताएं अपने बच्चों को स्तनपान कराने में असमर्थ हैं। हमें इस प्रथा को समाप्त करना चाहिए और माताओं को स्तनपान का अभ्यास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कार्यक्रम में सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी, एमएलसी फारूक हुसैन और यादव रेड्डी और अन्य उपस्थित थे।

# राज्य में लगातार बढ़ रहा है दैनिक कोविड संक्रमण



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कोरोना का आंख-मिचौनी खेल अभी भी जारी है। भिन्न-भिन्न रूपों में कोरोना वायरस अपनी काया विस्तार कर रहा है। तेलंगाना में बीए-5, बीए-2.75, बीए 2.38 और कुछ हद तक बीए 2 सहित ओमिक्रॉन के विभिन्न परिसंचारी रूपों के बीच समुदाय में एक मजबूत पैर जमाने के लिए यह सचमुच वर्चस्व की लड़ाई बन गई है, जिसने कोविड के चल रहे उछाल को बढावा किया है। देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों और आनुवंशिकीविदों ने कोरोना के नये-नये वेरिएंट का पता लगाया है।

नतीजतन, दैनिक कोविड संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। पिछले एक हफ्ते से, तेलंगाना में औसत दैनिक कोविड संक्रमण बढ़ गया है और 700 और 900 मामलों के बीच मँडरा रहा है, जबकि जीएचएमसी के तहत आने वाले क्षेत्रों में संक्रमण की दैनिक संख्या 350 और 450 के बीच है। रविवार को, तेलंगाना ने 705 कोविड संक्रमणों की सूचना दी, जिनमें से 355 मामले जीएचएमसी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के हैं।

# ऑपरेशन मुस्कान : बाल श्रम को खत्म करने 67 बाल मजदूरों को बचाया



कोठागुडेम, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बाल श्रम को खत्म करने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन मुस्कान' के आठ चरण के हिस्से के रूप में, जिला पुलिस ने 67 बाल मजदूरों को बचाया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विनीत ने बताया कि बाल श्रम को रोकने के लिए जिले भर में पांच टीमों का गठन किया गया है. 1 जुलाई से 31 जुलाई तक उन स्थानों का निरीक्षण किया गया जहां बाल श्रम की घटनाएं अधिक थीं। उन्होंने सोमवार को यहां जिला पुलिस मुख्यालय में 'ऑपरेशन मुस्कान' टीमों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 55 लड़कों और 12 लड़कियों को बचा लिया गया है और 54 व्यापारियों और व्यापारियों के खिलाफ बच्चों को रोजगार देने के मामले दर्ज किए गए हैं. ऑपरेशन स्माइल और ऑपरेशन मुस्कान जैसे कार्यक्रमों के अलावा, जो बच्चे कम उम्र में स्कूल छोड़ रहे थे और विभिन्न प्रकार के काम कर रहे थे, उनकी पहचान की जानी चाहिए और अन्य विभागों के साथ समन्वय करके उनके बचपन की रक्षा के उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने बाल मजदूरों के माता-पिता को बच्चों के भविष्य की रक्षा के लिए परामर्श देने और उन्हें बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों से पूरी तरह अवगत कराने का सुझाव दिया। डॉ. विनीत ने जनता से कहा कि बाल मजदूर मिलने पर पुलिस को सूचित करें। एसपी ने अतिरिक्त एसपी केआरके प्रसाद की सराहना की, जिन्होंने आठवें चरण के ऑपरेशन मुस्कान के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य किया, इसके प्रभारी निरीक्षक वेंकटेश्वरलु और टीम के सदस्यों ने इसमें भाग लिया।

# सिरसिल्ला में जेडपीटीसी के पूर्व सदस्य की हत्या

सिरिसिल्ला, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जेडपीटीसी के पूर्व सदस्य, मन्ने नरसिम्हुलु (52) की गंभीरावपेट मंडल के कोठापल्ली में हत्या कर दी गई है। कामारेड्डी जिले के डोमकोंडा मंडल के पूर्व जेडपीटीसी नरसिम्हुलु पर रविवार देर रात गंभीरावपेट मंडल के कोठापल्ली के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. हमले में उनके सिर, कान और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। सतर्क परिवार के सदस्यों ने उसे हैदराबाद के यशोदा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसने अंतिम सांस ली। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेलंगाना के सेना जवान की जम्मू-कश्मीर में मौत

कोत्तागुडेम, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। येलेंदू मंडल के सुभाष नगर के एक सेना जवान ललैया (34) की जम्मू-कश्मीर में मौत हो गई है।

सेना के अधिकारियों ने रविवार को परिवार के सदस्यों को फोन कर ललैया के निधन की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई है। मृतक जवान का शव लेने के लिए परिजन हैदराबाद के लिए रवाना हो गए हैं।

# नगर में हुई भारी बारिश, जनजीवन प्रभावित

## रज्यभर में और चार दिनों तक बारिश की चेतावनी



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में अगले चार दिनों तक मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि राजधानी के कई हिस्सों में बारिश होगी। शहर में सोमवार को बारिश हुई और कई इलाकों में बारिश हुई।

दिलचस्प बात यह है कि दिन की शुरुआत भीषण गर्मी के साथ धूप वाले दिन के रूप में हुई। हालांकि, अचानक हुई बारिश ने पूरे शहर में पानी भर दिया, जिससे शहर के विभिन्न हिस्सों में भारी जाम लग गया। प्रसिद्ध खैरताबाद गणेश प्रतिमा पर भारी मात्रा में बारिश का पानी जमा हो गया। जीएचएमसी के कर्मचारी हरकत में आए और जमा पानी को साफ करने का प्रयास किया। शहर के कई हिस्सों में सोमवार को भारी बारिश हुई। सुबह 11 बजे तक मलकाजगिरी में सबसे अधिक 73.8 मिमी बारिश दर्ज की गई, उसके बाद मारेडपल्ली (66.5 मिमी) और उप्पल (55.3 मिमी) में बारिश हुई।

तेलंगाना स्टेट डेवलपमेंट प्लानिंग सोसाइटी (टीएसडीपीएस) ने सोमवार को हैदराबाद में हल्की से मध्यम तीव्रता के साथ गरज के साथ बारिश की भविष्यवाणी की थी। 6-12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलीं। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, हैदराबाद के अधिकांश इलाकों में मंगलवार सुबह 8:30 बजे तक 15 मिमी से कम बारिश होगी। हालांकि, राजेंद्रनगर, फलकनुमा, चारमीनार, मलकपेट, अंबरपेट, सरूरनगर, सिकंदराबाद, उप्पल, एलबी नगर और हयातनगर सहित कुछ इलाकों में मध्यम बारिश हो सकती है।

|| ॐ नमो भगवते वासुदेवाय: ||

हरि ओम ज्योतिष केंद्र

समस्या है तो समाधान भी है

ज्योतिष वेदों का नेत्र है, और वेद भगवान का स्वरूप है।

प्रसिद्ध समाज सेवी



गोपाल बल्दवा-श्रीमती मन्जू बल्दवा

ज्योतिष के माध्यम से सटीक कुण्डली विश्लेषण से हर समस्या का समाधान सम्भव है। ज्योतिषीय समाधान के द्वारा जीवन को सुधारा और सँवारा जा सकता है।

हरि ओम ज्योतिष केन्द्र

समस्या आपकी समाधान हमारे आचार्य पं. प्रमोद जी शास्त्री

9848261917-9491217027

दीपा नर्सिंग होम, एलएमजी स्कूल, के समिप, बेगम बाजार, हैदराबाद

सत्यनारायण गोपाल बल्दवा

ब्रिगेड रोड नं. 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. मोबाइल : 9000366660

GB GOPAL BALDAWA GROUP

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.